लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 03 | मूल्यः ₹ 3.00/- पेज : 12 | गुरुवार | 12 अक्टूबर, 2023

पीएफआई के 12 ठिकानों पर तलाशी, आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते संगठन पर लग चुका बैन

# यूपी-एमपी समेत 6 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

## यूपी के 5 शहरों में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए का एक्शनः कानपुर में डॉक्टर को उठाया, लखनऊ के 3 घरों में छापेमारी, भदोही में मौलाना के घर से दस्तावेज जब्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की टीम ने बुधवार को छह राज्यों यूपी, एमपी, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में छापेमारी की। ये सर्च ऑपरेशन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के 12 ठिकानों पर चल रहा है। पीएफआई को पिछले साल आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते बैन कर दिया गया था। खबरों के मुताबिक, राजस्थान के टोंक, उत्तर प्रदेश में लखनऊ, मध्य प्रदेश के भोपाल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया।



यूपी के लखनऊ में 3 घरों में छापेमारी, गली को सील किया

यूपी के 5 शहरों लखनऊ, बारांबकी, बहराइच सीतापुर और हरदोई छापेमारी की। बताया जा रहा है कि छापेमारी केस नंबर 31/2022 के तहत की गई है। लखनऊ के मदेगंज के बड़ी पकरिया इलाके में सुबह 4 गाड़ियों से एनआईए की टीम पहुंची। पुलिस की टीम भी मौजूद है। अफसर डॉ. शमीम, ख्वाजा समेत 3 घरों में छानबीन कर रहे हैं। गली के दोनों तरफ सील कर दिया गया है।

- **बाराबंकी में गिरफ्तार पीएफआई के सक्रिय सदस्य नदीम के घर पर छापेमारी:** बाराबंकी में कुर्सी थाना क्षेत्र के बोरहार गांव में एनआईए की टीम ने पूर्व में गिरफ्तार पीएफआई के सक्रिय सदस्य नदीम के घर पर छापेमारी की है। हालांकि, टीम छापेमारी के कुछ ही समय बाद लौट गई। इससे पहले एनआईए की टीम ने बोरहार गांव में छापेमारी कर पीएफआई के लिए फंडिंग करने के आरोप में सक्रिय सदस्य नदीम को गिरफ्तार किया था। नदीम की गिरफ्तारी के बाद अहम सुराग जुटाए थे। बुधवार सुबह 5:00 से ही पीएफआई ने बिना स्थानीय पुलिस को सूचना दिए छापेमारी की।
- **कानपुर में डॉ. अबरार को पकड़ा:** कानपुर के मूलगंज इलाके में डॉ. अबरार अहमद को एनआईए एजेंसी ने हिरासत में लिया है। उसको मूलगंज थाने में पूछताछ के लिए लाया गया है। डॉ. अबरार अहमद हीरामनपुरवा के रहने वाला है। वो क्लीनिक चलाता है। एनआईए की टीम करीब 1 घंटे से यहां पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। फिलहाल एनआईए टीम ने कोई बयान नहीं दिया है। ▸ संबंधित खबर पेज 03 पर
- **भदोही में मौलाना के घर से दस्तावेज जब्त:** एनआईए ने टीम ने भदोही में भी छापेमारी की। यहां मामदेवपुर में मौलाना सोयाब के घर से कुछ सिमकॉर्ड व दस्तावेज जब्त किए गए हैं। वहीं, सीतापुर के महमूदाबाद में छापामारी के लिए टीमें मौजूद हैं।

### एमपी में भोपाल के खानू गांव में एनआईए की रेड, संदिग्ध बुजुर्ग से 7 घंटे पूछताछ

- नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने बुधवार सुबह भोपाल के खानू गांव में दबिश दी। यहां से एक बुजुर्ग को हिरासत में लिया। उसका नाम मुश्ताक खान (60) बताया जा रहा है। वह करीब एक साल पहले ही इस इलाके में रहने आया था। जांच एजेंसी को उसके पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) से संपर्क के इनपुट मिले हैं। 7 घंटे की पूछताछ के बाद बुजुर्ग को छोड़ दिया गया। इससे पहले एनआईए ने करीब दो महीने पहले जहांगीराबाद इलाके में छापेमारी की थी।

### राजस्थान में 3 शहरों में एनआईए की रेड, साढ़े तीन घंटे पूछताछ, खंगाले मोबाइल-लैपटॉप

- टोंक शहर में एनआई की टीम ने बड़ा कुआ क्षेत्र में एक मकान पर छापेमारी की कार्रवाई की है। टीम ने संदिग्ध व्यक्ति और उसके परिवार से पूछताछ की है। हालांकि टीम ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। करीब साढ़े तीन घंटे चली कार्रवाई व पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति और उसके परिवार से पूछताछ करके टीम वापस लौट गई है।

### महाराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु में भी रेड

यूपी के अलावा महाराष्ट्र में भी पीएफआई के कई ठिकानों पर पीएफआई के खिलाफ एक्शन ले रही है। दिल्ली के थाना हौज काजी इलाके के बल्ली मारान, राजस्थान के टोंक समेत कई ठिकाने, तमिलनाडु के मदुरै में टीमें मौजूद हैं।

### सरकार ने पीएफआई पर पांच साल का बैन लगाया

केंद्र सरकार ने पिछले साल 27 सितंबर को पीएफआई और उससे जुड़े 8 संगठनों पर पांच साल का बैन लगाया था। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों को बैन करने का नोटिफिकेशन जारी किया था। संगठन के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले। केंद्र सरकार ने यह एक्शन (अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट) यूएपीए के तहत लिया। सरकार ने कहा, पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं।

### 16 साल पहले बना था पीएफआई संगठन

साल 2006 में मनिथा नीति पसाराई और नेशनल डेवलपमेंट फंड नामक संगठन ने मिलकर पॉपुलर फ्रंट इंडिया का गठन किया था। ये संगठन शुरुआत में दक्षिण भारत के राज्यों में ही सक्रिय था, लेकिन अब यूपी-बिहार समेत 23 राज्यों में फैल चुका है।

### पीएफआई की क्रिमिनल और टेरर एक्टिविटी

पीएफआई द्वारा किए गए अपराधों में प्रोफेसर का हाथ काटना, दूसरे धर्मों को मानने वाले लोगों की हत्याएं, बड़ी हस्तियों और जगहों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटक जुटाना और पब्लिक प्रॉपर्टी का नुकसान करना शामिल हैं। संजीत (2012 केरल), वी रामलिंगम (2019 तमिलनाडु), नंदू (2021 केरल), अभिमन्यु (2018 केरल), बिबिन (2017 केरल), शरथ (2017 कर्नाटक), आर रुद्रेश (2016 कर्नाटक), प्रवीण पुयारी (2016 कर्नाटक), शशि कुमार (2016 तमिलनाडु) शामिल रहा।

अखिलेश यादव जेपीएनआईसी का 8 फीट का गेट कूदकर अंदर गए, बोले

# छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं

## रोकने के लिए लगे थे 100 पुलिसकर्मी, गेट पर जड़ा था ताला



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव बुधवार सुबह करीब 11:50 बजे बस से लखनऊ के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर यानी जेपीएनआईसी पहुंचे। यहां 100 से ज्यादा पुलिस फोर्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की। गेट पर ताला लगा दिया था। टिन शेड की दीवार खड़ी की थी। लेकिन, रोक नहीं पाए। अखिलेश करीब 8 फीट ऊंचा गेट फांदकर जेपीएनआईसी के अंदर घुस गए। जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। फिर लौटे और गेट फांदकर ही बाहर निकले। अखिलेश ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। अखिलेश के पीछे-पीछे कुछ सपा नेता भी गेट कूदकर अंदर चले गए। इस दौरान सपा नेताओं की पुलिस से भिड़ंत हो गई। दरअसल, अखिलेश को ऐसा इसलिए करना पड़ा क्योंकि जेपी की जयंती पर उन्हें माल्यार्पण की अनुमति लखनऊ विकास प्राधिकरण ने नहीं दी। 1 दिन पहले ही जेपीएनआईसी के गेट पर एलडीए ने ताला जड़ दिया। गेट फांदकर सपा कार्यकर्ता अंदर न जा पाएं, इसके लिए टिन शेड की दीवार खड़ी कर दी। टिन शेड को सपा नेताओं ने उखाड़ फेंका।

### छह साल से जेपीएनआईसी का निर्माण चल रहा

अखिलेश यादव ने कहा, आप 6 साल से जेपीएनआईसी का निर्माण कर रहे हैं। अब तो आपका ठेकेदार भी आपकी पार्टी में चला गया है। क्या वजह है कि आप काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं? क्या ठेकेदार बीजेपी में नहीं चला गया? ये जनता की सख्ती के आगे सरकार की सख्ती...कभी लोकतंत्र में कामयाब नहीं हो सकती। अगर संविधान और लोकतंत्र नहीं रहेगा, तो हमारी-आपकी आजादी कहां? कम से कम सरकार को ऐसे निर्णय नहीं लेने चाहिए।

### नौटंकी करने गए थे अखिलेश, सत्ता के बिन बेचैन हैं: केशव प्रसाद

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लोकनायक जयप्रकाश की जयंती मनाने का नैतिक अधिकार नहीं है। वो उसी कांग्रेस की गोद में बैठे हैं जिसने देश में आपातकाल थोपकर लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया। जब उन्हें जेपीएनआईसी के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी तो वो वहां क्या करने गए थे? उन्हें नहीं जाना चाहिए था पर वो मीडिया कवरेज चाहते थे इसलिए नौटंकी करने गए थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि अखिलेश यादव सत्ता के बिना बेचैन हो गए हैं। राज्य की सत्ता उनके हाथ से निकल गई है और केंद्र की सत्ता आनी नहीं है। अब सत्ता के लिए लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास करने वाली कांग्रेस की गोद में बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। इसी तरह इस बार भी कांग्रेस को उखाड़कर फेंक देगी। इस तरह की हरकतों से कुछ नहीं होने वाला है।

### अखिलेश बोले, ताला लगाकर आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी

अखिलेश ने कहा, समाजवादियों का म्यूजियम...नेताजी और हम समाजवादियों ने मिलकर इसका उद्घाटन किया था। इसे बनाने का मकसद था कि जयप्रकाश जी के जीवन और उनके संघर्ष के बारे में लोग जानें। मुझे लगता है कि देश को परिवर्तन की जरूरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर जो काम होने चाहिए वो नहीं हो रहे। अखिलेश ने कहा, ये टिनशेड और गेट में ताला लगाकर आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी? करोड़ों रुपए की बनी चीजों को सरकार ने बर्बाद कर दिया। क्या यही छिपाना चाहती थी? अगर समाजवादी लोग जयप्रकाश जी को माला पहनाते हैं तो दिक्कत किसे और क्यों है। ये अधिकारी बताने को तैयार नहीं। अखिलेश ने गेट से कूदते और माल्यार्पण करते की दो तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर कीं। लिखा- जब लोकतंत्र में लोकनायक के माल्यार्पण के लिए बाधाएं खड़ी की जाएं तो लोकतंत्र किस काम का। भाजपा, सपा का रास्ता नहीं रोक सकती। दरअसल, जेपीएनआईसी पर अखिलेश यादव को एलडीए ने माल्यार्पण की अनुमति नहीं दी थी। सपा ने बुधवार सुबह धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।




## यूपी में 'स्वच्छता जनादेश सर्वे-2023' का शुभारंभ, सभी पार्षदों से शमिल होने की अपील

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने 11 से 22 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायतों में चलने वाले 'स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण- 2023' अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पार्षदों से स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल होकर अपने वार्ड की साफ सफाई व व्यवस्थापन की जानकारी देने की अपील की। उन्होंने सभी पार्षदों से आग्रह किया वे अपने वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था का पूर्ववत निरीक्षण भी करें। इस सर्वेक्षण अभियान का उद्देश्य निकायों की समस्याओं का समाधान निकालना भी है। उन्होंने निकाय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अभियान के दौरान सभी वार्ड के पार्षदों से मिलकर उनके वार्ड की समस्याओं, स्वच्छ एवं व्यवस्थापन सम्बंधी जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें। नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वच्छता के लिए विगत डेढ़ वर्षों में अनेक अभियान चलाये हैं। सफाई के लिए अभी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया गया। निकायों की साफ-सफाई के लिए सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान सभी निकायों के पार्षद अपने वार्ड में स्वच्छता से संबंधित सवालों का जवाब देने के साथ ही अपने सुझाव भी देंगे। कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेश को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने की मंशा है, जिसके लिए नगर विकास विभाग लगातार इस दिशा में प्रयास कर रहा है।

## रामलला के पुजारियों के आए अच्छे दिन, सैलरी बढ़ाई गई

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



राम मंदिर निर्माण के साथ ही रामलला के पुजारियों के भी दिन बहुरने लगे हैं। इसी क्रम में रामलला के प्रधान अर्चक सहित अन्य पुजारी के वेतन में वृद्धि कर दी गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रधान पुजारी, सहायक पुजारी, सेवा में लगे कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि कर दी गई है। प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय को धन्यवाद दिया है। बताया गया कि अब प्रधान पुजारी का वेतन 32,900, सहायक पुजारी का 31,900 रुपये वेतन कर दिया गया है। इससे पूर्व प्रधान पुजारी को 25,000 व सहायक पुजारी को 20,000 मिलता था। अन्य पुजारियों व सेवादारों के भी वेतन में वृद्धि की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आश्वस्त किया था कि जल्द ही पुजारियों व कर्मचारियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, इस पर मंथन चल रहा है। पुजारियों को रहने-खाने और चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ आवासीय भत्ता भी दिया जाएगा।

## 382 करोड़ के एनएच घोटाले में दो तत्कालीन एसडीएम पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। अमेठी

लखनऊ-वाराणसी हाईवे (एनएच 56) से जुड़े दो बाईपास के लिए जमीन अधिग्रहण में तीन गुना से अधिक मुआवजा बांटने के मामले में अब शिकंजा कस गया है। 382 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में बुधवार को मुसाफिरखाना के दो तत्कालीन एसडीएम आरडी राम व अशोक कुमार कनौजिया के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। केंद्र सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद वर्ष 2014 में एनएच-56 के चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। निर्माण से पहले एनएचएआई के अनुरोध पर राजस्व विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के अलावा जगदीशपुर व मुसाफिरखाना में कस्बे से बाहर बाईपास का सर्वे किया। सर्वे के बाद अफसरों ने गलत तरीके से कृषि योग्य भूमि का मुआवजा सर्किल रेट का चार गुना निर्धारित करने के बजाय एनएच से सटी जमीन (इसका सर्किल रेट कई गुना अधिक) के बराबर निर्धारित कर दिया। मुआवजा निर्धारण व वितरण में गड़बड़ी सामने आने के बाद डीएम द्वारा इसकी जांच कराई गई तो घोटाला सामने आया। मुसाफिरखाना तहसील में दो बाईपास के लिए अवार्ड व मुआवजा वितरण की कार्रवाई एसडीएम आरडी राम के कार्यकाल में शुरू हुई। आरडी राम 23 फरवरी 2015 से 18 सितंबर 2015 तक मुसाफिरखाना के एसडीएम रहे। इसके बाद 19 सितंबर 2015 को अशोक कुमार कनौजिया की तैनाती हुई और वह 25 मार्च 2016 तक एसडीएम रहे। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी।

### यह है मामला

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-56 लखनऊ-सुलतानपुर मार्ग के किमी. 64.100 से 113.670 तक में प्रथम जगदीशपुर बाईपास किमी. 80.690 से 97.935 तक तथा द्वितीय मुसाफिरखाना बाईपास किमी. 105.530 से 102.035 किमी. 103.885 से 110.165 तक चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित था। नियमानुसार आच्छादित ग्रामों के संबंध में आपत्तियों का निस्तारण करते हुए इनका गजट कराया गया तथा इसमें निजी कृषि भूमिगांव सभा की सरकारी भूमि का अभिनिर्णय घोषित किया गया। तत्कालीन अफसरों ने पूर्व प्रचलित राष्ट्रीय राजमार्ग से दूरस्थ स्थित अधिग्रहीत भूमि के गाटों का प्रतिकर का निर्धारण कपटपूर्ण एवं नियम विरुद्ध रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित भूमि की सर्किल दर के आधार पर कर दिया। इससे सरकार को 382 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## देवरिया सामूहिक हत्याकांड में एक और थानाध्यक्ष निलंबित

जन एक्सप्रेस। देवरिया

देवरिया नरसंहार मामले में कुशीनगर के पर्यटन थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया है। देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर में हुए नरसंहार के लिए उन्हें भी दोषी पाया गया है। कुशीनगर के पर्यटन थानाध्यक्ष जितेंद्र टंडन इससे पहले देवरिया जिले में तैनात थे। दिसंबर 2020 से फरवरी 2021 तक वह रुद्रपुर के कोतवाली प्रभारी रहे। सत्यप्रकाश दुबे ने जनवरी 2021 में आईजीआरएस पर शिकायत की थी। उस मामले में तत्कालीन दरोगा ने गलत रिपोर्ट लगा दी थी। उसे सही मानते हुए तत्कालीन इंस्पेक्टर जितेंद्र टंडन ने गलत रिपोर्ट को सही मानते हुए अपनी मुहर लगा दी थी। निरीक्षक की इस लापरवाही के सामने आने पर एसपी ने उन्हें निलंबित किया है।

**फैसला** अब खून के रिश्तों को छोड़कर किसी भी बाहर के व्यक्तियों को अब सर्किल रेट का सात फीसदी स्टांप शुल्क पावर ऑफ अटार्नी वाली संपत्तियों पर देना ही होगा

# बिल्डर और रियल एस्टेट कारोबारी पर कसी नकेल, यूपी में खत्म हुआ पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी का 'खेल'

- महज 100 रुपये के स्टांप पर पावर ऑफ अटॉर्नी को लेने और फिर उसे बेचने के खेल पर सरकार ने लगा दी रोक
- पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए लाखों करोड़ों कमाने वाले कारोबारी अब नहीं कर सकेंगे मनमानी

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा



लखनऊ। बिल्डर और रियल एस्टेट कारोबारियों का जाल-बट्टा अब उत्तर प्रदेश में नहीं चलेगा। योगी सरकार ने करोड़ों रुपये के स्टांप को महज 100 रुपये के स्टांप पर पावर ऑफ अटार्नी को लेने और फिर उसे बेचने के खेल पर सरकार ने रोक लगा दी है। अब खून के रिश्तों को छोड़कर किसी भी बाहर के व्यक्तियों को अब सर्किल रेट का सात फीसदी स्टांप शुल्क पावर ऑफ अटार्नी वाली संपत्तियों पर देना ही होगा।

### सरकार को हो रहा था राजस्व का भारी नुकसान

बिल्डर और प्रापर्टी डीलर पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी के सहारे विशेषतौर पर करोड़ों के स्टांप शुल्क चुरा रहे हैं। अकेले दो लाख से अधिक पावर आफ अटार्नी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही पकड़े गए हैं जिसकी आड़ में किसानों को धोखे का शिकार होना पड़ रहा है। किसानों को भूमि का तो भुगतान हो रहा है पर रजिस्ट्री न करके पावर ऑफ अटार्नी कर दी गई और फिर बाद में भूमि को टुकड़ों में बेचा गया जिससे तीन गुना मुनाफा हुआ और फिर रजिस्ट्री सीधे किसान से कराई गई। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान और किसानों और शहर के गरीबों का भी भारी नुकसान हो रहा है। पावर ऑफ अटार्नी पर भूमि को बेचने का अधिकार देने से ये भी हो रहा कि उन्हें आयकर की नोटिस भेजी जा रही हैं।

### 5000 रुपये स्टांप शुल्क के साथ इनको है छूट

परिवारिक सदस्यों जैसे कि पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू इसके साथ ही पुत्री, दामाद, भाई, बहन, पौत्र, पौत्री जिसमें बेटे का पुत्र और पुत्री, नाती, नातिन शामिल हैं। इन सभी मुख्तारनामा के माध्यम से संपत्तियां हस्तांतरण हो सकेंगी। 5000 रुपये स्टांप शुल्क देय होगा।

### संपत्ति की देखभाल करने के लिए की गई पावर ऑफ अटार्नी को स्टांप शुल्क में नहीं रखा गया

स्टांप तथा न्यायालय शुल्क पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल के अनुसार संपत्ति की देखभाल करने के लिए की गई पावर ऑफ अटार्नी को स्टांप शुल्क में नहीं रखा गया है। पावर ऑफ अटार्नी के सहारे संपत्तियों को खरीदने बेचने का बड़ा धंधा बड़े शहरों से लेकर गांवों तक चल रहा है।

### रिश्तों के बाहर अगर प्रापर्टी बेचने की पावर ऑफ अटार्नी की गई तो इसको भी रजिस्ट्री के समकक्ष ही माना जाएगा



रवींद्र जायसवाल ने जानकारी दी कि इस खेल को रोकने के लिए खून के रिश्तों के बाहर अगर प्रापर्टी बेचने की पावर ऑफ अटार्नी की गई तो इसको भी रजिस्ट्री के समकक्ष ही मान लिया जाएगा। इस तरह 7 फीसदी स्टांप शुल्क होता है। मुख्तारनाम विलेख पर इसके लिए स्टांप शुल्क की देयता को लेकर भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 में संशोधन को मंजूरी मिली है।

## गवाह को धमका रहा दबंग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कुबेरगंज निवासी शांतनू सिंह उर्फ शैलू सिंह पुत्र अजय सिंह ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि उनके गांव के निवासी रामकृपाल के साथ अशोह गांव के धर्मेन्द्र सिंह ने मारपीट की थी। जिसमें थाने में दर्ज रिपोर्ट में वह हमलावरों के खिलाफ गवाह है। ऐसे में आरोपी हमलावर धर्मेन्द्र सिंह इस मामले में गवाही न देने के लिए दबाव बना रहे हैं। साथ ही झूठी शिकायतें कर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि धर्मेन्द्र सिंह एक भूमाफिया, अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। ऐसे में दोषियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।

## भ्रष्टाचारी पर नहीं हो रही कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के इटवा गांव के धौहाई पुरवा निवासी पत्रकार संजय कुमार पुत्र रामसंवारे ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि कर्वी तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने साक्ष्य समेत शिकायत की है, किन्तु अब तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए भी मामले को उजागर किया है। पत्र में मामले की जांच कराकर भ्रष्टाचारियों में लिप्त कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## हिन्दू सेना के प्रदेश सचिव बने संजय त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश यादव ने चित्रकूट जिले के मानिकपुर निवासी संजय त्रिपाठी पुत्र रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी को सेना का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बबलू यादव की संस्तुति पर संजय कुमार त्रिपाठी का नियुक्ति पत्र जारी करते हुए क्षेत्र में सेना को मजबूत करने की अपेक्षा की। इसी क्रम में नवनियुक्त प्रदेश सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह चित्रकूट जनपद समेत पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में हिन्दू सेना का मजबूत संगठन खड़ा करेंगे।

# डीएम ने किया रूर्बन मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को जनपद में बन रहे रुर्बन मल्टीपरपज कांप्लेक्स (ऑडिटोरियम) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को निर्देशित किये कि लाइट व साउंड अच्छी गुणवत्ता के रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे चार-पांच दिन में तैयार कर टेस्टिंग कराएं। उन्होंने फॉल सीलिंग के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जो स्टेज पर पीछे बोर्ड बनेगा उस पर बॉर्डर भी लगवाए। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को निर्देशित किया कि आप्टर का सैंपल मुख्य विकास अधिकारी को दिखाएं। कार्यदाई संस्था को निर्देशित किए कि मैनपॉवर बढ़ाकर लगातार तेजी से एक माह के अंदर इसे पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि फर्श पर कारपेट भी लगाए। उन्होंने कंट्रोल रूम व किचन रूम का भी निरीक्षण किया। ऐई इलेक्ट्रॉनिक को निर्देशित किय कि जो किचन में केविल जा रही है, उसको अंडरग्राउंड कराएं। उन्होंने कार्यदायी संस्था से कहा कि म्यूजियम के ग्राउंड में जो जमीन खाली है, उसे मिट्टी से भरें। साथ ही कहा कि गेट का मॉडल अच्छा होना चाहिए। म्यूजियम में जो भी समान लगाई जा रही है, वह गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, अपर परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड रामफल आदि मौजूद रहे।

# लिंग आधारित भेदभाव को पूरी तरह से करना होगा समाप्त: पूर्ण कालिक सचिव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उ्राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर बुधवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि हर साल 11 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए उनके हक और अधिकार के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव पूरी तरह से समाप्त करना होगा। जिससे लड़कियों को बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

महिला चिकित्सक सुकृति कुशवाहा ने महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने बताया कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित कानूनों एवं महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए बालिकाओं की शिक्षा बेहद आवश्यक है। वन स्टाफ सेंटर प्रभारी अधीक्षिका अर्चना साहू ने वन स्टाफ सेंटर की उपयोगिता तथा हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी दी।

इस मौके पर प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा, प्रवक्ता विनिता वर्मा, शशिकला, प्रज्ञा पाठक आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती संवर्धन के लिए निकाली जन जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के तत्वाधान में बुन्देलखण्ड में जल, कृषि एवं अजीविका पहल कार्यक्रम के सयुंक्त प्रयास से ग्राम पंचायत गिदुरहा में प्राकृतिक खेती संवर्धन के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को स्लोगन और गीतों के माध्यम से प्रेरित किया।

जागरूकता रैली में चर्चित गीत जागो जागो रे पाठा के किसान की बिरिया आई चेतन की प्रेरणा गीत के साथ महिलाओं ने ग्राम पंचायत के किसानों को प्रेरित करने के लिए गीत गीत गा कर जागरूक किया। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हरी खाद की फसल उगाओ खेतों में जीवाश्म बढाओ और गाय का गोबर खेत में डालो, खेत के अपनी उपज बढ़ा लो के नारों से किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। वर्तमान समय मे संस्थान मानिकपुर ब्लाक के कुल 27 ग्राम पंचायत जल, कृषि, शिक्षा, आजीविका तथा प्राक्रतिक खेती को लेकर किसानो के साथ कार्य कर रहा है।

इस मौके पर गुरुदयाल, सन्तोष कुमार, मनोज कुमार, राजू प्रसाद, रामविलाश, अनीश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सुमनलता ग्राम प्रधान रघुनन्दन, पी.एम.चरन, मोहन, गोला, मैना, करधी, चन्द्रकली आदि मौजूद रहे।

# उद्यमिता विद्यापीठ ने मनाई समग्र क्रांति प्रणेता लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 121वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में समग क्रांति प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 121 वीं जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उद्यमिता विद्यापीठ के संयोजक मनोज सैनी एवं डीआरआई की आयुर्वेद सदन एवं शोधशाला के प्रभारी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया। डीआरआई की शोध शाला के प्रभारी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने कहा कि आज का दिन हमारे देश का ऐतिहासिक दिन है। आज के दिन देश की महान दो विभूतियों का जन्म हुआ है। जिनमें एक लोकनायक जयप्रकाश नारायण जिन्होंने समग्र क्रान्ति का आहवान किया था। देश के प्रजातंत्र को बचाने के लिए उन्होंने जिस तरह युवा तरुणाई को शंखनाद किया था। वह इतिहास के पन्नों में अविस्मरणीय है। नानाजी के अनुसार भी जे.पी. भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक धरोहर के सशक्त प्रहरी थे। आज ऐसे दोनों महापुरुषों का जयंती पर्व है। एक नाम जो किसी के आगे नहीं झुका, वह है लोकनायक जयप्रकाश। आजादी के पहले और बाद जेपी आजीवन भारत को बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए लड़ते रहे। अन्याय के खिलाफ आजाद भारत के सबसे बड़े जनांदोलन के प्रतीक पुरुष रहे। जेपी ने सत्ता की कुर्सी से दूर रहकर भी जो अलख जगाई, वह आज भी इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

उद्यमिता विद्यापीठ के संयोजक मनोज सैनी ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश की जयंती के साथ राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख का भी जन्मदिन है। दोनों महापुरुषों का जीवन और योगदान समाज जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। खादी ग्रामोद्योग आयोग के प्रशिक्षक रामदत्त पांडेय एवं रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि नानाजी का जन्म भी शरद पूर्णिमा के दिन 11 अक्टूबर को हुआ था। नानाजी जेपी के बड़े निकट साथी थे। पटना में लोकनायक जेपी पर प्राणघातक हमला किया गया था। नानाजी ने वो हमला अपने ऊपर ले लिया। इस हमले में नानाजी को काफी चोटें आईं, लेकिन वह जेपी को बचाने में कामयाब रहे।

# अमावस्या के दृष्टिगत भारी वाहनों का हुआ मार्ग परिवर्तित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अश्विन मास की अमावस्या के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किये जाने वाले प्रयासों के क्रम में शहर क्षेत्र एवं निम्नांकित मार्गों पर भारी एवं मध्यम मालवाहनों का प्रवेश एवं परिवहन 13 से 15 अक्टूबर की रात्रि तक पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। इसके लिए भारी एवं मध्यम मालवाहनों के परिवहन के लिये परिवर्तन मार्ग सुनिश्चित किया जाता है। जिसमें प्रयागराज से बांदा व सतना जाने वाले वाहन बोड़ी पोखरी चौराहा से राजापुर होते हुये बांदा की तरफ जायेगें, बोड़ी पोखरी चौराहा से सरैंया मारकुण्डी होते हुये सतना की तरफ जायेगें, राजापुर से आने वाले बड़े वाहन, पहाड़ी से अतर्रा, बांदा की तरफ जायेगें, बांदा से प्रयागराज जाने वाले वाहन अतर्रा से बिसन्डा से पहाडी से राजापुर होकर प्रयागराज की तरफ जायेगें, सतना से प्रयागराज व कौशाम्बी जाने वाले वाहन बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चौराहा से प्रयागराज की तरफ जायेगें, बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चौराहा से राजापुर होते हुये कौशाम्बी की तरफ जायेगें।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना सं० | 1113– वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 10.10.2023 |
| 2. | कार्य का नाम | अयोध्या स्टेशन पर नजूल भूमि के क्षेत्र सहित मौजूदा स्टेशन भवन और परिसंचारी क्षेत्र में सुधार और अतिरिक्त भीड़ की पूर्ति करने के लिए टिकट काउंटर, स्टेशन आगमन और यातायात परिसंचरण के लिए अस्थायी बैरिकेडिंग में सुधार और क्षमता वृद्धि के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 49,07,881.46/- (उनचास लाख सात हजार आठ सौ इक्यासी रुपये एवं छियालीस पैसा मात्र) |
| 4. | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु.98,200/- (अट्ठानवे हजार दो सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व् समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 06.11.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 10. | योग्यता मानदंड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हों। |
| 10.a | तकनिकी योग्यता मानदंड | निविदाकर्ता के पास किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेंस के सभी विवरण संलग्न करे |

सूचना सं0–1113–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 10.10.2023 3148/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# लूट व चोरी के सामान सहित अंतर्जनपदीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



सुल्तानपुर घोष पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान देवारा मोड़ के निकट से बाइक सवार चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। यह सभी बदमाश अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्य हैं जो लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी का एक ई-रिक्शा, पांच बाइक, पांच बैटरा के अलावा तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। पकड़े गये सभी अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत् कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। जब पुलिस टीम देवारा मोड़ के निकट पहुंची तो संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। इसी बीच दो बाइकों पर सवार पांच लोग आये और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे।

पुलिस टीम ने घेराबंदी करके चारों लोगों को दबोच लिया। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपने नाम शाहिद अब्बास पुत्र महबूब अब्बास, कर्रार हैदर पुत्र तफज्जुल मेहंदी निवासीगण चकनगर द्वितीय थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी, आकाश यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी अंबाईपुर थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी व मो0 जमर पुत्र मो. रहमान निवासी मोहम्मदपुर गौती थाना सुल्तानपुर घोष बताया। जबकि एक बदमाश आसिफ पुत्र हसीन खान निवासी गिरधरपुर गढी थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी भाग जाने में सफल रहा। तलाशी लेने पर अभियुक्त शाहिद अब्बास के पास से एक तमंचा व एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्तगणों के पास दोनो मोटरसाइकिलो के बावत पूछताछ पर चोरी की होना स्वीकार किया।

निशादेही पर लूट एवं चोरी की तीन अन्य मोटरसाइकिल, पांच बैटरा, एक ई-रिक्शा भी बरामद किया। ई-रिक्शा के सम्बन्ध में थाना खागा पर लूट व बैटरा के संबंध में थाना सुल्तानपुर घोष पर चोरी के अलावा मोटरसाइकिलो के संबंध में खागा, बकेवर व सुल्तानपुर घोष थाने पर चोरी के अभियोग पंजीकृत हैं। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव आदि रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जनपद स्तरीय मिलेट्स रोड शो को केन्द्रीय मंत्री ने दिखाई झण्डी

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम मे पौष्टिक अनाज की खेती प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम को संचालित किया गया है। जनपद में मोटे अनाज यथा रागी, सावाँ, कोदो, संकर ज्वार एवं बाजरा का बोये जाने वाले क्षेत्रफल व उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने हेतु मिलेट्स-श्री अन्न जनपद स्तरीय जागरूकता रोड शो का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से सांसद, केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिलेट्स-श्री अन्न जागरूकता रोड शो रैली के प्रतिभागियों द्वारा कलेक्ट्रेट से होते हुए वर्मा चौराहा से बसस्टाप होते हुए तहसील परिसर तक पहुँचे तथा रूट-2 के प्रतिभागियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से वर्मा चौराहा होते हुए लोधीगंज वाया तहसील परिसर खागा तक एवं रूट-3 के प्रतिभागियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए जिलाधिकारी आवास, वी0आई0पी0 रोड होते हुए नऊवाबाग से तहसील परिसर बिन्दकी तक मिलेट्स रोड शो का आयोजन कर कृषकों एवं जनमानस को मोटे अनाज बोये जाने एवं उसके प्रयोग के लाभ हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण, समस्त विभागीय कर्मचारी एवं भारी संख्या में कृषक बन्धुओं द्वारा जनपद स्तरीय मिलेट्स जागरूकता रोड शो में प्रतिभाग किया गया।

### शारीरिक स्वस्थ रहने के लिए मानसिक स्वस्थ रहना आवश्यक: सी.इन्दुमती

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। खागा विधायक कृष्णा पासवान, जिलाधिकारी सी. इंदुमती, अपर जनपद न्यायाधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नित्या पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर, दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती जी के चित्र पर मल्यार्पण कर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम मूक बाधिर छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुति किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खागा विधायक कृष्णा पासवान ने कार्यक्रम पर रोशनी डाली। जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस को एक महत्वपूर्ण दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। हमारी जिन्दगी भागदौड़ भरी है जिससे कि तनाव बढ़ता-घटता है। यदि मानसिक रूप से आप स्वास्थ्य नही है तो शारीरिक रूप से आप स्वस्थ नही है। अपर जनपद न्यायाधीश-सचिव नित्या पाण्डेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मानसिक रोग विशेषज्ञ रिंकी लकड़ा ने मानसिक रोगों एवं उनके बचाव के साथ-साथ जीवन यापन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सीडीओ सूरज पटेल ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जो संदेश दिया गया है वह जन जन तक पहुंचाया जाय। अतिथियों व अधिकारियों ने सराहनीय कार्य करने वाली तीस आशा कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही 20 दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. इश्तियाक अहमद, सीएमएस महिला डा. रेखारानी, सीएमएस पुरुष पीके सिंह, डीपीएम लाल चन्द्र गौतम, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा, आशा कार्यकत्री सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा के जन्म दिन पर उन्हें बधाई दी हैं। कुलपति को प्राप्त बधाई संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी प्रसन्नता और सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी है। कुलपति प्रो भरत मिश्रा के जन्म दिवस पर ग्रामोदय परिवार के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने उनके कार्यालय पहुंच कर उन्हे जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. जय प्रकाश शुक्ल ने बताया कि कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने अपने कार्य का प्रारंभ भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख के प्रवास स्थल सियाराम कुटीर जाकर नाना जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रो. मिश्रा ने नाना जी देशमुख से उनके जीवन काल में मिलने वाले सतत मार्गदर्शन को स्मरण करते हुए कहा कि नाना जी के ग्रामोदय संकल्प को पूरा करने की दिशा में वे कृत संकल्पित है।

### स्वाभिमान के लिए संविधान के रास्ते गौरव संवाद करेगी कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया की उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के अध्यक्ष अजय राय ने काशीराम के पुण्यतिथि के दिन कौंग्रेस कार्यालय से दलित अधिकार मांग पत्र जारी कर बताया कि पूरे प्रदेश में कौंग्रेस पार्टी दलित गौरव संवाद करेगी। इसी क्रम में आज से जिला कौंग्रेस समिति चित्रकूट 26 नवंबर तक स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते गौरव संवाद पूरे जनपद में करेगी। इस दौरान दोनों विधानसभा में रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, समाजसेवी, दलित चिंतकों चिंतकों से मिलकर उनसे संवाद करके दलित अधिकार मांग पत्र भरवाने का काम करेगी। समस्त जिला कौंग्रेस समिति के पदाधिकारी, सभी फ्रंटल अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी एवं ब्लॉक अध्यक्षों को जिम्मेदारी देकर दलित अधिकार मांग पत्र भरवाने की जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही चौपाल आयोजित की जाएगी। कौंग्रेस पार्टी ने हमेशा से देश के संविधान और दलितों के स्वाभिमान की रक्षा की है और इसके लिए संकल्पित है।

### ज्ञान, शक्ति व समानता बालिकाओं के अधिकार: प्रदीप बर्मन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** स्वयं सेवी संस्था मोबियस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा जनपद व सतना के सभी विकास खण्डों में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में ज्ञान कन्या शक्ति परियोजना के अंतर्गत संचलित संवादात्मक कक्षाओं में वर्चुअल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन प्रदीप बर्मन ने सभी बालिकाओं को शुभकामनाएं देकर किया। उन्होंने कहा कि बालिका दिवस का सही मायने में अर्थ तभी होगा जब हर स्तर पर बालिकाओं को शिक्षा, शक्ति, स्वास्थ्य व स्वतन्त्रता के साथ जीने का हक मिले। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने कहा कि इस तरह की कक्षाओं के माध्यम से अपनी दैनिक पढ़ाई के साथ नया करने की क्षमता का विकास होगा जोकि आपके शैक्षिक जीवन के लिए वरदान साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन पूनम परिहार व जेशिका गिल ने किया।


## कार्यालय: ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक: 11-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 17.10.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18.10.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 12.10.2023 से दिनांक 17.10.2023 को अपराहन 3.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़ से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामपुर कल्याणगढ़ | SBM | ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़ में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: आनन्द कुमार**
ग्राम पंचायत: रामपुर कल्याणगढ़
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: बालगोविन्द**
ग्राम पंचायत: रामपुर कल्याणगढ़
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट



## कार्यालय: ग्राम पंचायत सकरौहां, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक: 11-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत सकरौहां, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 17.10.2023 को अपराहन 4:30 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18.10.2023 को अपरान्ह 2:30 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 12.10.2023 से दिनांक 17.10.2023 को अपराहन 3.30 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सकरौहां से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सकरौहां | SBM | ग्राम पंचायत सकरौहां में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: राजकुमार**
ग्राम पंचायत: सकरौहां
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: जगदीश पटेल**
ग्राम पंचायत: सकरौहां
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+2.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 21.4 (-1.9)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 76 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 37 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## पीएफआई कनेक्शन जांचने आई एनआईए के छापे से हड़कंप

# डी टू गैंग का सबलू बदमाश हुआ जेल से रिहा

* सबलू बदमाश विधायक इरफान सोलंकी और हाजी वसी का है ख़ास गुर्गा

**जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर**



सबलू बदमाश



**कानपुर नगर।** शहर में बीती तीन जून 2022 को घटित हुई कानपुर हिंसा में मुख्य आरोपियों हाजी वासी मुख्तार बाबा के निर्देश पर दंगा कराने का प्रयास करवाने वाला और सपा विधायक इरफान सोलंकी के द्वारा अंजाम दिए गए अग्निकांड में शामिल नामित आरोपी डी टू गैंग का शातिर बदमाश एजाजुद्दीन ऊर्फ सबलू बदमाश ज़मानत मिलने के बाद कानपुर जेल से रिहा हो चुका है। ज्ञातव्य हो कि बीती 3 जून 2022 को थाना बेकनगंज क्षेत्र में घटित हुई सांप्रदायिक हिंसा (कानपुर हिंसा) के मास्टरमाइंडो हाजी वसी और मुख्तार बाबा जैसे शहर को बर्बाद करने का नापाक इरादा रखने वालों समेत लगभग पांच दर्जन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक हाजी वसी और मुख्तार बाबा जैसे लोगों ने इस कांड को कराने के लिए डी टू गैंग के बदमाशों का सहयोग लिया था। जिसमें मुख्यता सहयोग एजाजुद्दीन उर्फ सबलू बदमाश का लिया गया था। हाजीवसी और मुख्तार जैसे लोग तो जेल चले गए लेकिन कुछ भ्रष्ट खाकी धारियों के संरक्षण में रहने के कारण सबलू बदमाश गिरफ्तार नहीं हुआ। इसी बीच सबलू बदमाश ने सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भू माफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य के साथ मिलकर थाना जाजमऊ क्षेत्र में रहने वाली नजीर फातिमा का झोपड़ा जलाने में सभी की खूब मदद की, विधायक और सभी पर मुकदमा दर्ज होने के बाद जब पुलिस जांच आगे बढ़ी तो सबलू बदमाश को भी इस अग्निकांड में शामिल पाया गया। लगातार सबलू बदमाश फरार चला रहा लेकिन जब घर को कुर्क होने की बारी आई तो उसने कानपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कानपुर की जिला अदालत में इस सबलू बदमाश की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी जिसके बाद इसने हाई कोर्ट इलाहाबाद का दरवाजा खटखटाया था । हाल ही में न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की कोर्ट ने इस सबलू बदमाश की जमानत याचिका को मंजूरी दे दी थी। मिली जानकारी के अनुसार जमानत प्रार्थना पत्रों का सत्यापन होने के बाद बीती 7 अक्टूबर को सबलू बदमाश जेल से रिहा हो चुका है।

### अज्जन बिल्डर भी जमानत पर हुआ रिहा

आपको बताते चलें कि सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य के साथ-साथ उसके पूर्व में करीबी रहे चर्चित बिल्डर हाजी अज्जन को भी पुलिस ने अग्निकांड मामले में आरोपी बनाया था। अभी हाल ही में सबलू बदमाश से पहले यह चर्चित बिल्डर जमानत पर रिहा होकर के बाहर आ चुका है।

### शहर में एनआईए का छापा, हड़कंप

बीते दिन बुधवार को शहर में अचानक से थाना मूलगंज क्षेत्र में रहने वाले एक डॉक्टर को एनआईए की टीम ने उसके परिवार समेत पूछताछ के लिए उठाया तो हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार डॉ. अबरार समेत उनके परिजनों ने दिल्ली के एक मामले पूछताछ के लिए उठाया था। एनआईए की टीम उसे थाना मूलगंज लेकर आई और घंटो पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। डॉ. अबरार के साथ-साथ जो अन्य भी पूछताछ के लिए ले लाय गए थे उन्हें भी छोड़ दिया गया है। सूत्रों की माने तो एनआईए टीम को शक था कि डॉक्टर अबरार समेत अन्य के पीएफआई से तार जुड़े हुए हैं।



## श्री राम कथा में आठवें दिन भक्तों ने जाना कैसे हुआ था सीता हरण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर नगर। शहर में बुधवार को बीते दिन से लगातार हो रहे राम कथा के आठवें दिन राम कथा में माता सीता को रावण ने कैसे छल से हरण किया और लंका ले गया उसका सम्पूर्ण वृत्तांत भक्तों को सुनाया गया। संत श्री चरण दास जी महाराज द्वारा माता सीता हरण की कथा का वर्णन करते हुए व्यास जी ने कहा की माता सीता को जंगल में कुटिया से एक स्वर्ण हिरण दिखाई दिया तो वहीं प्रभु श्री राम से माता ने कहा कि यह स्वर्ण हिरण मुझे चाहिए जिसके लिए भगवान राम सीता जी का यह प्रेम पूर्ण आग्रह मन नहीं कर पाए और छोटे भाई लक्ष्मण जी को सीता जी की सुरक्षा का ध्यान रखने का उत्तरदायित्व सौंप कर उस स्वर्णमृग को पकड़ने के लिए अपने धनुष बाण के साथ वन की ओर चले। वही काफी देर बीतने के बाद भी जब भगवान रामचंद्र जी नहीं आए तो लक्ष्मण माता सीता को एक लक्ष्मण रेखा खींचकर प्रभु श्री राम की खोज में निकल पड़े वही राम और लक्ष्मण की अनुपस्थिति में रावण सीता का अपहरण कर लंका ले गया ।अपहरण के बाद आकाश मार्ग से जाते समय पक्षीराज जटायु के रोकने पर रावण ने उनके पंख काट दिए। रावण ने सीता को लंका नगरी की अशोक वाटिका में रखा वही दोनों भाई राम लक्ष्मण अपने सीता की खोजते समय श्री राम जी के भक्त सवरी से मुलाकात हुई। श्री चरण दास महाराज ने सवरी के भाव को वर्णन किया श्रोता कथा को भाव विभोर होकर सुनते रहे वही गुप्ता नंद महाराज जी द्वारा कई भजन सुनाए गए जिसमें मुख्य रूप से रहे मनोज गुप्ता उर्फ सोनू भैया,शारदा गुप्ता, डॉक्टर अजीत, अमित गुप्ता, वीरेंद्र कुमार ,राजन पंडित आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### घटना के 12 घंटे पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी रील

मृतक राहुल ने घटना के 12 घंटे पहले एक युवक के साथ इंस्टाग्राम पर रील पोस्ट की थी। रील में राहुल सोफे पर लेटा है और एक युवक सेल्फी ले रहा है ।जिसमे युवक के अपना नाम भी लिखा है। वही परिजनों का शक इस युवक पर भी है।

थाना कल्याणपुर क्षेत्र स्थित आईआईटी गेट के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी । घायल युवक को इलाज इलाज के लिए हैलट अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गई है। व इस मामले में पारिवारिक जनों युवक की हत्या की आशंका जताई है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर निवासी कृष्ण कुमार ने बताया वो उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में कर्मचारी हैं। बेटा राहुल (24) इलेक्ट्रिशियन का काम करता था । राहुल रविवार शाम सात बजे दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए घर से निकला था। उसके बाद घर वापस नहीं आया सोमवार सुबह छह बजे पुलिस ने फोन कर बताया कि राहुल का आईआईटी गेट के सामने एक्सीडेंट हो गया है।इलाज के लिए हैलेट अस्पताल भेजा गया है। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बड़े भाई दीपक ने बताया रविवार देर राहुल से आखिरी बार बात हुई थी। उसने कहा था सुबह घर आऊँगा। राहुल दो भाई एक बहनों में सबसे छोटा था। वहीं राहुल के चेहरे पर गहरी चोट के निशान देखकर परिजन हत्या की आशंका भी जाता रहे। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ का प्रयास सफल, टार्च सेल भत्ता हुआ दोगुना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ का प्रयास था कि सभी रनिंग रेल कर्मचारियों का टार्च सेल भत्ता बढ़ाया जाए इसके लिए काफी समय से प्रयास किया जा रहा था। सर्वप्रथम 12 मार्च 2022 एवं 16 अगस्त 2022 को पत्र लिखकर लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को टॉर्च सेल भत्ता बढ़ोतरी की मांग की गई थी। समय समय पर महाप्रबंधक को विजीट के दौरान भी ज्ञापन स्वरूप इस विषय को प्राथमिकता के साथ रखा गया। जिसके फलस्वरूप वर्तमान में ट्रेन मैनेजर का टॉर्च सेल भत्ता दोगुना कर दिया गया है। अब उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री हेमंत विश्वकर्मा ने कहा है कि ट्रेन मैनेजर को भत्ते में बढ़ोतरी से लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट के लिए भी बढोतरी का रास्ता खुल गया है जिसे जल्द से जल्द लागू करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस बढोतरी का लाभ उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों प्रयागराज, आगरा, झांसी के सभी ट्रेन मैनेजरों को मिलेगा।

### कार की टक्कर से रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर के फीलखाना थाना क्षेत्र में बेकाबू कार की टक्कर से बुधवार को एक रिक्शा चालक की मौत हो गई। कार चालक उसे हैटल अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस कार को कब्जे में ले लिया है। फीलखाना प्रभारी निरीक्षक एस.के. सिंह ने बताया कि बलरामपुर जनपद के अतरौलिया निवासी शिवराम यादव उम्र लगभग 55 वर्ष कानपुर में रहकर रिक्शा चलाकर किसी तरह परिवार का भरण—पोषण करता था। बुधवार को रिक्शा से फीलखाना क्षेत्र में सवारी लेने के लिए जा रहा था,इसी दौरान एक बेकाबू कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय मौजूद लोगों ने कार में बैठे लोगों को उपचार कराने के लिए दबाव बनाया तो उसे तत्काल हैलट अस्पताल गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत बताया।



## ट्रायल के पहले दिन तीन घंटे के लिए हटा वन वे, मिली राहत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर क्रॉसिंग पर वन-वे को लेकर व्यापारियों की चली आ रही मांग के बाद डीसीपी पश्चिम के आदेश के बाद बुधवार से तीन दिन के लिए ट्रायल के रूप में वन-वे हटा दिया गया है। ट्रायल के पहले दिन 3 घंटों तक काफी राहत रही और जाम नहीं लगा। गुरुवार दोपहर से इसे फिर तीन घंटे के लिये हटाया जाएगा। बताते चलें कि कल्याणपुर क्रॉसिंग पर वन-वे की वजह से व्यापार चौपट होने की बात कहते हुए व्यापारियों ने इसे खत्म कर विरोध जताते हुए मंगलवार को बंदी की थी। जिसके बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने दोपहर 12 से तीन बजे तक अस्थाई रूप से तीन दिन के लिए ट्रायल के रूप में वनवे को हटाने का आदेश दिया था। बुधवार को दोपहर एक बजे एडीसीपी पश्चिम लखन सिंह यादव, एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडेय और यातायात विभाग की टीम क्रेन के साथ पहुंची और ट्रायल के पहले दिन सीमेंटेड बैरीकेडिंग हटाते हुए वन वे को खोल दिया गया। जिसके चलते कल्याणपुर क्रॉसिंग पर दोनों तरफ से आवागमन प्रचार रूप से एक बार फिर 3 घंटे के लिए शुरू हो गया। शाम चार बजे के बाद दोबारा वन-वे को क्रेन से सीमेंटेड बैरियर लगाकर बंद कर दिया गया। इस दौरान एल एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडेय ने व्यापारियों से कहा कि वह अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण न लगने दे। अगर दुकानों के सामने अतिक्रमण हुआ और इससे जाम लगा तो तीन दिन के बाद वन-वे व्यवस्था दोबारा चालू कर दी जाएगी।

## घर में प्रवेश न मिलने पर विवाहिता ने काटा हंगामा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

* मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी महिला का क्रोध शांत नही हुआ
* पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर आई

रावतपुर थाना क्षेत्र स्थित अपनी ससुराल जब विवाहिता अपने बेटे के साथ ससुराल पहुंची और ससुराल के धर में घुसने की कोशिश की तो ससुरालीजनों ने घर में घुसने नहीं दिया जिसके बाद विवाहिता ने गेट के बाहर जमकर बवाल काटा। वहीं मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी महिला का क्रोध शांत नही हुआ। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर आई तो महिला ने थाने में भी हंगामा किया। थाना नजीराबाद नेहरू नगर निवासी विवाहिता पायल ने बताया कि उसकी शादी 2016 में रावतपुर गांव निवासी कृष्ण गोपाल से हुई थी। उसका पांच साल का बेटा वीर है। ससुरालीजनों ने मारपीट कर गर्भा अवस्था के दौरान उसे ससुराल से निकल दिया था। जिसके बाद से वह मायके में रहने लगी। उसका कोर्ट ने पति से गुजारा भत्ता का विवाद विचाराधीन है। वह पति के साथ रहना चाहती है लेकिन सास ससुर रहने नहीं से रहे हैं जिस कारण उसके बच्चे की परवरिश में दिक्कत आ रही है। ससुराली जनों का कहना है कि बहु से कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। बहु जबरदस्ती घर में घुसना चाहती है। आज बहु घर आई और बवाल करने लगी। वहीं पुलिस महिला को समझाने का प्रयास करती रही।

## दो दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं ए.एस.जी.आई. हॉस्पिटल के तत्वावधान मे विश्वविद्यालय स्थित मानव चिकित्सालय में बुधवार को शुरू हुए दो दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.के. सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है आंखों की बीमारी से बचने के लिए विटामिन ए व सी से भरपूर भोजन लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर पर काम करते समय निरंतरता से बचने के साथ आंखों में कुछ पड़ने पर उन्हें रगड़ने की जगह पानी से धोना चाहिए। शिविर मे छात्र छात्राओ एवं संकाय सदस्यों सहित 200 से अधिक लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया।
इस अवसर पर डॉ.पी.के.उपाध्याय, डॉ.सी.एल.मौर्य, डॉ.राम बटुक सिंह, डॉ.पी.के.राठी सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

## भारत की गणितीय विरासत पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के गणित विभाग, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज द्वारा प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. हरीश-चंद्र के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर बुधवार को भारत की गणितीय विरासत पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के पद्मश्री प्रो.मणींद्र अग्रवाल ने प्रतिभागियों को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जुनून और समझ के साथ गणित सीखने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो.सी.एस.अरविंदा ने प्रो.हरीश चंद्र के जीवन की समग्र यात्रा और जीवन के विभिन्न पहलुओं के माध्यम से उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में बताया। प्रो.टी.एन.त्रिवेदी ने छात्रों को प्रो.हरीश चंद्र द्वारा लिखे गए शोध पत्रों और पुस्तकों को पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित किया। प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने सभी विषयों के पाठ्यक्रम में गणित को एक अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में शुरू करने पर जोर दिया। इस कार्यशाला में विभिन्न प्रतिष्ठित कॉलेजों के 300 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने पंजीकरण कराकर भाग लिया। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव और यूआईईटी निदेशक डॉ. बृष्टि मित्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## उत्तरीपुरा ढाबे पर 33 मिनट खड़ी रही रोडवेज बस यात्रियों ने हंगामा काटा तो चली

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**




बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सरकारी अर्द्ध सरकारी बसों का जमावडा लगा रहता है लेकिन समय से बसें न आती हैं और ना समय पर गंतव्य स्थान को पहुंचाती हैं रास्ते में पडने वाले ढाबा पर खड़ी करके चालक और परिचालक गाड़ी होटल पर लगाकर चाय नाश्ता करने लगते हैं या फिर खाना खाने लगते हैं जब यात्री बहुत कुछ झगडते कर कहते हैं कि हाईवे बनने से क्या फायदा हुआ जो तुम घंटों उत्तरी में बस खड़ी कर देते हो तो वह लालटेन हो जाते हैं और झगड़ा होते-होते बचता है इसी कड़ी में बुधवार बस संख्या यूपी 30 सीटी 6970 हरदोई डिपो की बस कानपुर से कन्नौज होते हुए हरदोई जाना उस पर लिखा था रावतपुर से यात्री टिकट संख्या एचडीडी 200010576 रू67 रुपए का टिकट लेकर बैठ जाता है कि अभी घंटे भर में बिल्हौर पहुंच जाएंगे लेकिन बस 12ः50 पर उतरी बंबा पर स्थित बाजपेई मिष्ठान भंडार पर रुक जाती है चालक और परिचालक आराम से उतरकर होटल में बैठकर अपने साथ ले टिफिन खोलकर परिचालक व चालक खाने पीने लगते हैं यात्री भी लघुशंका आदि करने के बाद चाय समोसा खाने पीने लगे वहीं पर समोसा की मांग बढ़ते देख हलवाई ने समोसा और बनाना शुरू किया तब तक बस वहीं पर खड़ी रही लगभग 33 मिनट तक बस वहां पर खड़ी रही 1:23 बजे पर बस वहां से रवाना हुई जब कई यात्रियों ने उल्टा सीधा परिचालक को बोलना शुरू किया की इतनी दूर से आए हैं जल्दबाजी के चक्कर में कानपुर से बिल्हौर में सिर्फ छोटी गाड़ियां 50 ही लेती हैं तुम लोग रुपया 67 लेते हो फिर भी रास्ते में समय ज्यादा लगते हो।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का शव पंखे के कुंडे से लटका मिला

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** साढ़ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग का शव छत के पंखे के कुंडे में लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया।
जानकारी के अनुसार बताया गया कि साढ़ थाना क्षेत्र के गांव बरईगढ़ निवासी विनोद चौरसिया 55 वर्ष अपने मकान के दूसरी मंजिल के कमरे में प्रतिदिन की तरह सोने के लिए गए तभी सुबह काफी देर तक न जागने पर तभी छोटे भाई अजय की पत्नी ने कमरे में जाकर देखा तो वृद्ध का शव पंखे के कुंडे से लटका देख परिवार में कोहराम मच गया इस घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को को दिया पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल करने पर फोरेंसिक टीम को सूचना दी गई फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवा कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा साढ़ थाना प्रभारी सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## मानक विहीन बिल्डिंग में चल रहा जे के केयर हॉस्पिटल

* स्वास्थ्य विभाग ने कई बार दिया नोटिस, नहीं की कोई भी ठोस कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/सनी राव मोघे**







कानपुर नगर। जे के केयर हॉस्पिटल की बिल्डिंग देखकर धोखा मत खाईयेगा। यह बिल्डिंग पूरी तरीके से अवैध है। हॉस्पिटल के संचालक मानकों को ताक पर रखकर हॉस्पिटल का संचालन कर रहे हैं। हॉस्पिटल को कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा नोटिस भी दिया जा चुका है। इसके बाद भी हॉस्पिटल के संचालक अपने पुराने ढर्रे पर कायम है।
आपको बताते चलें कि कल्याणपुर क्षेत्र में 300 से अधिक मानक विहीन हॉस्पिटल संचालित है। जिसमें जे के केयर हॉस्पिटल का नाम शुमार है। हॉस्पिटल मानक विहीन बिल्डिंग में चल रहा है। हॉस्पिटल का ना तो रेनुवल हुआ है और ना ही हॉस्पिटल के पास फायर एनओसी ही है। मजे की बात तो यह है की अस्पताल में एक भी ड्यूटी डॉक्टर नहीं है। अस्पताल की इमारत बिना सेटबैक के बनाई गई है। ज्ञातव्य हो कि जन एक्सप्रेस समाचार पत्र बीते काफी समय से लगातार शहर के मानक बिहीन हॉस्पिटलों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। इस मुहिम का ही नतीजा है कि अभी तक शहर में बड़े अस्पतालों को छोड़कर किसी का भी लाइसेंस रेनुवल नहीं हुआ है।

### कल्याणपुर की यह है हॉस्पिटल जिनको मिल चुका है नोटिस

न्यू नीलम सरोज हॉस्पिटल, मर्सी हॉस्पिटल, कुणाल हॉस्पिटल, जेएस हॉस्पिटल, मोहित मेडिकल सेंटर, गोल्ड हॉस्पिटल, इंद्रानी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, साक्षी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, सारांश हॉस्पिटल, न्यू अभिनव हॉस्पिटल, रोहित राज मेडिकल एवं सर्जिकल सेंटर, वैभव हॉस्पिटल, मां वैष्णो हॉस्पिटल।

# सीडीओ की गाड़ी तक पहुंचे छुट्टा मवेशी, बढ़ी तादाद दे रही दुर्घटना के संकेत

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

शहर की सड़कों पर सांड व आवारा पशुओं का आतंक है। हर गली, मोहल्ले और चौराहे पर बड़ी संख्या में आवारा पशु देखे जा रहे। अब तो नौबत ये है कि जिले के अधिकारियों की गाड़ी के पास भी ये दिखने लगे हैं। लेकिन यहां दुर्गापूजा का पर्व आरंभ होने वाला है। ऐसे में इनका इस तरह खुलेआम घूमना बड़ी दुर्घटना के संकेत दे रहा है। शहर में इन दिनों दुर्गा पूजा पर्व को लेकर पंडाल तैयार हो रहे हैं। चौक, ठठेरी बाजार, शाहगंज चौराहा, रुद्रनगर, गभड़िया, राहुल चौराहा आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में पंडाल बन रहे हैं। इन पंडालों से अधिक संख्या में आवारा पशु व सांड सड़क की सड़कों पर टहल रहे हैं। ऐसे में हर किसी को डर है कि कही त्योहार के दौरान ये जानवर रंग में भंग ना पैदा करें। मंगलवार रात डीएम कृतिका ज्योत्सना, सीडीओ अंकुर कौशिक, एसपी सोमेन बर्मा दल-बल के साथ दुर्गापूजा की तैयारियों को देखने निकले। इन अधिकारियों के साथ समिति के सदस्य भी मौजूद थे। सबने अपनी निगाहों से शहर भर में व पंडालों के आसपास छुट्टा जानवरों को बड़ी संख्या में देखा। एक स्थान पर तो सीडीओ की गाड़ी के पास ही जानवर खड़े पाए गए। वैसे ये बदहाल स्थिति केवल शहर में ही नहीं है ग्रामीण अंचल में भी कमोबेश स्थिति ऐसी ही या इससे बदतर है। टांडा-बांदा हाइवे पर धम्मौर थाना अंतर्गत महेशरगंज की भी ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं। जहां आवारा पशु बड़ी तादाद में सड़कों पर हैं। ऐसे में कब बड़ा हादसा अंजाम पा जाए ये अनहोनी बनी हुई है।



### तत्कालीन डीएम के कार्यकाल में संसाधन के लिए आया था फंड

लेकिन जिम्मेदार सरकारी गौशाला में इन जानवरों को कैद नहीं कर पा रहे हैं। ये आलम भी तब है जब तत्कालीन डीएम रवीश कुमार के कार्यकाल में ही इन जानवरों को पकड़े जाने के लिए काऊ क्रैचर का फंड आया था। इस फंड से मशीने आई भी पर वो हैं कहा और उसको चलाने वाले कहां हैं उनका पता नहीं है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा में शामिल हुए राज्यमंत्री




जन एक्सप्रेस। अमेठी

बुधवार को सूबे के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मेरी माटी मेरा देश के तहत अमृत कलश यात्रा व तिरंगा यात्रा में शामिल होकर ब्लॉक कर्मियो के साथ विभिन्न क्षेत्रों के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ कस्बा भ्रमण करते हुए मिट्टी को अमृत कलश में एकत्रित किया। इस दौरान लोग ने भारत माता की जय उद्घोष के साथ वीर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने पंच प्रण की लोगों को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया है। आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। जो हम सभी के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री ने नए भारत की 140 करोड़ आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्य योजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। राज्यमंत्री ने कहा कि सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के लिए जो कार्यक्रम आयोजित है।

### ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर अमृत कलश में एकत्रित की गई मिट्टी

उसी की श्रृंखला में विरासत के सम्मान वाले **माटी को नमन वीरों को वंदन** कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए गांव गांव भ्रमण और यात्रा कर अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की जा रही। प्रदेश भर से अमृत कलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। जहां आजादी के अमृत कलश की स्थापना हुई है। उसी पवित्र स्थल पर अमृत कलश वाटिका स्थापित हो रहा है। जहां प्रदेश भर से संग्रहित कलश रखे जाएंगे। बुधवार को विकास खंड तिलोई व नेहरू युवा केन्द्र अमेठी द्वारा समन्वय करके विकास खण्ड स्तरीय कलश यात्रा में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, डॉ आराधना रॉज उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र अमेठी,ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ÷मुन्ना÷खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अस्थाना,एडीओ पंचायत रजनीश भास्कर, जिला संयोजक राघवेन्द्र प्रताप सिंह एक साथ ब्लॉक पर कलश को लेकर गाजे बाजे के साथ पहुंचे।और एक स्थान पर कलश को एकत्रित किया गया।

समस्त ग्राम पंचायतों के अमृत कलश से मिट्टी को मिलाकर उससे एक अमृत कलश जनपद स्तर पर भेजने के लिए तैयार किया गया। कलश को जनपद स्तर पर ले जाने हेतु राज्य मंत्री ने डा.आराधना राज उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र अमेठी एवं विजय कुमार अस्थाना खंड विकास अधिकारी तिलोई को सौंपा। इस दौरान महेंद्र मिश्रा जिला पर्यटन अधिकारी, ब्लाक युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक आशीष सिंह, युवा मण्डल अध्यक्ष गिरिजेश सिंह एवं खन्ड विकास अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी गण व प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

# गोवंश के शवों को रस्सी से बांधकर ट्रैक्टर से घसीटा, सचिव सस्पेंड

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

भदैंया ब्लॉक अंतर्गत सौराई गोशाला में गोवंशों के शवों को रस्सी से बांध कर ट्रैक्टर से घसीटने का वीडियो वायरल होने के मामले में शासन के निर्देश पर प्रशासन सख्त हो गया है। डीएम कृतिका ज्योत्सना ने ग्राम विकास अधिकारी को सस्पेंड करते हुए एडीओ पंचायत कादीपुर को जांच सौंपा है। वहीं प्रधान से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीते शुक्रवार को भदैंया के सौंराई गोशाला में ट्रैक्टर से मृत गोवंश की खींचते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले को संज्ञान लेते हुए डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला गौशाला पहुंचे थे और जिम्मेदारों से पूछताछ की थी। उन्होंने एडीओ पंचायत सतीश श्रीवास्तव, पंचायत सचिव नितेश सिंह, गोशाला संचालक को जमकर खरी खोटी सुनाई थी और कारवाई का संकेत दिया था। उन्होंने दो केयर टेकर को हटा भी दिया था।



### सचिव और प्रधान को जारी हुई थी नोटिस

मामले में ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मिलने के बाद आगे की कारवाई करने की बात कही गई थी। जिला पंचायत अधिकारी ने कहा था कि ट्रैक्टर से मृत पशुओं का शव घसीटना पशु क्रूरता की श्रेणी में आता है, जवाब मिलने के संबंधित दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी। उधर आज डीएम ने मामले का संज्ञान लेकर ग्राम विकास अधिकारी नितेश सिंह को सस्पेंड किया है। एडीओ पंचायत कादीपुर को जांच सौंपी है। मामले में ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है। ग्राम प्रधान को 15 दिनों के भीतर डीपीआरओ कार्यालय में स्पष्टीकरण देने का निर्देश जारी हुआ है। संतुष्ट न होने पर ग्राम प्रधान के खिलाफ भी बड़ी कार्यवाही हो सकती है।

## विश्व मानसिकता दिवस पर जागरूकता अभियान के साथ निकाली गई रैली

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

विश्व मानसिक दिवस पर स्वसाशी राज्य महाविद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि राज्य विधिक प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एस के गोयल, नोडल/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.राधाबल्लभ, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लालाजी, मानसिक रोग विषेशज्ञ डॉ.एसयू अम्मार तथा मानसिक स्वास्थ विभाग के विकास पांडेय, सविता वर्मा, रामेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, अभिषेक सिंह, विक्रम सिंह, सुमन मिश्रा, पूजा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। विश्व मानसिक दिवस पर जन-जागरूकता रैली निकाली गई। उपस्थित लोगों को मानसिक रोग के बारे में बताया गया। तथा ऐसे रोगियों के उपचार एवं व्यवहार पर क्या आवश्यक है। विषेशज्ञों ने विस्तार से प्रकाश डाला।

## विषैली दवा खाने से युवक की तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान हुई मृत्यु

जन एक्सप्रेस। तिलोई अमेठी

तहसील तिलोई के मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अहुरी में किसी बात को लेकर आकाश सिंह उम्र लगभग 23 वर्ष ने कोई बिषैली दवा खा लिया।

उसके कुछ देर के बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी। परिवार के लोगों द्वारा आनन फानन उसे मेडिकल कालेज लखनऊ लेकर भागे जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। आकाश सिंह का बड़ा भाई पूना में कोई प्राइवेट नौकरी करता है। घर पर उसकी बूढ़ी मां रहती है। जो कुछ दिन पहले फिसल कर गिर गयी थी। जिसमें उनका पैर टूट गया था। जिसकी देखरेख आकाश सिंह करता था। आकाश के पिता की पिछले वर्ष बिमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। वहीं आकाश सिंह की लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा शव को पोस्टमार्टम के बाद अहुरी गांव आकर युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं इस संबंध में मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र यादव से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो बात नहीं हो सकी।

# बालिका दिवस पर बालिकाओं एवं महिलाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद में बुधवार को बालिका दिवस के अवसर पर स्कूल,कॉलेज में बालिकाओं से सम्बन्धित समस्याओं व मुद्दों यथा साइबर सुरक्षा,बाल विवाह,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,स्किलिंग एवं मेन्स्ट्रुयल मैनेजमेन्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में बुधवार को सखी वन स्टाप सेन्टर, अमेठी व जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गौरीगंज में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विभिन्न छः श्रेणियों के बारे में विस्तार से बताते हुए बालिकाओं को जागरूक किया। वन स्टाप सेन्टर की टीम के द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा,बाल विवाह, महिला कल्याण विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं व स्किलिंग एवं मेन्स्ट्रुयल हाइजिन मैनेजमेन्ट पर जानकारी दी गयी।



इस दौरान संरक्षण अधिकारी अजय कुमार द्वारा एक युद्ध नशा के विरूद्ध अभियान के बारे में बालिकाओं को जानकारी मिली।

सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के हेल्पलाइन नम्बरों यथा 1090-वीमेन पावर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा एवं 108-एम्बुलेंस सेवा के बारे में बालिकाओं,महिलाओं को जागरूक किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर वन स्टाप सेन्टर की सेन्टर मैनेजर गायत्री देवी व किरन सिंह, बाल संरक्षण इकाई से स्वाती सिंह एवं रेनू तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अध्यापिकायें उपस्थित रहीं।

# कांग्रेस ने जमींदारी प्रथा समाप्त कर देश में बराबरी का सिद्धांत किया था लागू

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में 'स्वाभिमान के वास्ते, संविधान के रास्ते' नारे के साथ **'दलित गौरव संवाद'** के संबंध में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी मो अनीस खा की मौजूदगी में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि स्वर्गीय कांशीराम के निर्वाण दिवस 9 अक्टूबर से संविधान दिवस 26 नवंबर तक यह कार्यक्रम चलेगा, जनपद के प्रत्येक विधानसभा से 50 प्रतिशत से अधिक दलित आबादी वाले गांव को चिन्हित कर एक सूची बनाई जा रही है, कॉग्रेस पार्टी के लोग दलित अधिकार मांग पत्र दलित समाज से इंजीनियर, डॉक्टर, समाजसेवी, शिक्षक, वकील, ग्राम पंचायत प्रधान, बीडीसी व जिला पंचायत के पूर्व व वर्तमान सदस्य आदि लोगों के भरवाएगें। जनपद के प्रत्येक विधानसभा में 500 से अधिक दलित मांग पत्र भरा जाएगा। जनपद के सभी दलित बस्तियों में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें दलित समाज के लोगों से उनकी मांगों व समस्याओं को जाना जाएगा। रात्रि चौपाल कार्यक्रम के आयोजन के लिए विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों के साथ जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को अहम जिम्मेदारी सौंप जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में कम से कम 10 रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन होना अनिवार्य किया जायेगा, जिसमें विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों व पीसीसी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की गई। इस मौके पर पीसीसी सदस्य हौसिला भीम, राम कुमारी, विजय पाल, दलित नेता राम सुमेर, ओपी चौधरी, योगेश सिंह, सुब्रत सिंह सनी, राहुल त्रिपाठी, नफीस फारुकी, तेज बहादुर पाठक, ममनून आलम, सुनील चौहान, ओम प्रकाश दुबे, हारून, कैप्टन तिवारी, रमन हाशमी आदि लोग मौजूद रहे।




### नए बिजली संयोजनों पर मीटर फीड, मीटर लगे नहीं

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** इन दिनों बिजली विभाग शहरी क्षेत्र में घरों के बाहर मीटर लगवा रहा है। ठीक इसी समय ग्रामीण अंचल से मीटर घोटाला भी सामने आया है। इस घोटाले को अंजाम देने वाला बाहरी नहीं बल्कि विभाग का जेई है। औचक निरीक्षण में निकला जिन्न जेई राम जन्म का नाम इन दिनों सुर्खियों में है। दो माह पूर्व इनके द्वारा नए बिजली संयोजनों पर मीटर फीड तो किया गया लेकिन उपभोक्ताओं के घर पर मीटर नहीं लगा। जिससे दो माह तक कोई बिलिंग नहीं की जा सकी। मतलब साफ है बिजली तो उपयोग हुई लेकिन उसका बिल नहीं आया। मामले से पर्दा उठा तब जब अधिशाषी अभियंता विधुत परीक्षण खण्ड आशीष सिंह तोमर ने उपकेंदार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेंद्र खुलवाना चाहा तो चाभी ना होने का बहाना मौजूद कर्मचारी द्वारा किया जाने लगा। संदेह होने पर आशीष सिंह तोमर ने पूरे मामले की तहकीकात की। तो बड़े घोटाले का जिन्न सामने आ गया। आशीष सिंह तोमर को पहले ही स्टॉक में रखे मीटर का वीडियो मिल चुका था। इस मामले में जब अधिशाषी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मीटर को कब्जे में नहीं लिया गया।

# सेनानी राजन मिश्रा को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



श्री परशुराम जन चेतना समिति उत्तर प्रदेश द्वारा स्थानीय होटल प्लीजेंट ब्यू सेनानी में समाजसेवी एवं भाजपा नेता स्वर्गीय सुनील मिश्रा 'राजन सेनानी' की भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि अर्पित की गई। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने कहा कि श्री राजन मिश्रा का असमय जाना रायबरेली जनपद की बहुत बड़ी छति के रूप में देखा जाना चाहिए। रायबरेली जनपद वासियों की आंखों का तारा, न जाने क्यों, हम सबको छोड़कर इतनी जल्दी अनंत आकाश में आंखों से ओझल हो गया। राजन मिश्रा एक ऐसे समाजसेवी थे, जोकि रायबरेली जनपद के सामाजिक, धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए गरीब, शोषितों को न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाते रहते थे।

यू पी जर्नलिस्टस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव मनोहर पाण्डेय ने राजन सेनानी के संघर्ष पूर्ण जीवन पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राजन सेनानी ने विषम परिस्थितियों में भी कैसे सफलता पाई जाती है वह सभी के सामने एक बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है उनकी यादें न भुला पाने वाली है और वह अपने काम के साथ साथ दूसरों के हितों का भी पूरा ध्यान रखते थे।? वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र नरायण मिश्र एवं राजेश मिश्र राजन ने राजन सेनानी से जुड़े कई संस्मरण सुनाए और कहा कि उनकी असमय मृत्यु की भरपाई आसान नहीं है इसके लिए हम सबको सतर्क रहना होगा और सेनानी के परिवार का ध्यान रखना होगा। इसी क्रम में समाजसेविका अमिता खुवेले, अनिल मिश्रा, राघवेंद्र द्विवेदी, विजय मिश्रा, पंकज मिश्रा, मनोज पांडे, बजरंग, राकेश तिवारी एडवोकेट, विनोद द्विवेदी, सूबेदार एस.के. बाजपेई, सूरज शुक्ला, हरिहर शर्मा, संजय मिश्रा, राजन दीक्षित, विवेक मिश्रा, राजेश पांडे, सिद्धेश्वर मिश्रा, अंकुर मिश्रा ने अपने भाव प्रकट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का संचालन सूरज शुक्ला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने खड़े होकर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी किया गया।

### ताइक्कांडो में मेडल प्राप्त करने वाले जिले के 15 प्रतिभागी बच्चे हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** भारत भर में बच्चों के खेल शिक्षा स्वास्थ्य और कौशल विकास की महती उद्देश्य लिए उत्तर प्रदेश के नोयडा के इंडोर स्टेडियम में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप ताइक्कांडो खेल में मेडल प्राप्त कर सुल्तानपुर का मान बढ़ाने वाले जिले के 15 प्रतिभागियों बच्चो को जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक के हाथों सम्मानित किये गये बच्चे। ताइक्कांडो खेल में मेडल प्राप्त करने वाले जिले के 15 प्रतिभागियों बच्चो को जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने 3 अक्टूबर से लेकर 8 अक्टूबर 2023 को नोयडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खेले हुए बच्चो को मेडल व सर्टिफिकेट अपने हाथों से प्रदान कर सम्मानित करते हुए उन्हें निरंतर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। मेडल प्राप्त करने वाले 15 खेल प्रतिभागियों बच्चो के साथ कोच अमीना बनो भी मौजूद रही।

# नगर पालिका परिषद रायबरेली चेयरमैन के बचाव में उतरी कांग्रेस, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा नगर पालिका परिषद रायबरेली के चेयरमैन शत्रोहन लाल सोनकर पर भाजपा द्वारा फर्जी एफ.आई.आर दर्ज करने के विरोध में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि थाना कोतवाली नगर, रायबरेली में कथित अपराध स.-538/2023, के माध्यम से नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन लाल सोनकर के खिलाफ अर्न्तगत धारा 505 (2) भा.द.वि. के तहत भारतीय जनता पार्टी के इषारे पर फर्जी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। चूँकि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की लगातार हत्या कर रही है, और स्वतंत्रता के अधिकारों का हनन कर रही है। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि अभी हाल में भारतीय जनता पार्टी ने जननायक राहुल गांधी जी को रावण की संज्ञा दी है, और सार्वजनिक रूप से उनके पोस्टर जारी किया है। क्या इस तरह के कृत्य से हिन्दुओं का अपमान नहीं होता है? समाज में घृणा, दुर्भावना नहीं फैल रही है? फिर भी दोहरा चरित्र भाजपा के लोगों द्वारा क्यों अपनाया जा रहा है? भाजपा सरकार के दबाव व प्रभाव में प्रषासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि नगर पालिका परिषद रायबरेली के चेयरमैन शत्रोहन लाल सोनकर के विरूद्ध दर्ज मुकदमा अविलम्ब वापस लिया जाए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाय, नहीं तो कांग्रेस पार्टी जन आन्दोलन करेगी। इस अवसर पर सुशील पासी, वी.के.शुक्ला, विजय शंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, अजीत सिंह, नौशाद हुसैन, खतीब, राजकुमार दीक्षित, वीरेन्द्र यादव, राकेश सिंह राना, श्रीमती शैलजा सिंह, आलोक विक्रम यादव, घनश्याम शुक्ला, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, मुन्ना घोसी, सर्वोत्तम मिश्रा, आशीष द्विवेदी, संजीव शुक्ला, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मो. शरताज, अंशुमान गांधी, मनोज त्रिवेदी, बाबू यादव, सुमित कुमार विमल, मो. अशरफ खान, राजेन्द्र मौर्या, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य कांग्रेसीजन मौजूद रहे।



# जयप्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रान्ति वर्तमान में प्रासंगिक: इं. वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी आयोजित कर मनायी गयी। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अन्याय, असमानता एवं भ्रष्टाचार से छुटकारा पाने के लिए जय प्रकाश नारायण ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण क्रान्ति का नारा दिया। लोकनायक ने कहा कि सम्पूर्ण क्रान्ति में सात क्रान्तियां राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रान्तियाँ होती है। सन् 1975 में इन्दिरा गाँधी के घोषित आपातकाल के विरोध करने पर देश के प्रमुख नेताओं को सरकार ने जेल में बंद करवा दिया, परिणामस्वरूप जे.पी. के प्रयासों से एकजुट विपक्षी ने सम्पूर्ण क्रान्ति को अपनाते हुए केन्द्र से कॉंग्रेस सरकार को बाहर किया, वर्तमान समय में भाजपा सरकार में भी अघोषित आपातकाल चल रहा है, समाजवादी विचारधारा के लोग सम्पूर्ण क्रान्ति का अनुसरण कर भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, अन्याय एवं असमानता से आमजनों को राहत दिलाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में सत्ता से बाहर करना है। वर्तमान भाजपा राज में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेज रहे।

# इंडिया गठबंधन में शामिल होने की खबरें निराधार ये बसपा को कमजोर दिखाने की चाल: मायावती

* बसपा के इंडिया गठबंधन में शमिल होने के लिए मुलाकात का दावा निराधार
* बसपा खुद को लोकसभा चुनाव में भाजपा का सबसे प्रबल प्रतिद्वंदी मान रही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला किया है। बुधवार को जारी अपने बयान में बसपा सुप्रीमो ने बसपा के खिलाफ हो रही घृणित राजनीति में सपा के भी शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव का नाम लेते हुए कहा कि बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए मुलाकात का दावा निराधार है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा काफी बदहाल स्थिति में है। वह भी उस घृणित राजनीति का हिस्सा है, जो बसपा के खिलाफ लगातार सक्रिय है। जानकारों के मुताबिक बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने को लेकर लग रहे कयास मायावती की नाराजगी का सबब बन चुका है।



दरअसल, इसका मकसद बसपा को कमजोर दर्शाना है और सपा को उसके मुकाबले लोकसभा चुनाव में ज्यादा मजबूत स्थिति में पेश करना है। बसपा सुप्रीमो बीते कई महीनों से लगातार यूपी में अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का संदेश देती रही हैं ताकि उनका वोट बैंक इसे लेकर किसी संशय में न रहे। वहीं दूसरी ओर बसपा खुद को लोकसभा चुनाव में भाजपा का सबसे प्रबल प्रतिद्वंदी मान रही है। इसकी वजह सपा के मुकाबले उसके अधिक सांसद होना है। बसपा ने हाल ही में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन का एलान तो किया, हालांकि राजस्थान और तेलंगाना में अकेले ही चुनाव लड़ने जा रही है। बसपा की इस रणनीति से साफ है कि पार्टी लोकसभा चुनाव में किसी भी बड़े दल के साथ समझौता करने के बजाय खुद चुनावी समर में अपनी ताकत को आजमाना चाहती है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय में एमेजॉन वेब सर्विसेस (ए.डब्लू.एस.) क्लाउड क्लब की हुई शुरुआत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में एमेजॉन वेब सर्विसेस (ए.डब्लू.एस.) क्लाउड क्लब की शुरुआत हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय का अभियांत्रिकी संकाय उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब की स्थापना की गई है। यह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय क्लाउड प्लेटफॉर्म है, जिसके सहायता से कंपनियां एक सिक्योर इकोसिस्टम को डेवलप कर रही है। ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब द्वारा संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र स्वप्निल राय को क्लाउड कैप्टन के रूप में चयनित किया गया है। स्वप्निल राय ने



डॉक्टर हिमांशु पांडेय के दिशा निर्देशन में ए.डब्लू.एस. के तीन चरणों के असेसमेंट (स्किल असेसमेंट टेस्ट, वीडियो ऑडिशन, पर्सनल इंटरव्यू) को उत्तीर्ण किया एवं वर्ष 2023 के लिए ए.डब्लू.एस. क्लाउड कैप्टन के रूप में चयनित हुए, जो कि भारत में कुल 10 क्लाउड कैप्टन और विश्व में कुल 50 क्लाउड कैप्टन में से एक है। ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब की सहायता से अब संकाय में छात्रों के लिए विभिन्न टेक्नोलॉजीस जैसे- क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, वेब होस्टिंग, डाटा मैनेजमेंट नेटवर्किंग, बिग डाटा मैनेजमेंट, मोबाइल डेवलपमेंट पर कार्यशाला, संगोष्ठियां, क्लाउड कैंप, टेक टॉक्स का आयोजन किया जा सकेगा। साथ ही छात्रों को विश्व भर के विभिन्न ए.डब्लू.एस. एक्सपर्ट से जुड़ने का मौका मिलेगा, जिससे वे न्यू टेक्नोलॉजीस के उपयोग के बारे में जान सकेंगे। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह द्वारा छात्र को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

# अतिक्रमण एवं गृहकर के बकाएदारों के विरुद्ध जोनवार अभियान

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार सिंह

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशों के क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में नगर में गृहकर का भुगतान नही करने वाले बड़े/छोटे गृहकर के बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की/सीजर की कार्यवाही हेतु निरन्तर जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गृहकर का भुगतान करवाने एवं आम जनमानस को सुविधा प्रदान करने हेतु जोनवार कैम्प भी लगाये जा रहे है, जिस क्रम में आज जोनवार वृहद रूप से अभियान चलाकर गृहकर बकाया जमा एवं कुर्की/सीजर तथा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। जोन-1 के क्षेत्रान्तर्गत बिल्डिंग नं0-11 के पास फुटपाथ पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाया गया व आस-पास के क्षेत्र में



भी अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 11 ठेले, 6 काउन्टर 19 स्थानों से नाली पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण एवं 27 चार पहिया व 17 दो पहिया वाहनों को रोड से हटाया गया। एक ट्रक सामान जब्त किया गया। जोन-2 वार्ड राजाजीपुरम में डी0 ब्लाक राजाजीपुरम स्थित फास्ट फूड की



दुकानों द्वारा किये गयें अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्ग से 30 से अवैध अतिक्रमण हटायें गये। जोन-4 विजयीपुर अंडरपास से होते हुए कठौता चौराहा एंव सेनिपोलिस मॉल से मधुरिमा होटल रोड के सामने व उसके आस पास अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान में 5 ठेला, 2 आईस बाक्स, 2 पंचर बनाने वाली मशीन, 1 इलेक्ट्रिक कांटा, 10 टायर व अन्य समान को जब्त किया गया । जोन-5 वार्ड बाबू कुंज बिहारी-ओम नगर स्थित शेल्टर होम गीतापल्ली में कैम्प लगाया गया। गृहकर वसूली कैम्प से धनराशि रु. 82708 जमा करायी गयी। गया।

जोन-6 वार्ड सआदतगंज में भवन सख्या 365/004,छुटकाऊ पर बकाया रू. 60,133, भवन सख्या 365/010 रफीक पर बकाया रू 53,385, भवन संख्या 365/012 अब्दुल खालिक पर बकाया रू 48,973 होने तथा मौके पर भुगतान न होने के कारण भवन को सील किया गया तथा भवन सख्या 372/065 सुधीर कुमार पर बकाया रू. 41,473 प्राप्त किया गया । इसके अतिरिक्त कोनेश्वर चौराहे से कालीचरण होते हुये ठाकुरगंज दूध मण्डी पर दोनो पटरियों पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया, जहां पर अवैध रूप से लगे फल/सब्जी के ठेले को हटाते हुये सचेत किया गया कि उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न होने पायें। जोन-07 क्षेत्रान्तर्गत सेक्टर 25 से शेरवुड होते हुये सेक्टर-17 ओम प्लाजा तक एवं आस-पास के क्षेत्रो में अभियान चलाया गया जिसमे 03 काउण्टर जब्त किये गये तथा लगभग 06 गुमटी, ठेला, व 25 प्रचार सामग्री को हटाया गया साथ ही पुनः अतिक्रमण न करने हेतु सचेत किया गया। जोन-8 शारदा नगर-द्वितीय वार्ड में एक्सप्रेस प्लाजा में दुकान संख्याः एलजीएफ-05 पर रू 60,689 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ - 07 पर रू 48,522 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ-08 पर रू0 60,689 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ-011 पर रू0 60,689 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ-032 पर रू0-60,689 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ-041 पर रू- 81,447 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ-048 पर रू0 83,447 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया, एलजीएफ-068 पर रू0 83,447 बकाये होने पर भुगतान प्राप्त न होने पर दुकान को सील किया गया। इसके अतिरिक्त आशियाना थाना के अन्तर्गत आशियाना चौराहे और पावर हाउस चौराहे पर किये गये अवैध अस्थाई रूप से लगाये गये ठेलो व खुमचो को हटवाया गया।

# बिजली कटौती से कराह उठा प्रदेश, कई इकाइयां हुईं बंद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में बिजली कटौती बरकरार है। ग्रामीण इलाके में शेड्यूल से पांच घंटे कम बिजली आपूर्ति की जा रही है, जबकि दो से तीन घंटे तक लोकल फाल्ट से भी कटौती हो रही है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान हैं। 13 अक्तूबर के बाद दो यूनिटों में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इससे करीब 1089 मेगावाट बिजली मिलने लगेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देश दिया है कि18 अक्तूबर तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर लाई जाए और उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली दी जाए। प्रदेश में छह उत्पादन इकाइयां वार्षिक मरम्मत के लिए बंद हुई है। इससे 1526 मेगावाट उत्पादन कम हुआ है। ये इकाइयां 21 अक्तूबर से एक दिसंबर के बीच शुरू होंगी। इसी तरह पिछले दिनों छह अन्य इकाइयां भी तकनीकी कारणों से बंद हो गई। काफी मशक्कत के बाद चार इकाइयों से उत्पादन शुरू हुआ, लेकिन बारा और टांडा की एक-एक इकाई बंद होने से प्रदेश को 1089 यूनिट कम बिजली मिल रही है। इस तरह कुल 2615 यूनिट बिजली उत्पादन कम हो गया है। ऐसे में ग्रामीण इकाके में सर्वाधिक पांच घंटे की कटौती की जा रही है। तहसील मुख्यालयों पर 21 के बजाय 18 घंटे, बुंदेलखंड में 20 के बजाय 16.25 घंटे ही बिजली मिल पा रहा है। बिजली कटौती होने से ग्रामीण इलाके में चलने वाले लघु उद्योग ठप हो गए हैं। कई स्थानों पर पानी का संकट खड़ा हो गया है। बुंदेलखंड के मेडिकल एवं इंजीनिरिंग कॉलेजों में जलापूर्ति पूरी तरह से लड़खड़ा गई है।

### उपभोक्ता बोले, बमुश्किल मिल रही 12 घंटे बिजली

प्रदेश में ऊर्जा प्रणाली की दैनिक रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्र में सिर्फ पांच घंटे की कटौती की बात कही जा रही है, लेकिन उपभोक्ताओं का दावा है कि उन्हें बमुश्किल 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। यह खुलासा हुआ उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को आयोजित वेबिनार में। विभिन्न जिलों से जुड़े उपभोक्ताओं ने बताया कि चार दिनों से निरंतर बिजली संकट बना हुआ है। ऐसे में सब्जी की खेती सूख रही है। पेयजल और जानवरों के लिए पानी का इंतजाम नहीं हो पा रहा है। प्रतापगढ़, आगरा, अंबेडकरनगर, प्रयागराज, जौनपुर, गाजियाबाद, लखनऊ सहित हर जिले से जुड़े उपभोक्ताओं ने बताया कि जल्द से जल्द इंतजाम नहीं किया गया तो उन्हें जनरेटर सहित अन्य इंतजाम करने पड़ेंगे। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिया कि पावर कॉरपोरेशन इंतजाम में लगा है। उपभोक्ताओं की बात से प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा। गरौठा से भाजपा विधायक जवाहर सिंह राजपूत ने बिजली कटौती से फसलें सूखने और पानी संकट होने के बारे में पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल और एसीएस महेश गुप्ता को पत्र भेजा है। इसमें बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है।

### 18 तक हर हाल में दुरुस्त करें व्यवस्थाः शर्मा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 18 अक्तूबर तक हर हाल में बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए। बंद यूनिटों को पूरी क्षमता से चलाकर उपभोक्ताओं को बिजल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने, तीस्ता बेसिन सिक्किम में आई बाढ़, केंद्र से बिजली उपलब्धता कम होने, राज्य विद्युत उत्पादन निगम की कई यूनिटों के वार्षिक मरम्मत की वजह से बंद होने की वजह से उपलब्धता और खपत में करीब तीन हजार मेगावाट का अंतर आ गया है। उन्होंने दावा किया कि आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 16 घंटे बिजली मिलने लगेगी। उन्होंने बताया कि एक से 15 अक्टूबर तक वर्ष 2022 में औसतन मांग 15133 मेगावाट थी। इस वर्ष यह बढ़कर 20042 मेगावाट हो गई है। बुधवार को पीक आवर में 21668 मेगावाट की मांग रही और उपलब्धता 18995 मेगावाट रही। इसी तरह 12 को 19472 मेगावाट, 13 को 19971 मेगावाट, 14 को 20056 मेगावाट, 15 को 20108 मेगावाट, 16 को 20190 मेगावाट, 17 को 20210 मेगावाट और 18 को 20220 तक उत्पादन पहुंच जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बाढ़ के कारण तीस्ता जल विद्युत परियोजना (1200 मेगावाट), एनएचपीसी तीस्ता-वी की 510 मेगावाट और दिक्चू की 100 मेगावाट की उत्पादन इकाई ठप है।

# गाय बचाने में पीआरबी गाड़ी पलटी, सिपाही व होमगार्ड घायल







जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सीतापुर रोड पर पीआरवी वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। वहीं लोगों ने इसकी सूचना बीकेटी थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भेजा। जहां दो पुलिसकर्मियों को ज्यादा चोट लगी थी। अन्य लोग मामूली रूप से चोटिल हुए थे। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थाना पुलिस की पीआरवी वैन संख्या 1619 इटौंजा से बख्शी का तालाब की तरफ रूटीन गस्त में जा रही थी। तभी दिगोई गांव के पास फौजी ढाबा के सामने बीच सड़क पर अचानक मवेशी आ गया। जिसके चलते पीआरवी वैन चालक नियंत्रण खो बैठा और वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गई। राहगीरों के अनुसार वैन बीच सड़क पर लहराते हुए घूम गई और डिवाइडर से जा कर टकराई। वहीं सीतापुर हाईवे फौजी ढाबा के पास पीआरवी 112 गाड़ी नं यूपी 32 डीजी 1619 हादसे का शिकार हो गई। बता दें कि बीकेटी थाना क्षेत्र में लखनऊ सीतापुर हाईवे पर भ्रमण कर रही पीआरवी की गाड़ी के सामने अचानक गाय आ जाने से गाडी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जाकर पलट गई। वहीं इस पीआरबी गाड़ी में चालक सहित दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं होमगार्ड राकेश कुमार सिंह व कांस्टेबल सर्वेश कुमार घायल हो गए जिनको स्थानीय पुलिस ने घायल सिपाही व होमगार्ड को शौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। वहीं घटनास्थल मौके पर जाकर एसीपी बीकेटी अभिनव ने घटना पर दुःख जाहिर किया।

# पॉवर फॉर ऑल के अंतर्गत 1.58 करोड़ नए कनेक्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में पॉवर फॉर ऑल योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1.58 करोड़ नए कनेक्शन अब तक दिए जा चुके हैं। वहीं 1.21 लाख मजरों का विद्युतिकरण भी किया गया है। यही नहीं सौभाग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 62.18 लाख बिजली कनेक्शन के साथ यूपी देश में प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष जोर सौर ऊर्जा के जरिए प्रदेश में बिजली की जरूरतों को पूरा करने पर है। इसके लिए अयोध्या को जहां पहली सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर विकसित किया जा रहा है, तो वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को %सोलर एक्सप्रेस वे% के रूप में डेवलप करने की कार्रवाई भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा प्रदेश के 10 जिलों के 250 दुर्गम गांवों को भी सौर ऊर्जा के जरिये रोशन करने का कार्य हुआ है। इसी प्रकार सौभाग्य योजना के तहत अबतक प्रदेश में 53,354 सोलर पॉवर पैक संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। वहीं सोलर पार्क योजना के तहत प्रदेश में 365 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क को विकसित किया जा रहा है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्ट्रीट लाइट के लिए अबतक 21 हजार से अधिक स्थानों पर सोलर लाइट संयंत्रों को स्थापित करने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। लगातार चार साल से नहीं बढ़ी बिजली की दरें, व्यवस्था हुई और सुदृढ प्रदेश के 3.32 करोड़ से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली प्रदान करने के लिए प्रदेश में बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाकर 30462 मेगावाट तक पहुंचा दिया गया है। वहीं बिजली चोरी को रोकने में योगी सरकार ने बड़े पैमाने पर अनमीटर्ड उपभोक्ताओं के परिसरों में मीटर इंस्टॉल करने का काम भी तेजी से किया है।

# महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई यूपी सरकार, यह माथे पर कलंक जैसा: अजय राय



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस का इकबाल पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। प्रदेश की आधी आबादी डर और असुरक्षा के साये में अपना जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अति सुरक्षित क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सरकार के माथे पर कलंक है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। राजधानी लखनऊ में विधानसभा से महज चंद कदमों की दूरी दारूलशफा पर कौशाम्बी से न्याय मांगने आई महिला मुख्यमंत्री से न मिल पाने के कारण धरने पर बैठी, न्याय मिलना तो दूर उसके साथ दुष्कर्म जैसी घटना घटित हो गई। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की इससे भयावह तस्वीर और भला क्या हो सकती है? इसी तरह बरेली में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सीबीगंज इलाके में मनचलों ने कोचिंग से लौट रही एक छात्रा को चलती ट्रेन के आगे फेंक दिया जिससे छात्रा बुरी तरह जख्मी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा प्रदेश की जनता को सुरक्षा देने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का नारा देने वाली भाजपा सरकार आज बेटियों की सुरक्षा करने में पूरी तरह से नाकाम है।

### जेपी नारायण को दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में लोक जननायक डॉ0 जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान डॉ सीपी राय, डॉ0 हिलाल अहमद नकवी, डॉ0 सुधा मिश्रा, वीरेन्द्र मदान, राजेश सिंह काली, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, डॉ0 रिचा शर्मा, आशीष अवस्थी, दिनेश सिंह यादव, विवेक सिंह तन्हा आदि मौजूद रहे।

### चिता से उठाकर युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए ले गई पुलिस

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ के इटौंजा के नरौसा गांव में एक युवती का शव बुधवार शाम घर में फंदे से लटकता मिला। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव श्मशान घाट ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चिता से युवती के शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरौसा में 20 वर्षीय पूनम कनौजिया परिवार संग रहती थीं। उनका शव घर के आंगन में लगे जाल में साड़ी के सहारे लटकता मिला। परिजन गुपचुप ढंग से पूनम का शव अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट लेकर पहुंच गए। इस बीच गांव वालों ने सूचना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में इटौंजा पुलिस मौके पर पहुंची और लकड़ियों के बीच से शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूनम की दोनों हथेली पर दो मोबाइल नंबर लिखे थे। नंबर किसके हैं इस बात का पता नहीं चल सका है। चगांव में चर्चा है कि पूनम ने प्रेम-प्रसंग के चलते आत्महत्या की है। अतिरिक्त निरीक्षक इटौंजा सर्वेश शुक्ला ने बताया कि परिजनों का कहना है कि युवती मानसिक रूप से परेशान थी।

# कोरोना काल में मरे लोगों की आत्मा की शांति हेतु पिंडदान कराएगा श्रीमद् भगवद फाउंडेशन ट्रस्ट: कौशलेन्द्र शास्त्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* निशुल्क पिंडदान कराएगा श्रीमद् भागवत फाउंडेशन ट्रस्टः कौशलेन्द्र शास्त्री
* पिंडदान की समस्त सामग्री रहेगी उपलब्ध

कोरोना काल पूरे विश्व में महामारी के रूप में फैला था, कोरोना जिसमें करोड़ों लोगों ने अपने प्राण गवाएं किसी का प्रेत कर्म तेरहवीं बरसी पिंडदान इत्यादि हो पाया किसी का नहीं हो पाया क्योंकि वह काल भारत के लिए बहुत ही विपरीत काल था कुछ प्रेत आत्मा हो कर इधर-उधर भटक रहे हैं उन सब की आत्मा की शांति हेतु श्रीमद् भगवद फाउंडेशन ट्रस्ट ने आने वाली अमावस्या यानी 14 अक्टूबर को पितृ विसर्जन के दिन लखनऊ में शनि एवं हनुमान मंदिर सुरेन्द्र नगर में सामूहिक पिंडदान का आयोजन कर रहा है जिसके पास धन है या धन नहीं



है उन सबके लिए पूजन सामग्री के साथ-साथ विद्वान ब्राह्मणों की भी व्यवस्था ट्रस्ट कराएगा ट्रस्ट के अध्यक्ष परम पूज्य कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने बताया कि यह सर्व समाज की कल्याण की भावना से जिसके घर में किसी भी कारण से प्रेत कर्म नहीं हो पाया और पितृ पक्ष में कोई तर्पण श्राद्ध नहीं हो पाया उन सब का आवाहन है सब लोग आए किसी प्रकार का कोई किसी के लिए शुल्क नहीं निर्धारित किया गया है सबको समान भावना से सब की समान विधि के अनुसार यह श्राद्ध तर्पण पिंडदान कराया जाएगा जिसके पास सामग्री की व्यवस्था है वह लेकर आए जिसके पास नहीं है वह भी आए इस पूरे कार्यक्रम में विशेष रूप से ज्योतिष आचार्य पंडित अतुल शास्त्री पंडित सूरज शास्त्री पंडित जितेंद्र शुक्ला नीरज तिवारी जगदीश यादव जयचन्द कुशवाहा आदि और भी बहुत से सहयोगी गण रहेंगे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## आतंकवाद के प्रति कांग्रेस के नरम होते रुख के पीछे आखिर कारण क्या हैं?

**हम आपको याद दिला दें कि वह यूपीए का ही दौर था जब 26/11 हमले के बाद हम दुश्मन को सबक सिखाने की बजाय उसे सिर्फ डोजियर सौंपने में लगे हुए थे, वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए का ही दौर था जब तकनीक के मामले में सरकारी एजेंसियों से आगे आतंकवादी थे, वह यूपीए का ही दौर था जब निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की बजाय कैमरे लगाने के लिए एक विभाग दूसरे विभाग को पत्र ही लिखता रहता था। बहरहाल, देखा जाये तो हम आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का आह्वान भर करते हैं जबकि इस मुद्दे पर हमारे देश में ही विचार बंटे हुए हैं।**

*इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के दौरान भारत में कुछ लोग इजराइल का समर्थन कर रहे हैं तो कुछ फिलस्तीन का। फर्क यह है कि जो इजराइल का समर्थन कर रहे हैं वह सड़कों पर नहीं उतर रहे लेकिन जो फिलस्तीन का समर्थन कर रहे हैं वह सड़कों पर उतर कर रैलियां निकाल रहे हैं, प्रार्थना सभाएं कर रहे हैं और धार्मिक नारेबाजी कर माहौल को उन्मादी बना रहे हैं। ऐसा तब किया जा रहा है जब भारत का आधिकारिक रुख इजराइल के साथ खड़े रहने का है। जो लोग इजराइल पर आतंकवादी हमला करने वाले हमास का साथ दे रहे हैं या उससे सहानुभूति रख रहे हैं उनको समझना होगा कि यह आतंकवाद को शह देने और %आ बैल मुझे मार% की कहावत को चरितार्थ करने के समान है। इसके अलावा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग ने इजराइल को ''उत्पीड़क'' बताते हुए फलस्तीन के लिए ''स्वतंत्रता'' की मांग करते हुए रैलियां निकालीं, यह तो समझ आता है लेकिन यह समझ से परे है कि देश में दशकों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने इजराइल पर हुए हमले की निंदा क्यों नहीं की? देखा जाये तो कांग्रेस ने फलस्तीनी लोगों की जमीन, स्वशासन और आत्म-सम्मान के साथ जीने के अधिकारों की मांग करके एक तरह से आतंकवाद के साथ खड़े होने का संकेत दे दिया है जिससे वह राजनीतिक रूप से निशाने पर भी आ गयी है। यहां सवाल यह भी उठता है कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इजराइल-हमास संघर्ष पर जो प्रस्ताव पास हुआ कहीं इसके पीछे टुकड़े टुकड़े गैंग के सदस्य रहे जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार तो नहीं हैं? सवाल यह भी है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने आतंकवादी हमलों में अपने कई बड़े नेताओं को खोया है वह कहीं देशद्रोह का आरोप झेलने वाले कन्हैया कुमार के बहकावे में आकर तो इस तरह के प्रस्ताव पास नहीं कर रही है? हम कन्हैया कुमार पर सवाल इसलिए भी उठा रहे हैं क्योंकि वह भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी हैं। इसी संगठन यानि एनएसयूआई की जामिया इकाई ने फलस्तीन का समर्थन करते हुए क्षेत्र में इजराइल की उपस्थिति को ''आतंकवाद'' बताया था। बाद में विवाद होने पर इस पोस्ट को हटा दिया गया था। कांग्रेस की छात्रा शाखा के हटाए गए पोस्ट में लिखा था, ''इजराइल का फलस्तीन पर सात दशक से कब्जा आतंकवाद है। फलस्तीन को इजराइली यहूदीवादी आतंकवाद से स्वतंत्रता मिलनी चाहिए और लंबे समय से जारी इस संघर्ष का न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए।'' इसलिए एक बार फिर सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस की बदलती विचारधारा के पीछे कन्हैया कुमार ही हैं? हालांकि इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कांग्रेस में ऐसे कई और नेता हैं जो समय-समय पर तुष्टिकरण की राजनीति के चलते आतंक के साथ खड़े नजर आते हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ओसामा जी कह कर बुलाया था। यही नहीं, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दस साल के राज में आतंकवादियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत कई छोटे-बड़े शहरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक परिवहन के साधनों को निशाना बना कर सैंकड़ों निर्दोषों की जान ली थी लेकिन सरकार कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पाई थी। बल्कि यूपीए के दौर में सरकार से जुड़े लोगों ने आतंक को भगवा रंग देने का प्रयास कर मुद्दे को नया रूप दे डाला था जिसका परिणाम देश को भुगतना पड़ा था।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**बीएस येदीउरप्पा पर रिश्वत के आरोप के लिए न्यायालय ने एफआईआर के निर्देश दिए, किंतु केंद्र सरकार की किसी एजेंसी ने बीएस के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की ऐसे बहुत से उदाहरण है। एमपी में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब कांग्रेस में थे तब भाजपा उन पर जमीन घोटाले का आरोप लगाती थी। जब से वह भाजपा में शामिल हुए आरोप तो दूर केंद्र की भाजपा सरकार में मंत्री बनाकर सम्मानित किया जा रहा है। ऐसी ही कुछ कहानी असम के मुख्यमंत्री हिम्मत विश्व शर्मा की है। जब वे कांग्रेस में थे भष्ट्र कहे जाते थे, भाजपा में शामिल होकर गंगा नहा लिए, अब विपक्ष उनपर कोरोना काल मे किट एवं शारदा घोटाले में शामिल होने का आरोप लगा रहा है।**

# भ्रष्टाचार पर ईमानदार नियंत्रण की आवश्यकता



नरेंद्र तिवारी

**राजनीतिक आरोप लगाने मात्र से किसी नेता को भष्ट्र कहना भी गलत है। इस दौर की राजनीति में जब ईमानदार नेताओं की कमी महसूस की जा रही है, बिना अवैध धन के उपयोग के बिना चुनावो में भाग लेना और विजय पाना आसान नजर नहीं आता तब सत्ताधारी दल का इससे बचे रहना सम्भव नहीं है।**

भारत की एक बड़ी आबादी कठिन परिश्रम से दो वक्त की रोटी की जुगाड़ करती है। सुबह से शाम तक कड़ा शारारिक परिश्रम कर अपने परिवार को पालने हेतु राशि जुटा पाती है। इसके विपरीत सरकारी और राजनीतिक क्षेत्र में हम देखते है कि जनता की सेवा के नाम पर नेताओं और अफसरों का गठजोड़ अनियमितता और भष्ट्राचार से करोड़ो रु कमाता है। नेता और अफसरों के इस गठजोड़ की काली कमाई महानगरों में बड़ी-बड़ी आलीशान इमारतों के रूप में नजर आती है। महानगरों की सड़कों पर दौड़ती चमचमाती हुई कारो में सोने के आभूषणों से लदी मैम साहबो का रईसी ठाठबाट सरकारी और राजनतिक गठजोड़ से कमाई ब्लैक मनी का ही प्रदर्शन है। भारत मे आर्थिक असमानता का यह दृश्य देश के मेहनतकश आम नागरिक को खलता है, इस आमनागरिक को काली कमाई से दिखाई जाने वाली शान-औ-शौकत में जनता का शोषण नजर आता है। आम नागरिक के विकास, हक और तरक्की का करोड़ो रु भष्ट्राचार की भेंट चढ़ जाता है। भारत मे आर्थिक असमानता की खाई बहुत गहरी है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के आकड़ो के अनुसार भारत मे 1 प्रतिशत सर्वाधिक अमीर लोगो के पास 2021 में कुल राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत हिस्सा था, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत लोग राष्ट्रीय आय के 57 प्रतिशत भाग पर काबिज थे। हमारे देश की आधी आबादी सिर्फ 13.1 फीसदी कमाती है। इस असमानता का सबसे बड़ा कारण भष्ट्राचार को ही माना जाता है। भष्ट्राचार देश की तरक्की के लिए नासूर बन गया है। इन हालातों में भष्ट्र आचरण के खिलाफ निष्पक्ष और निर्विवाद कदमों की आवश्यकता है, आजादी के बाद से अब तक देश के हुक्मरानों ने भष्ट्राचार को खत्म करने की सौगन्ध तो खूब खाई, किंतु भष्ट्र आचरण सरकारी और राजनीतिक तंत्र की कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है। भष्ट्र आचरण कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। इसी के साथ बढ़ती जा रही है आर्थिक असमानता की खाई जो आमजन के मन मे समानता की कोशिशों के लिए शंका पैदा करती है। संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार की पालना तब ही सम्भव है, जब हमारी व्यवस्था की जड़ो में गहरे पैठ बना चुके भष्ट्राचार को सख्ती से समाप्त नहीं किया जाता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा 2022 में जारी भष्ट्राचार



**देशप्रेम और राष्ट्रवाद की बात करना आसान है किंतु ईमानदार चरित्रों का निर्माण करना कठिन है। ईमानदार चरित्र ही भारत की इस सबसे बड़ी और गम्भीर समस्या का समाधान ढूढ़ सकते है। सरकारी एजेंसियों को एकसमान रूप से भष्ट्राचार से जुड़े विषयो पर कार्यवाही करना चाहिए।**

सूचकांक में 180 देशों में भारत 40 अंकों के साथ 85 वे स्थान पर बरकरार है। इंडियन करप्शन सर्वे 2019 की रिपोर्ट में भारत के क्रमशः भष्ट्र राज्य बताए गए है। जिनमे राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक एव तमिलनाडु शामिल है। भष्ट्राचार के मामले में सर्वे कितने विश्वनीय और सच के करीब है, यह कहा नहीं जा सकता है। किंतु यह भष्ट्राचार भारत के सभी राज्यो में कम-ज्यादा रूप से फैला हुआ है। मध्यप्रदेश में भष्ट्राचार की चर्चा जब आती है तो आईएएस दम्पति अरविंद जोशी और टीनू जोशी का जिक्र जरूर होता है। वर्ष 2011 में जब इस दम्पत्ति के यहां आयकर विभाग की रेड हुई तो भष्ट्राचार का ख़ौफ़नाक सच जाहिर हुआ। इस कपल से जप्त नामी और बेनामी संपत्ति का आकलन 360 करोड़ रु किया था, याने इस आईएएस दम्पत्ति द्वारा अपनी जॉइनिंग वर्ष 1979 से ही 12 करोड़ रु सालाना कमाई की जा रही थी। आईएएस दम्पत्ति का यह उदाहरण अफसरों में व्याप्त लालची प्रवृत्ति का उदाहरण है। इस क्रम में एमपी का व्यापम घोटाला भी सरकारी तंत्र और नेताओं के गठजोड़ की बेशर्म वास्तविकता है। हमारे सिस्टम में रच-बस गया भष्ट्राचार रूपी दानव देश के विकास में बाधक बन रहा है। वहीं नागरिक समाज मे सरकारी तंत्र के प्रति अविश्वास का कारण भी बन चुका है। हमारे तंत्र में ग्राम पंचायत से लगाकर बड़े-बड़े शासकीय कार्यालयों में व्याप्त लालफीताशाही बिना अवैध कमाई किये कोई कार्य नहीं करती। इस भष्ट्राचार की जड़ में हमारा राजनीतिक सिस्टम भी बराबरी का सहभागी है। राजनीति के इस मैदान में बिना धन के नहीं उतरा जा सकता है। सिंद्धांत मूल्य नैतिकता अब पुराने जमाने के शब्द हो गए है। महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, गुलजारीलाल नंदा, अटलबिहारी वाजपेयी, कुशाभाऊ ठाकरे जैसे चरित्र अब राजनीतिक सिस्टम से बनना बन्द हो चुके है। ईमानदार चरित्रों का राजनीति में हस्तक्षेप लगभग खत्म हो चुका है। राजनीतिक मंचो से भष्ट्राचार पर सख्ती बनावटी, दिखावटी अधिक लगती है। पूंजीवादी राजनीति के दौर में मूल्यों की राजनीति का स्थान नगण्य हो गया है। यही कारण है की सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों की कार्यप्रणाली चर्चा का केंद्र बनी हुई है। इन एजेंसियों पर पूर्व में भी सरकारी कठपुतली के आरोप लग चुके है, किँतु क्या पुरानी गलतियों को दोहराने के बजाय उन्हें सुधारा नहीं जाना चाहिए। इन एजेंसियों का सरकार को ईमानदारी से उपयोग करना चाहिए। सरकार की एजेंसियों पर विपक्षी नेताओं के सवाल बिना कारण नहीं है। इन सवालों के पीछे ऐसे राजनैतिक घटनाक्रम और चेहरे है जो शंका के घेरे में है। जिनपर भष्ट्राचार के आरोप लगे किंतु जब इन चेहरों ने अपनी निष्ठाओं को बदला तो जैसे यह वाशिंग मशीन धूल कर पाक-साफ हो गए। सरकार की निष्पक्षता पर सवाल उठाते चेहरों में महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार शामिल है। वें जब शिवसेना के साथ सरकार में शामिल थे तब उनपर भष्ट्राचार के आरोप केंद्र के सत्ताधारी दल द्वारा लगाए जा रहे थे, वे महाराष्ट्र की भाजपा के सहयोग से चलने वाली सरकार में शामिल हो गए तब उन पर सत्ताधारी दल ने आरोप लगाने बन्द कर दिए। शायद सत्ता में भागीदारी जांच से बचाने का परिणाम मॉनी जा रही है। महाराष्ट्र की राजनीति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, नारायण राणे जैसे नेताओं ने भाजपा का सहयोग किया तो उनके सब पाप धुल गए।

---

### जन एक्सप्रेस की निष्ठा

*डरता नहीं जो यह जन एक्सप्रेस है।*
*बदले नहीं कोई भी आत्म भेष है।।*
*सार्थक रहे निष्ठा विश्वास साथ में ।*
*कोशिश बहे रग-रग संकल्प हाथ में ।।*
*कुर्सी हिलाने जीवट संग पास में ।*
*मुश्किल घड़ी सींचे यह तंग त्रास में ।।*



खुशबू बरनवाल
'सीपी' राँची (झारखंड)

*जन जिंदगी खुशियाँ सागर मिले सदा।*
*पग मग बढ़े उन्नति पाएँ दिशा तदा ।।*
*शुभ दिन हुआ पूरा चौदह वर्ष खास है।*
*युग-युग रहो ! सच्चा निष्पक्ष प्रयास है।।*
*चहुँदिश प्रभा फैले जन एक्सप्रेस का।*
*निश्छल भलाई शपथ सफल स्वदेश का ।।*

### एक्सप्रेस ज्ञान

*कुछ उलझनों के हल वक्त पे छोड़ देने चाहिए, बेशक जवाब देर से मिलेंगे लेकिन बेहतरीन होंगे।*

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 19:51 तक |
| नक्षत्रः | पूर्व फाल्गुनी 11:30 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शुक्ला, 09:19 |
| सूर्योदयः | 06:23 |
| सूर्यास्तः | 17:50 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 13:33-14:59 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:30 |

### जन एक्सप्रेस

**दे रहे हैं न्यौता !**

*होगा फिर से स्वागत ।*
*है आया बयान ।।*
*आकर के तो देखें ।*
*मिलना तय सम्मान ।।*
*दे रहे हैं न्यौता ।*
*कर सकते प्रवेश ।।*
*हैं वो अब स्वतंत्र ।*
*ना है कोई क्लेश ।।*
*फिर मिलेगा उनको ।*
*पहले वाला प्यार ।।*
*गए थे वो खुद ही ।*
*करें पुनः विचार ।।*
*ना कोई आपत्ति ।*
*और नहीं प्रतिबंध ।।*
*सोच सकते नया कुछ ।*
*करने को प्रारंभ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे पर आलू का रस और गुलाब जल लगाने से दूर होती हैं कई समस्याएं

**हर** व्यक्ति खूबसूरत त्वचा पाना चाहता है। खासकर, चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हम कई तरह के उपाय आजमाते हैं। दरअसल, खराब खान-पान, तनाव और लाइफस्टाइल की वजह से हम सभी को त्वचा की कई समस्याओं जैसे- मुंहासों, दाग-धब्बों और ब्लैकहेड्स आदि का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अक्सर लोग कैमिकल रिच प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। लेकिन आपको बता दें कि घर में मौजूद चीजों से भी चेहरे की समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। जी हां, आलू और गुलाब जल, दोनों ऐसे इंग्रीडिएंट्स हैं, जो त्वचा के दाग-धब्बों और मुंहासों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होते हैं।

**चेहरे की डार्कनेस दूर करें:** अगर टैनिंग या पिग्मेंटेशन की वजह से आपकी त्वचा पर डार्कनेस आ गई है, तो आलू के रस में गुलाब जल मिलाकर लगाना काफी फायदेमंद होता है। अगर आप इन दोनों को लगाएंगे, तो इससे चेहरे की डार्कनेस काफी हद तक कम हो जाएगी। आलू के रस में मौजूद विटामिन सी रंगत में सुधार करता है।



**दाग-धब्बों को मिटाए:** अगर मुंहासों के जिद्दी निशान आपका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं, तो आप आलू के रस में गुलाब जल मिक्स करके लगा सकते हैं। आप चाहें तो इसमें हल्दी या बेसन भी मिक्स कर सकते हैं। आलू के रस में विटामिन सी होता है, जो दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करता है। वहीं, हल्दी भी त्वचा को साफ करने का काम करती है।

**मुंहासों से छुटकारा दिलाए:** अगर आप मुंहासों या एक्ने से परेशान हैं, तो आलू का रस और गुलाब जल मिक्स करके अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। आलू में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण मुंहासों को मिटाने में मदद करते हैं। साथ ही, ब्रेकआउट्स को भी रोकते हैं। गुलाब जल और आलू के रस को लगाने से मुंहासों से बचा जा सकता है। एक्ने प्रोन स्किन के लिए इस पेस्ट को लगाना फायदेमंद हो सकता है।

**चेहरे की रेडनेस कम करे:** कई लोगों की स्किन बेहद सेंसिटिव होती है। ऐसे में किसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से या फिर धूप में रहने की वजह से स्किन पर रेडनेस होने लगती है। इस रेडनेस या जलन से छुटकारा पाने के लिए आप आलू का रस और गुलाब जल लगा सकते हैं। आलू का रस और गुलाब जल लगाने से खुजली और सूजन से भी राहत मिलती है।

**ब्लैकहेड्स से छुटकारा दिलाए:** अगर आपके नाक के आस-पास ब्लैकहेड्स हैं, तो आप आलू के रस और गुलाब जल को मिक्स करके लगा सकते हैं। इसके लिए आप आलू के रस में गुलाब जल मिक्स करें। आप इसमें ओट्स मिलाएं। अब इससे चेहरे की स्क्रबिंग करें। 2-3 मिनट तक स्क्रबिंग करने से आपकी त्वचा से डेड स्किन सेल्स और ब्लैकहेड्स रिमूव होंगे। चेहरे पर आलू का रस और गुलाब जल लगाने का तरीका इसके लिए आप आलू को कद्दूकस कर लें। इसका रस निकाल लें। 2 चम्मच आलू का रस लें। इसमें गुलाब जल मिक्स करें।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# बीते 14 सालों में पूरे प्रदेश में प्रसारित हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस लाखों पाठकों की बना पहली पसंद



अरुण भारद्वाज

**भविष्य में भी आप सभी सुधी पाठक एवं विज्ञापन दाता हमारे जन एक्सप्रेस समाचार पत्र को ऐसे ही अपना सहयोग आशीर्वाद एवं कांता सम्मत सुझाव समय-समय पर देते रहेंगे और हमारी होने वाली किंचित त्रुटियों को सुधारने में हमें अपना**

**सत्यता यह है कि जन एक्सप्रेस के प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी सत्य सघन संवेदनात्मक अनुमतियों के मर्म स्पर्शी संपादक हैं आज के इस सूचना क्रांति के युग में जब सृजन विरोधी वातावरण कुछ तथाकथित अन्य समाचार पत्रों के पत्रकारों द्वारा पेड न्यूज के द्वारा बनाया जा रहा है तब ऐसे वातावरण में जन एक्सप्रेस के निर्भीक, निष्पक्ष, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी के सामने तमाम चुनौतियां आने के बावजूद उन्होंने हमेशा हंसते-हंसते अपनी लेखनी के द्वारा उन सभी चुनौतियों से कड़ा मुकाबला करके विजय प्राप्त की है।**

**बांसुरी** नगरी पीलीभीत के सुधी पाठक गण सादर नमस्कार आप सभी पाठकों को सूचित करते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि आज आप सभी के लोकप्रिय लखनऊ, देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस का स्थापना दिवस है 10 अक्टूबर 2019 को दैनिक जन एक्सप्रेस के विद्वान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी ने जन एक्सप्रेस की नींव रखी थी बीते 14 वर्षों में आपका लोकप्रिय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस शैशव अवस्था पार करके युवा होकर किशोरावस्था में पदार्पण कर चुका है। हमारा जन जन में लोकप्रिय समाचार पत्र जन एक्सप्रेस आज अपना स्थापना दिवस मान रहा है। विगत 14 वर्षों में प्रदेश के सभी सुधी पाठकों ने जो अपना स्नेह प्यार एवं दुलार हमारे समाचार पत्र के लिए दिया है। उसके लिए जन एक्सप्रेस समाचार पत्र की पूरी टीम आप सभी की हृदय से आभारी है। सुधी पाठकों के प्राप्त प्यार से जन एक्सप्रेस की टीम को आप सभी के बीच सामाजिक सरोकारों की एवं राजनीतिक, प्रशासनिक, अपराधिक, खेल, अध्यात्म, साहित्य की पल-पल की खबरें पहुंच कर हमें जो सफलता प्राप्त हुई है वह आप सभी पाठकों के प्रेम का जीता जागता प्रमाण है बांसुरी नगरी पीलीभीत में जन एक्सप्रेस अखबार संपादक महोदय अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा मुकेश कुमार को पीलीभीत जनपद का ब्यूरो चीफ बनाने के बाद मुकेश कुमार की टीम के निष्पक्ष, निर्भीक, खोजी पत्रकारों अरुण भारद्वाज एडवोकेट नगर संवाददाता एवं पूरनपुर, बीसलपुर, कलीनगर, अमरिया तहसीलों के प्रभारी पत्रकारों द्वारा दिनांक 20 जुलाई 2023 से बांसुरी नगरी पीलीभीत में पाठकों के बीच जन एक्सप्रेस समाचार पत्र आज यहां के पाठकों सहित पूरे प्रदेश के लाखों पाठकों की पहली पसंद बन चुका है। वास्तव में ब्यूरो चीफ मुकेश कुमार ने जन एक्सप्रेस समाचार पत्र रोज सुबह चाय की चुस्की के साथ पाठकों तक पहुंचने का सराहनीय है कार्य किया है। सत्यता यह है कि जन एक्सप्रेस के प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी सत्य सघन संवेदनात्मक अनुमतियों के मर्म स्पर्शी संपादक हैं आज के इस सूचना क्रांति के युग में जब सृजन विरोधी वातावरण कुछ तथाकथित अन्य समाचार पत्रों के पत्रकारों द्वारा पेड न्यूज के द्वारा बनाया जा रहा है तब ऐसे वातावरण में जन एक्सप्रेस के निर्भीक, निष्पक्ष, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी के सामने तमाम चुनौतियां आने के बावजूद उन्होंने हमेशा हंसते-हंसते अपनी लेखनी के द्वारा उन सभी चुनौतियों से कड़ा मुकाबला करके विजय प्राप्त की है। तब संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी अपने समाचार पत्र हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस के सच्चे सजग प्रहरी की भांति सुधी पाठकों को अपने संपादित सामाजिक सरोकारों से युक्त समाचार एवं लेखों व संपादकीय को नित्य प्रतिदिन पाठकों के समक्ष परोस कर राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए पत्रकारिता धर्म के शाश्वत व चिरपुरातन मूल्यों की रक्षा करने में दिन-रात लगे हुए हैं। आज दैनिक जन एक्सप्रेस के हमारे उदार मन- विज्ञापन दाताओं द्वारा जो हमारे समाचार पत्र के 15 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं हमारे समाचार पत्र को प्रेषित की गई है उसके लिए जन एक्सप्रेस के प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी जी एवं पीलीभीत जिला मुख्यालय सहित बीसलपुर, पूरनपुर, अमरिया, कलीनगर तहसीलों के पत्रकारों की टीम अपने सभी विज्ञापन दाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है। हमें आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आप सभी सुधी पाठक एवं विज्ञापन दाता हमारे जन एक्सप्रेस समाचार पत्र को ऐसे ही अपना सहयोग आशीर्वाद एवं कांता सम्मत सुझाव समय-समय पर देते रहेंगे और हमारी होने वाली किंचित त्रुटियों को सुधारने में हमें अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

**प्रस्तुति मुकेश कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक जन एक्सप्रेस पीलीभीत।**

# सिद्धनगर में शौचालय घोटाले की जाँच में मनमानी रिपोर्ट पर हंगामा

- गांव में पहुंचे जांच अधिकारी ने प्रधान के घर बैठ कर ही शिकायत को किया रफा-दफा
- शिकायतकर्ता और एडीओ पंचायत में हुई तीखी नोक-झोंक
- एडीओ पंचायत की मनमानी जांच के लेकर ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। सम्पूर्णानगर खीरी**



स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव गांव में शुलभ शौचालय योजना का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है ताकि खुले में शौच मुक्त प्रदेश हो सके! लेकिन कुछ विभागीय अधिकारियों व ग्राम प्रधान इस योजना के लाभार्थियों के खातों में पहुंचीं धनराशि को निकालकर अपनी जेब भरने में लगे है। धनराशि के पैसे प्रधान को देने पर लाभार्थियों ने शौचालय नहीं बनाया है जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से करने पर गांव में पहुंचे जांच अधिकारी ने प्रधान के घर बैठ कर ही शिकायत को रफा-दफा कर शासन की मंशा को ठेंगा दिखाया है। पड़ोसी जनपद पीलीभीत के विकासखण्ड पूरनपुर की शारदा पार हजारा इलाके के ग्राम पंचायत सिद्धनगर में लाभार्थियों को आवंटन हुए लगभग दो सौ की संख्या में सुलभ शौचालयों को ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह अपने पुत्र राजकुमार के साथ एक ही परिवार में कई लाभार्थियों को शौचालय योजना का लाभ दिलाकर प्रत्येक शौचालय के एवज में दो से चार हजार रुपये ले लिए जिसके चलते लाभार्थियों ने शौचालय नहीं बनाया! इतनी बड़ी संख्या में शौचालय लाभार्थियों से वसूली कर प्रधान ने मोटा पैसा इकट्ठा कर विभागीय अधिकारियों से बंटवारा कर कागजों में सभी शौचालय पूर्ण दिखा दिए! जबकि धरातल पर दो सौ की संख्या में आवंटित शौचालय घरों में नहीं बनाए गए! इतने बड़े शौचालय घोटाले की शिकायत राजन पांडेय ने शपथ पत्र पर लिखकर जिलाधिकारी को भेजा था जिसपर अधिकारियों ने एडीओ पंचायत अजय देवल को जाँच अधिकारी नामित कर गांव में मामले की जाँच करने को भेजा लेकिन जाँचकर्ता अजय देवल गांव के गिने चुने प्रधान के 3 से चार करीबियों के घरों में बने शौचालय की जाँच कर प्रधान के घर बैठकर मामले को निपटा दिए! शिकायतकर्ता राजन पांडेय का आरोप है कि जांचकर्ता अधिकारी बिना शौचालय सूची के ही गांव में मनमानी तरीके से कुछ घरों में जाँच किए जबकि आवंटित दो सौ की संख्या में शौचालय घरों में नहीं बनाए गए है! ग्रामीणों ने मौके पर जिलाधिकारी को फोन कर एडीओ पंचायत के मनमाने जाँच करने के मामले से अवगत कराया! मौके पर राजन पांडेय, दिलीप कुमार यादव, अमरजीत कुमार,राकेश गुप्ता,मुकुल गुप्ता, आशुतोष कुमार,समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# पैक्स सदस्यता महाभियान के तहत मेगा कैम्प का आयोजन किया

**जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी**



बी पैक्स सदस्यता महाभियान के तहत ब्लाक कुम्भी के गांव हजरतपुर में बुधवार को बस्तौली समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह लाडी के संयोजन में दूसरे चरण का एक मेगा कैम्प का आयोजन किया गया।आयोजित कैम्प में गोला विधायक विधायक अमन गिरि मुख्य अतिथि व राजापुर बेनी समति के अध्यक्ष देवेश प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मेंगा कैम्प में पहुंचने से पहले विधायक अमन गिरि ने अपनी निधि से हज़रत गुरुद्वारा जाने बाले लगभग पांच सौ मीटर इंटर लाकिंग रोड का फीता काट कर शुभारंभ किया। हज़रतपुर में आयोजित कैम्प में वक्ताओं ने उपस्थित कृषको का बी-पैक्स की सदस्यता ग्रहण कर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिये जाने का आवाहन किया। गोला विधायक ने मेगा कैम्प में आये कृषको को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सहकार से समृद्धि के मूलमंत्र के अन्तर्गत किसानों की आय को दोगुनी करने, सिचाई की सुविधायें, उर्वरक, उन्नत बीज, विपणन, डेयरी कार्यकलापों, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कृषि उत्पादन एवं उत्पाद के प्रसंस्करण आदि से सम्बन्धित समस्त जानकारियां किसानों को बताई तथा उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान बी-पैक्स से जुडे और उसके सदस्य बनकर अधिक से अधिक लाभ लें।इस दौरान समिति सचिव प्रवल अवस्थी,सच्चिदानंद शुक्ला, अरविंद सिंह कुम्भी, प्रधान अब्दुल अजीज खां,पूर्व प्रधान रामशंकर शुक्ल,जिला पंचायत सदस्य लल्लन शुक्ला, आत्मानंद शुक्ला, जुबैर खान,पूर्व प्रधान राम सिंह, हजरतपुर प्रधान सुभाष निषाद,अमर सिंह, आयूष भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य तौहीद खां, संजय सिंह कुम्भी,राजेश कुमार पुनित मिश्रा राममूर्ती यादव अमित गुप्ता सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 15 अक्टूबर से शुरू होगा दशहरा मेला

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** छोटी काशी गोला गोकरननाथ में दशहरा मेला आगामी 15 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। दशहरा मेला 25 तारीख को रावण वध के बाद 26 अक्टूबर को राजगद्दी के साथ संपन्न होगा। श्री रामलीला महोत्सव 2023 के अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी मोंटी ने बताया की छोटी काशी गोला गोकरननाथ में श्री रामलीला का प्रारंभ 15 अक्टूबर को नगर के मेला मैदान में किया जाएगा। पहले दिन गणेश पूजन व ध्वजारोहण, दूसरे दिन शिव बारात, तीसरे दिन श्री राम जन्म राम जन्म, मुनि आगमन और तड़का वध, 18 को पुष्प वाटिका धनुष भंग और परशुराम लक्ष्मण संवाद होगा, 19 अक्टूबर को श्री राम विवाह व बारात, 20 अक्टूबर को श्री राम वन गमन, दशरथ मरण , केवट संवाद, 21अक्टूबर को चित्रकूट में भरत मिलाप, सीता हरण , जटायु मरण, 22 अक्टूबर को सुग्रीव मित्रता और बालि वध, लंका दहन 23 अक्टूबर को होगा, 24 अक्टूबर को विभीषण शरणागत, सेतुबंध रामेश्वरम, 25 अक्टूबर को कुंभकरण, मेघनाथ, रावण वध दशहरा मेला, 26 अक्टूबर को राजगद्दी मोहम्मदी रोड पर होगी।

### गन्ना सट्टा प्रपत्रों में बैंक खाता, आधार और मोबाइल नंबर अवश्य डलवायें

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सहकारी गन्ना विकास समिति गोला के सचिव ने बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड सहित गन्ना समिति के क्षेत्र में आने वाले सभी गन्ना कृषकों से अपील की है कि वह अपना सट्टा ऑनलाइन या समिति में आकर चेक करवा लें।सचिव बलवंत कुमार ने बताया कि सभी गन्ना सट्टाधारकों को समिति में आकर अथवा ऑनलाइन अपना सट्टा चेक करवा लेना चाहिए। जिन गन्ना किसानों के मोबाइल नंबर बैंक खाता अकाउंट नंबर अथवा आधार कार्ड या अन्य कोई आवश्यक अभिलेख गन्ना सट्टा पर पत्रों में उल्लेखित नहीं है तो उसे अवश्य अंकित करवा दें। अन्यथा की स्थिति में आगामी पेराई सत्र में किसानों का सट्टा संचालन संभव नहीं हो पायेगा।

### ग्राम पंचायत कोरिगावां गांव में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया

**जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी। मोहम्मदी खीरी।** पिपरिया धनी ब्लॉक मोहम्मदी की न्याय पंचायत आटवा पिपरिया की ग्राम पंचायत कोरिगवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय सी.एच.ओ.वंदना वर्मा व एनम किरन राठौर के द्वारा गांव में टीकाकरण किया गया जिसमें 6 बच्चों का टीकाकरण हुआ व आयुष्मान कार्ड की जानकारी दी गई।वहीं डॉक्टर सी.एच.ओ.वंदना वर्मा के द्वारा बताया गया कि जिन लोगों के लिस्ट में नाम है वह लोग आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवा ले जिससे प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति अपने इलाज के लिए पांच लाख रूपये का सहयोग उसको मिल जाएगा इस मौके पर सी.एच.ओ.वंदना वर्मा,एनम किरन राठौर,ग्राम प्रधान पति अमरजीत सिंह उर्फ लाडी, आशा,मीना व ग्रामीण लोग मौके पर मौजूद रहें।



### सड़क पर गड्ढे होने से अनियंत्रित ट्रैक्टर खड्ड में गिरा

**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** खेत पर धान लेने जा रहा एक किसान का ट्रैक्टर डनलप गड्ढों वाली सड़क से नीचे पहुंच पानी में पलट गया इससे ड्राइवर घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे एक क्लीनिक पर ले जाकर दवा कराई।मझगईं थाना क्षेत्र के ग्राम तिलोकपुर के मजरा लोकनपुरवा निवासी विजय कुमार का पौत्र सतेन्द्र ट्रैक्टर डनलप लेकर धान निकवाने के लिए खालेपुरवा के पास खेत पर जा रहा था।लेकिन नौगवां कस्बे से एक किलोमीटर की दूरी पर क्षतिग्रस्त पुलिया के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में 4 से 5 फिट पानी में जाकर पलट गया। जिसे देख वहाँ मौजूद कुछ ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को आनन- फानन में निकाल कर एक प्राइवेट क्लीनिक पर ले जा इलाज कराया । इससे वहाँ बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि रोड में गड़ढे अधिक होने के कारण यहां इससे पहले भी कई वाहन पलट चुके हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है।



# कांग्रेस पार्टी द्वारा हर एक विधानसभा मे 500 माँग पत्र भरकर,10 रात्रि चौपालों का आयोजन किया जाएगा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता मे जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर त्रिवेदी ने बताया की काशी राम परि निर्वाण दिवस 9 अक्टूबर से संविधान दिवस 26 नवम्बर तक तक चलने वाले दलित गौरव संवाद के लिए स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते के नारे के तहत जनपद की सभी विधान सभा क्षेत्रों दलित अधिकार मांग पत्र भरकर जोड़ा जाएगा।दलित गौरव संवाद कार्यक्रम की शुरुआत 9 अक्टूबर को प्रदेश कोंग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन कर की गई। प्रत्येक विधान सभा मे दलित अधिकार माँग पत्र की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि हर एक विधान सभा मे 500 माँग पत्र भरवाने है,10 रात्रि चौपालों का आयोजन किया जाएगा।लोकसभा स्तर पर बैठक कर कोर कमेटी का गठन करना कि उसके उपरान्त यात्रा निकाली जानी हैं। दलित अधिकारो व संविधान रक्षा के लिए माननीय राहुल गांधी। कांग्रेस पार्टी वचन बद्ध हैं। प्रेस् वार्ता मे अनुसूचित जाति के रामजीवन राज,गंगा राम राजवंशी,विनीता राजवंशी, पंकज शुक्ला, संजय गोस्वामी,तेजपाल गुप्ता विनय बाबू,प्रवक्ता इम्तिाज़ अली अकबर अली नकवी रवि गोस्वामी, विविध वर्मा,उपस्थित रहे।

# अवैध कच्ची शराब निस्कर्षण को लेकर बिजुआ पुलिस का चला हंटर

**जन एक्सप्रेस। बिजुआ-खीरी**



बिजुआ पुलिस ने अवैध कच्ची शराब निर्मित करने वाले माफियाओं के खिलाफ चलाया अभियान। इस अभियान से अवैध कच्ची शराब निर्माताओं में हड़कंप मच गया। बिजुआ चौकी प्रभारी चेतन तोमर ने अपने मय फोर्स के साथ अभियान चलाते हुए छापा मारा। छापेमारी में मोहर सिंह पुत्र उत्तम सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी दम्बलटांडा को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है। इस छापेमारी के दौरान उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडेय, हे. कांस्टेबल कुलदीप कुमार व कांस्टेबल मोहित कुमार मौजूद रहे।

# धान खरीद को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) दल ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। बिजुआ-खीरी**

धान खरीद को लेकर राइस मिलों द्वारा किसानों का धान ओने पौने दामो पर खरीदा जा रहा है जिससे किसानों में मायूसी छाई है। कुछ किसान अपनी खतौनी लेकर 1800 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से धान बेच रहे हैं। वहीं कुछ किसानों के पास खतौनी न होने पर 100 रुपए कम भाव में धान खरीद रहे हैं साथ ही 2 किलो प्रति कुन्तल के हिसाब से कर्दा व 6 रुपए प्रति कुन्तल पल्लेदारी ले रहे हैं और यदि कोई किसान उसी मिल में धर्म कांटा करवाता है तो 80 रुपये प्रति ट्राली देना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) दल ने एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा को ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि प्रशासन द्वारा धान मिलों व मंडी सचिव के खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं हुई तो हमारी यूनियन धान मिलों व मंडी सचिव के ख़िलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष( अराजनैतिक) कुलवंत सिंह जोशन, गोला नगर अध्यक्ष महेंद्र कुमार वर्मा , बाबू राम, गुरमुख सिंह, गुरप्रीत सिंह, चरण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 15 दिनों के बाद खेत तैयार करके गन्ने की बुवाई करने से समय की होगी बचत

- कृषकों को नर्सरी लगाने से होने वाले लाभ की जानकारी दी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया द्वारा अगैती गन्ना प्रजाति बुवाई हेतु ग्राम बसंतापुर निवासी कृषक जगतार सिंह के यहां अक्टूबर गन्ना बुवाई के लिए कोल0 14201 की कृषि ट्रे मे नर्सरी तैयार कराई गई। इस विधि मे गन्ना बीज को एक आंख कटर द्वारा काटकर कृषि ट्रे में भर कर रखा गया, जिसको तैयार खेत में ले जाकर ट्रांसप्लांटिंग द्वारा बोया जाएगा। इसके द्वारा कम बीज लगभग 1 एकड़ की बुवाई 5 से 7 कुंटल बीज लगता है ।जबकि सामान्य विधि से बुवाई में 30 से 35 कुंटल गन्ना बीज लगता है ।जिन खेतों में धान की फसल खड़ी है 15 दिनों के बाद खेत तैयार करके गन्ने की बुवाई करने से समय की बचत होगी। गन्ना बीज को बड कटर द्वारा काटने से रोगी आंख को बाहर निकाल देने से बीज का चुनाव हो जाता है तथा बीज को थायोफिनाइट मिथाइल में डूबा कर बोने से फफूँदी द्वारा लगने वाली बीमारी से बचाव हो जाएगा। इस विधि से गन्ना बीज की नर्सरी तैयार करके कृषक भाई कम बीज उत्तम क्वालिटी व स्वस्थ गन्ना तैयार हो जाएगा । चीनी मिल के वरिष्ठ उप प्रधान प्रबंधक( गन्ना )राजीव तोमर ने कृषकों को नर्सरी लगाने से होने वाले लाभ की जानकारी दी।इस मौके पर गन्ना ग़ाम सेवक व काफी संख्या मे किसान उपस्थित रहे।

### नेता जी के सपनों को साकार करने का लें संकल्प

**जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर।** सपा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि बिजलीपुरा स्थित कार्यालय पर मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया। जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने नेताजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि मुलायम सिंह यादव देश के ऐसे महान नेता हुए हैं, जिन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए समाजवादी विचारधारा के माध्यम से वंचितों के लिए संघर्ष किया। नेताजी की पहली पुण्यतिथि पर उनके सपनों को साकार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का संकल्प हमें लेना चाहिए। पूर्व विधायक दल सिंह यादव, रणंजय सिंह यादव, गायत्री वर्मा, सैयद रिजवान अहमद,चौधरी रामकुमार भोजवाल, संजीव वर्मा, राजेश, कमल किशोर कठेरिया, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद इदरीस खान आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए मुलायम सिंह यादव

**जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मंगलवार को सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कर उन्हें नमन किया गया। मोहम्मदी रोड पर पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पार्टी हित में किए गए उनके कार्यों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।पूर्व विधायक विनय तिवारी, सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आकाश लाला, रियाज उल्ला खां उर्फ बन्ने प्रधान और अहमदनगर के पूर्व हजरत अली मंसूरी ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर विजय पाठक राजाराम गुप्ता नितिन तिवारी समेत कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व राज्यसभा सांसद रवि प्रकाश वर्मा के आवास पर भी कार्यक्रम आयोजित कर नेताजी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सत्य राम वर्मा लल्लन, प्रवीण कश्यप, राम अवतार शर्मा, नारायण लाल वर्मा समय तमाम लोग मौजूद रहे।पूर्व विधायक के आवास पर विजय पाठक, राजाराम गुप्ता, नितिन तिवारी समेत तमाम सपाई मौजूद थे। कुकरा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर कुकरा के नगर अध्यक्ष जकीउल्ला खान बरकाती के आवास पर प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष शान मोहम्मद, शमी उल्ला खान बरकाती, जफर अली, निजामुद्दीन, सुरेश यादव, राधे यादव, सादुल्ला खान, रिजवान खान, इशरत अली, वसीम खान, गुलाम नगर के वसीम मौजूद रहे।

# अतरौली सीएचसी में प्रसव के बाद महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

कस्बे के अवंतीबाई चौराहा स्थित सरकारी अस्पताल में अनदेखी के चलते प्रसूता व मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार की रात एक और प्रसूता की इस सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। एक सप्ताह के अंदर प्रसूता और नवजात की यह चौथी मौत है। तहसील क्षेत्र के गांव सूरतगढ़ निवासी पूर्व बीडीसी दिनेश कुमार की पत्नी जुगलेश देवी (27) गर्भवती थीं। पहली बार प्रसव के लिए परिजनों ने रविवार को अतरौली सीएचसी में भर्ती कराया। रविवार को ही उन्होंने बेटे को जन्म दिया। रविवार की शाम करीब पांच बजे प्रसूता को रक्तस्राव होने लगा। इस पर परिजनों ने चिकित्सकों को दिखाना चाहा तो पता चला उस समय सीएचसी व 100 शैया अस्पताल से चिकित्सक जा चुके थे। स्टाफ ने जुगलेश देवी को जिला महिला अस्पताल अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन तब तक अत्यधिक रक्तस्राव हो चुका था। सोमवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों ने सीएचसी स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर पूर्व जिपं सदस्य केपी सिंह मिस्त्री गांव पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल में लगातार प्रसूताओं की मौत हो रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व्यवस्था में सुधार नहीं कर पा रहे हैं।

# पिहानी में डेंगू की दस्तक से लोगों में दहशत

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

- सीएचसी अधीक्षक ने टायफाइड और मलेरिया बुखार के केस मिलने की बात कही

**पिहानी।** कस्बे में मलेरिया और टायफाइड के बीच अब डेंगू की भी दस्तक से लोगों में दहशत है। इस बीच मच्छरों की भरमार से नगर पालिका के इंतजामात नाकाफी साबित हो रहे हैं। स्वास्थ्य महकमे के पास डेंगू के मरीजों का कोई डाटा नहीं है। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने टायफाइड और मलेरिया बुखार के केस मिलने की बात कही है। कस्बे के आनंद वैश्य को डेंगू होने पर लखनऊ के संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। कमरुद्दीन की पुत्री का हरदोई में इलाज चल रहा है, जबकि डब्ल्यू चौहान की पत्नी शिवम व उनकी बहन स्वाति गुप्ता, अब्दुल मुगीस आदि के डेंगू बुखार से पीड़ित होने पर हरदोई के अलग-अलग प्राइवेट नर्सिंग होम पर भर्ती करवाया गया है। कस्बे में प्रियम गुप्ता और रवि रस्तोगी के परिवार में भी कई लोग डेंगू से पीड़ित बताए जा रहे हैं। रवि का परिवार लखनऊ के चरक अस्पताल में भर्ती है। कस्बे में इसके अलावा मलेरिया और टायफाइड समेत विभिन्न बुखार से भी लोग परेशान हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सीएचसी पर डेंगू के कोई केस नहीं हैं। ये मामले सस्पेक्टेड डेंगू के हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील कि है कि उल्टी, पेट दर्द आदि के साथ बुखार होने पर सीएचसी या क्वॉलिफाइड चिकित्सक को ही दिखाएं। सीएचसी पर डेंगू, मलेरिया और टायफाइड की जांच की जा रही हैं। इस संबंध में ईओ अमित कुमार ने कहा कि नगर में दोपहर को दवा का छिड़काव और शाम को फागिंग का शेड्यूल बढ़ा दिया गया है।

# दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला बीए की छात्रा का शव

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**



हरदोई जिले में कोतवाली देहात क्षेत्र के सुजानपुरवा गांव में मंगलवार की रात में बीए की एक छात्रा ने कमरे के अंदर छत में पंखे के कुंडे में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। परिजन आत्महत्या की बात कह रहे हैं लेकिन, वजह से खुद को अंजान बता रहे है। कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुरवा गांव निवासी श्री चंद की पुत्री साधना (20) बीए कर चुकी थी। दो भाइयों के बीच एकलौती थी। मंगलवार की देर शाम कमरे की अंदर से कुंडी लगाकर छत के कुड़े में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने खिड़की से कमरे के अंदर शव लटकता देखा। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरा। छात्रा ने आत्महत्या क्यों की, इस सवाल पर परिजन कुछ भी बोलने से चुप हैं। कोतवाल राजवीर सिंह ने बताया कि परिजन आत्महत्या करने की बात बता रहे हैं। वजह से खुद को अंजान बता रहे हैं।

# 50 परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को जल्द मिलेंगे स्मार्ट क्लास

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नगर क्षेत्र सहित सदर तहसील के पांचों विकास खंड के 50 परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को जल्द ही स्मार्ट क्लास मिल जाएंगे। विभागीय प्रयासों को और गति देने के लिए विधायक निधि से विद्यालयों में काम कराया जाएगा। नोडल विभाग डीआरडीए ने काम कराए जाने की प्रक्रिया शुरू करा दी है। परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के विभागीय प्रयासों को पंख लगने की उम्मीद है। सदर विधायक नितिन अग्रवाल ने विधायक निधि से विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के लिए प्रोजेक्टर, एलईडी टीवी व अन्य उपकरण प्राप्त कराए जाने के लिए राशि दिए जाने का प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) को इस्टीमेट व काम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्मार्ट क्लास पर करीब 25 लाख का खर्च आने का अनुमान है। बताया गया कि विधायक के प्रस्ताव पर नगर क्षेत्र के नौ, सुरसा के छह, बावन के 20, हरियावां के आठ, टड़ियावां के पांच व अहिरोरी के दो विद्यालयों को चयनित किया गया है।

# जिला महिला अस्पताल में मामूली कहासुनी के बाद चटकी लाठी

**✻ सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में, दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर कराया समझौता**

**जन एक्सप्रेस। उरई**

जिला महिला अस्पताल में मामूली कहासुनी के बाद दो गुटों में लाठी डंडे चल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया और दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया और समझा बुझाकर उनका मौके पर समझौता करवा दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरूसा निवासी कृष्ण गोपाल व दारा सिंह पुत्र बलराम मंगलवार की देर शाम तकरीबरन आठ बजे अपनी भांजी रेशमा पत्नी राहुल निवासी जालौन जिसको को देखने जिला महिला अस्पताल आए हुए थे। इसी दौरान शहर के राजेंद्र नगर निवासी श्याम किशोर पुत्र मनीराम अपनी पत्नी अनीता और बेटा अभिषेक व बहू पूजा के साथ महिला अस्पताल आया हुआ था। इस दौरान किसी बच्चे ने कृष्णगोपाल की बाइक की सीट में निशान बना दिये। इसी बात को लेकर उसका विवाद श्याम किशोर से होने लगा। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों से कई लोग इकट्ठा हो गए और महिला अस्पताल परिसर में लाठी डंडे चलने शुरू हो गए। वहीं महिला पूजा का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उसके पेट में लात मार दी। जिससे उसके पेट में बच्चा होने के कारण वह घायल हो गई। जिसे तत्काल इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं श्याम किशोर ने बताया कि कृष्णगोपाल और उसका बड़ा भाई दारा सिंह ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उसके पैर में फैक्चर हो गया, और उसकी पत्नी के भी शरीर में चोटे आई। फिलहाल मौजूद लोगों ने द्वारा दी गई सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे पक्ष के लोगों को बुधवार की सुबह बुलाकर पूरे मामले की हकीकत परखी, और दोनों पक्षों में समझौता करा दिया।



## हालत बिगड़ने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पुलिस ऑफिस में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मोहल्ला बघोरा निवासी अर्जुन 55 वर्ष पुलिस ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था। बताया गया कि मंगलवार की रात अपने ही घर पर अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। अचेत अवस्था में देख परिजन घबरा गए और उनमें रोना पीटना शुरू हो गया। घर में मचा शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# लापता इकलौते पुत्र को पाने के लिए पुत्री के साथ दर-दर भटक रहा वृद्ध पिता

**✻ डीएम को दिया शिकायती पत्र, बहू व उसके भाई पर लगाया गायब करने का आरोप**

**जन एक्सप्रेस। उरई**



लापता हुए इकलौते पुत्र को पाने के लिए पुत्री के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। वृद्ध पिता ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बहू व उसके भाई पर गायब करने का आरोप लगाते हुए उसे वापस पाने की गुहार लगाई।

महोबा के ग्राम कोटरा निवासी वृद्ध श्रीपत अपनी पुत्री के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा और उसने डीएम राजेश कुमार पांडेय को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पुत्रवधू कोतवाली कालपी के ग्राम लमसर निवासी हैं। जो बीती 27 जून को अपने भाई के साथ बाइक से उसके गांव कोटरा पहुंची और उसके इकलौते पुत्र को अपने साथ ग्राम टिकरिया लिवा ले गई। इतना ही नहीं आरोप है कि वह अपने साथ करीब 10 से 12 लख रुपए के कीमती आभूषण व चार लाख रुपए की नगदी भी ले गई थी। बताया कि तभी से उसका पुत्र लापता है और करीब चार माह बीतने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटा। वृद्ध पिता ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए डीएम से उसे बरामद करवाने की गुहार लगाई है। फिलहाल डीएम ने मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल कराकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# डीएम ने राज्य कर विभाग की ली बैठक




**जन एक्सप्रेस। उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राज्य कर विभाग द्वारा टीडीएस कटौती के संबंध में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बैठक आयोजित हुई। डीएम ने कहा कि सभी सरकारी विभागों का जीएसटी में पंजीकरण अनिवार्य हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सरकारी विभागों को पंजीकृत होने एवं संविदाकारों, वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति करने वाले व्यापारियों का पंजीकृत करने और नियमानुसार टीडीएस (जीएसटी) की कटौती करते हुए अधिक से अधिक जीएसटी पंजीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के अंदर व्यापारिक गतिविधि संचालित करने वाले व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक से अधिक व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण कराने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सरकारी धनराशि से बहुत सी वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति प्राप्त की जाती है इसके लिए सरकारी विभागों द्वारा जो भुगतान किया जाता है उस पर भुगतान करते हुए स्रोत पर दो प्रतिशत टीडीएस (जीएसटी) काट कर राजकीय कोषागार में जमा किए जाना अनिवार्य है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी प्रमोद कुमार विश्वकर्मा सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पीड़ितों की तहरीर पर तीन मारपीट के मामले दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** अलग-अलग थाना पुलिस में मारपीट के तीन मामले दर्ज कर पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया रामनगर निवासी अनिल कुमार पुत्र धनश्याम दास ने कोतवाली में पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि 5-6 व्यक्ति अज्ञात उसके घर आए और उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वही सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी शैलेंद्र सिंह भदोरिया पुत्र मुलायम सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही राम बहादुर पुत्र सालिग सिंह समेत दो लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलत की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वही शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र रघुवीर ने कोतवाली में पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि मॉर्निंग स्टार स्कूल के पीछे महावीर पुत्र शिवचरण निवासी राजेंद्र नगर समेत तीन लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस में तीनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पुलिस जवानों ने नगर की सड़कों पर किया फुटमार्च



**जन एक्सप्रेस। कालपी**

आगामी रामनवमी एवं दशहरा के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ, उप निरीक्षक राजेश कुमार महमूदपुर चौकी इंचार्ज संतोष शुक्ला, सशस्त्र पुलिस जवान, महिला सिपाहियों के द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो तथा सार्वजनिक स्थानों में फुट मार्च कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया गया। नगर के सबसे भीड़भाड़ वाले फुल पावर बाईपास चौराहे में क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ विभागीय कर्मचारी एकत्रित हो गए। पुलिस जवानों के द्वारा मेंन बाजार टरनंनगंज, सराफा बाजार, खोवा मंडी, मूंगफली मंडी, राम चबूतरा आदि स्थानों में पुलिस जवानों के द्वारा फुटपाथ किया गया। इस दौरान पुलिस जवानों के द्वारा जनता से संवाद स्थापित करके सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# सड़क हादसे में प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष का निधन

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

बुधवार की सुबह हुए एक सड़क हादसे में ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अशोक मिश्र का निधन हो गया। परासिया मिश्र से देवरिया आते समय भरौली के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अशोक मिश्रा (59) पुत्र हंसनाथ मिश्र सदर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत परासिया मिश्र के प्रधान थे। वह कचहरी में भी मुंशी का काम करते थे। वे बुधवार की सुबह अपनी बाइक से देवरिया आ रहे थे। उसी दौरान पीछे से है किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अशोक मिश्रा के निधन की खबर मिलते ही जिले के ग्राम प्रधानों में शोक की लहर दौड़ गई। कई जनप्रतिनिधियों ने भी सोशल मीडिया पर संवेदना व्यक्त की। अशोक मिश्र तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे। उनके दो बेटे अनूप और पिंटू हैं। घटना की सूचना से घर में कोहराम मच गया सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। हादसा किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से हुआ है।

# मौत का दावत दे रहा है बिजली का तार एवं खंभा

**जन एक्सप्रेस। टीकमपार, देवरिया**

भाटपार रानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत का टीकमपार में कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय स्थित है । लगभग कई बरसों से 11000 वोल्ट का तार जो विद्यालय होकर गुजरती है। बिजली का तार बहुत लूज़ हो गया है। विद्यालय मे जो पीपल का पेड़ है जो हमेशा तार उसमे टकराकर तड़ तड़ की आवाज आती रहती है ।कुछ साल पहले बिजली के तार से एक आदमी की मौत भी हो चुकी। कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिवलोचन कुशवाहा ने बताया कि मैं इसका एप्लीकेशन लगभग कई बार कर चुका हूं लेकिन इसके कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि मैं जेई को कई बार एप्लीकेशन दे चुका हूं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने बताया कि मैं इसका एप्लीकेशन सांसद रविन्द्र कुशवाह दिए है। लेकिन कोई बात नहीं बनी। टीकमपार की जनता एवं फुटबॉल प्लेयर भी सभी दुखी हैं इतना एप्लीकेशन देने के बावजूद भी बिजली का खंभा नहीं हट पा रहा है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भयभीत हो गए हैं। उन लोगों को डर हमेशा सताता रहता है कि कभी भी तार टूट के गिर सकता है।

## कांग्रेस पूरे जिले में आयोजित करेगी दलित गौरव संवाद कार्यक्रम: रामजी गिरि

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** दबे कुचले और दलित समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में कांग्रेस कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर से 26 नवम्बर संविधान दिवस तक प्रत्येक विधानसभा में स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते के नारे के साथ **'दलित गौरव संवाद'** कार्यक्रम आयोजित करेगी।उक्त बातें जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने बताते हुए कहा कि इस अभियान में प्रत्येक विधानसभा के दस दलित बहुल्य गावों में रात्रि चौपाल आयोजित किया जाएगा।इस दौरान दल के सभी पदाधिकारी **अधिकार मांग पत्र** भी भरेंगे। हर विधानसभा में 500 मांग पत्र भरे जाएंगे। एक दिन में एक पदाधिकारी सात मांग पत्र से अधिक नही भरेगा। वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि आज पूरे देश व प्रदेश में जहां भी भाजपा की सरकार है, दलित समाज को उपेक्षा की दृष्टि से देखा जा रहा है। कांग्रेस ने हमेशा दलित वर्ग सहित सभी वर्गों के विकास का काम किया है। दलित वर्ग आज कांग्रेस के नीतियों व सिद्धांतो के दम पर सम्मान का जीवन जी रहा है।

## मनरेगा मे कार्यरत महिलाओं ने चार सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

ग्राम पंचायतो में कार्यरत महिलाओ द्वारा जिलाधिकारी महोबा को चार सूत्रीय ज्ञापन सौपा गया है।

ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिलाओं द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि मस्टररोल मे महिला मेट के हस्ताक्षर व मोबाइल, मानिटरिंग सिस्टर सहित सम्पूर्ण हाजिरी लगाये जाने का अधिकार महिला मेटो को दिये जाने। 20 लेवर का प्रतिबंध हटाकर पक्के हो या कच्चे पंचायतो के प्रत्येक इकाई पर महिला मेट को लगाया जाये, तथा पिछले कराये गये कार्यो का भुगतान यथाशीघ्र किया जाये, तथा हर माह की तारीख को मेटो की समस्याओ को सुलझाये जाने आदि मांगो को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौपा है। ज्ञापन मे यह भी उल्लेख किया है कि महिला मेट गरीब परिवार से है घर चलाने मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समय से ग्राम पंचायतो मे मजदूर महिलाओ और मेट महिलाओ का भुगतान कराये जाने की बात कही गयी है। ज्ञापन देने वालो मे नीलम निगम, रोशनी, अनुराधा मिथलेश, श्रीमति राजाबाई, श्रीमति ललिता, श्रीमति ऊषा, श्रीमति गीतादेवी, रामकेती आदि महिलाएं उपस्थित थी।

# बिना धारा-24 नापी किये तहसील प्रशासन पर दीवार को तोड़ने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। बरहज/देवरिया**

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कोतपुर पिपरा निवासिनी लखरानी देवी पत्नी महंथ विश्वकर्मा ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित करके न्याय की गुहार लगाई है। प्रेषित पत्र में पीड़ित महिला ने अवगत कराया है कि आराजी संख्या- 125 मी. रकबा 0.040 हे. को मैंने 04 जून 2015 को रजिस्ट्री/बैनामा-1083/15 लिया है और तभी से मैं पक्का भवन व बाउण्ड्री बनवाकर उक्त जमीन पर काबिज-दाखिल हूँ।

जिस बैनामाशुदा जमीन में गाँव के कुछ लोग जबरदस्ती गुण्डई के बल पर अवैध हस्तक्षेप कर रहे हैं। जिससे क्षुब्ध होकर दीवानी न्यायालय के यहाँ वाद संख्या-1043 2023 लखरानी बनाम अशोक आदि दाखिल किया है, जो विचाराधीन है।

आगे पीड़िता ने 17 अगस्त को अपने पत्र पर डीएम देवरिया द्वारा एसडीएम बरहज को **बिना धारा 24 विवादित पैमाइश न किया जाये।** का जिक्र किया है वहीं शिकायती सन्दर्भ संख्या - 20019023011641 के बावत् 15 सितम्बर को हल्का लेखपाल, कानूनगो एवं तहसीलदार महोदय बरहज द्वारा डीएम को प्रेषित आख्या रिपोर्ट कि **'गाटा संख्या-125, कुल रकबा-0.482 भूमि की पैमाइश धारा- 24 रा.सं. की धारा के आदेश के बिना नहीं किया जायेगा'** का भी हवाला दिया है और कहा कि बावजूद दिनांक 06 अक्टूबर को दोपहर बाद बरहज तहसील प्रशासन ने बरहज पुलिस टीम को लेकर बुलडोजर से लैश होकर मेरे घर आ गई और प्रार्थिनी की बैनामें की भूमि में बनी पूरब तरफ मौजूद दीवाल को ढहा दिया और एस्बेस्टस शीट आदि को उजाड़ दिया, जिससे प्रार्थिनी की काफी आर्थिक क्षति हुई है।

पीड़िता ने आशंका जताया है कि बरहज तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन की मिलीभगत व प्रश्रय से उपरोक्त प्रतिपक्षीगण के हौसलें बुलंद है। जिससे मेरे परिजनों पर कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते है और करा भी सकते हैं, जिससे पूरा परिवार भयभीत है। पीड़िता ने बैनामयुक्त रकबा- 0.040 हे को पूर्ण करते हुए पत्थर-नशब की कार्यवाही करते हुए अनाधिकृत रूप से तोड़े गए अपनी पक्की दीवार का पुनः निर्माण कराने और दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग किया है।

# स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में बदलाव और खानपान में सुधार आवश्यक: जनपद न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस। महोबा**





उ0प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जे0पी0 यादव के आदेशानुसार विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला उपकारागार, महोबा में विधिक जागरूगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश कुमार गौतम, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा की गयी। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम, महोबा के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह, जेलर शिवमूरत सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।

आयोजित शिविर में उपकारागार में निरूद्ध बन्दियों को जागरूक करते हुये इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को जागरूक करना है कि अगर कोई किसी परेशानी से गुजर रहा है तो अपने परिवार एवं मित्र से इसके बारे में साझा कर सकें और जिसकी मेंटल हेल्थ खराब है, उसके बारे में समय रहते पता लग जाए एवं बताया कि आजकल की भागदौड, जीवनशैली की वजह से लोग ज्यादा स्ट्रेस या तनाव के शिकार हो रहे हैं। सिर्फ युवा ही नहीं हर वर्ग के लोग मानसिक रोग के शिकार हो रहें हैं। एक स्वास्थ्यपूर्ण जीवन के लिए आपका खुश रहना बहुत जरूरी है। नियमित शारीरिक गतिविधि के साथ अच्छा पोषण युक्त आहार अच्छे स्वास्थ्य की नींव है। स्वस्थ बच्चे जल्दी सीखते हैं और ज्यादा कार्यशील होते हैं। हमें अपनी जीवनशैली को प्रबंधित करने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। पोषण युक्त खाना शरीर को स्वस्थ बनाए रखता है। उम्र बढने के प्रभाव को कम करता है। पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करता है। स्वस्थ आहार से जीवन काल बढता है। दूसरी ओर, खराब पोषण होने से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, बीमारी की संभावना बढ सकती है, शारीरिक और मानसिक विकास बाधित हो सकता है और उत्पादकता कम हो सकती है। साथ ही उपस्थित बन्दियों कों उनके कानूनी अधिकारों के बारे मे बताया तथा गरीब एवं असहाय बन्दियों जिनकी कोई पैरवी नही कर रहा है और वे अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त करने में असक्षम है उनके लिये विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल उपलब्ध कराया जाता है जिनके द्वारा बन्दियों की समस्त प्रकार की विधिक सहायता की जाती है। साथ ही दिनांक 09.09.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी-सुलह समझौते के आधार पर आप अपने मुकदमे को निस्तारित करा सकते है।

जेलर द्वारा कार्यक्रम हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जेल में निरूद्ध बन्दियों को अपनी बात कहने का मौका मिलता है और उन्हे अधिक से अधिक विधिक सहायता उपलब्ध होती है। उपस्थित बन्दियों द्वारा कार्यक्रम में प्रदत्त की गयी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की अत्यन्त सराहना की गयी।

## सामाजिक स्वच्छता के लिए मानसिक विकृतियों को दूर करना आवश्यक: जितेन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

समाजसेवी संस्था आशा ग्रामोत्थान के संस्था कार्यालय मे बुधवार के रोज मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक चुनौतियों विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जीतेन्द्र सिंह ने की तथा संचालन राकेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पूरी दुनियां इस बात की चर्चा कर रही है कि मानसिक स्वास्थ्य की विकृति से समाज मे अनेको दुष्परिणाम दिखाई दे रहे हैं। अमानवीय अपराधिक गतविधियों की घटनाओं के साथ- साथ कभी ऐसी बारदाते भी घटित होती है जो समूची मानव जाति को झकझोर कर रख देती है। उन्होने कहा कि मानसिक स्वास्थ्यता के कारण ही आतंकवाद व आतंकी वारदाते भी इन्ही मानसिक विकृतियों का परिणाम है। उन्होने कहा कि मानसिक विकृतियों को मानव जीवन से दूर करने के लिए हमे सभी को मिलजुलकर पहल करना होगी। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जनाब बशीर ने गोष्ठी के अंत मे उपस्थित आशा ग्रोमोत्थान संस्थान के पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ तथा उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# मॉ चंद्रिका महिला महाविद्यालय में न्यायिक अधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय गर्ल्स चाइल्ड डे पर छात्राओं को विधिक जानकारियों से कराया अवगत

**जन एक्सप्रेस। महोबा**





उ0प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा जे0पी0 यादव के आदेशानुसार आज बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय गर्ल्स चाइल्ड डे के अवसर पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के तत्वाधान मे मां चन्द्रिका महिला महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार गौतम ने की। गोष्ठी में उपस्थित छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त विभिन्न विधिक सहायताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय, महोबा के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकगण द्वारा उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों को सर्वाइकल की उत्पत्ति एवं बचाव से सम्बन्धित आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। आयोजित साक्षरता शिविर में विद्यालय के निर्देशक अभयवीर सिंह, प्रचार्या डॉ0 ज्योति सिंह महिला चिकित्सक डॉ0 विशाखा राजपूत, डॉ0 गीतान्जलि सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया। गोष्ठी में उपस्थित छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को प्रोत्साहित करते हुये उन्हे समाज की मुख्य धारा में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया तथा विशेष रूप से महिला चिकित्सक द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं 09 से 12 वर्ष की आयु की बच्चियों का समय से टीकाकरण किये जाने हेतु जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड ट्राफिकिंग, कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के अधिकार व उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न कानूनी, सामाजिक प्रभावों एवं लाभों के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी। साथ डॉ0 विशाखा राजपूत द्वारा उपस्थित छात्राओं को सर्वाइकल केंसर से बचाव एवं उसके परिणाम के विषय पर जानकारी दी गयी। उपस्थित छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा कार्यक्रम में प्रदत्त की गयी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की अत्यन्त सराहना की गयी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की सदर विधायक ने किया मांग

## खराब विद्युत तारों को बदलवाने तथा विद्युत आपूर्ति में सुधार करने के लिए ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर





जनपद बलरामपुर के विधानसभा सदर क्षेत्र से भाजपा विधायक पलटू राम ने बलरामपुर विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत फीडरो द्वारा की जा रही खराब विद्युत आपूर्ति को लेकर चिंता जताते हुए ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का जिक्र करते हुए ऊर्जा मंत्री से तत्काल विद्युत व्यवस्था में सुधार कराने का अनुरोध किया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के फीडरो से संबंधित जर्जर तारों व विद्युत पोलों को बदलवाकर विद्युत व्यवस्था में सुधार कराने का भी मांग किया है।

जानकारी के अनुसार सदर विधायक पलटू राम ने 11 अक्टूबर को जिले की खराब विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के लिए ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया है कि जनपद बलरामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे रेहरा फीडर, उतरौला ग्रामीण, जिगना श्रीदत्तगंज, चमरूपुर, लिफ्ट कैनाल, पूर्वी फीडर, गौरा फीडर, हरिहरगंज नरायनपुर फीडर, महुवा फीडर सहित दर्जनों फीडरों से विद्युत आपूर्ति न के बराबर है, जिसके कारण बलरामपुर जनपद में कोई उद्योगपति इंडस्ट्री व उद्योग नहीं लगाना चाहता है। साथ ही जनता के बीच में स्वच्छ प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, कमोवेश यही हाल नगरीय आपूर्ति की भी है। उन्होंने पत्र में आगे लिखा है कि सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जर्जर तार होने तथा क्षमता वृद्धि न होने के कारण विद्युत आपूर्ति अगर दी भी जाती है तो वह नियमित रूप से व सुचारू रूप से उपभोक्ता तक नहीं पहुंता है। एक तरफ जहां जनता विद्युत कटौती से परेशान है वहीं अगर दो-तीन दिन में कही एक या दो घंटे विद्युत आती भी है तो उसी बीच में विजिलेंस व विद्युत के अधिकारी पहुंचकर चैंकिंग के नाम पर आम उपभोक्ता का उत्पीड़न कर रहे है। पत्र के माध्यम से विधायक ने सुझाव दिया है कि जब ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे का विद्युत आपूर्ति का रोस्टर है नगर में 20 घंटे व जिला मुख्यालय पर 24 घंटे की आपूर्ति का नियम है, परन्तु ये सिर्फ कागज में है। यदि शासन स्तर के अधिकारी क्षेत्र की समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों से सलाह लेंगे तो वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त होगी। वर्तमान समय में सरकार द्वारा मिट्टी तेल की आपूर्ति भी नहीं की जाती है और सायंकाल से ही शासन के आदेश के नाम पर विद्युत कटौती की जा रही है। बलरामपुर जनपद आकांक्षी जनपद व बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जहां विषैले जीव-जंतुओं व जंगली जानवरों से मानव जीवन को खतरा है, वहीं छात्रों के पढ़ाई व दैनिक कार्य भी प्रभावित होता है। विधायक ने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया है कि जनपद बलरामपुर के खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हेतु अविलम्ब आवश्यक कदम उठाया जाये तथा जर्जर विद्युत तार व पोलो को बदलवा कर आवश्यकता अनुसार क्षमता वृद्धि किया जाए। उन्होंने मांग किया है कि जिगना श्रीदत्तगंज, हरिहरगंज, लिफ्ट कैनाल, पूर्वी फीडर, गौरा फीडर, सोनपुर फीडरो सहित अन्य फीडरों पर विद्युत आपूर्ति एवं जर्जर तारों को बदलने तथा 24 घंटे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पूर्ति तथा जिगना पावर हाउस के क्षमता 5 एमबीए से बढ़ाकर 10 एमबीए करने के साथ सूर्यास्त से सूर्योदय तक नियममित रूप से विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों में देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाए, जिससे आमजनता को विद्युत संबंधी समस्या से निजात मिल सके।

# मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन तुलसीपुर एवं मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

**जिलाधिकारी के विशेष प्रयासों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को चलेगी दो स्पेशल ट्रेन**



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे मेले को मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा विभिन्न विभागों की तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने रेलवे स्टेशन तुलसीपुर का निरीक्षण कर ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम,भीड़ नियंत्रण,ओवरब्रिज के इस्तेमाल के लिए साइन बोर्ड लगाए जाने का,साफ सफाई की व्यवस्था का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा देवीपाटन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 2 स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा।

इसके लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा विशेष प्रयास किया गया एवं डीआरएम गोरखपुर से पत्राचार करते हुए 02 स्पेशल ट्रेन का संचालन कराया गया ।इस दौरान उन्होंने मंडी तुलसीपुर एवं मंदिर परिसर का जायजा लिया। मंदिर परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में की गई पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई (बलरामपुर)



थाना परिसर में बुधवार को आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा, दशहरा को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के सभ्रांत व्यक्ति बैठक में शामिल हुए। नायब तहसीलदार शिवेन्द्र पटेल व थाना प्रभारी विजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थाना प्रभारी ने एक-एक कर सभी से विस्तृत रूप से जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया की थाना क्षेत्र के अंतर्गत 76 दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जायेंगी।

दुर्गा पंडाल, महिला सुरक्षा, आग से बचाव, विद्युत सप्लाई, मूर्ति विसर्जन आदि के बारे मे विस्तृत रूप से सभी को जानकारी देते हुए कहा कि पंडाल में लाइटिंग कार्य में कटे हुए तारों का उपयोग बिल्कुल न करें। कई बार विद्युत करंट से दुर्घटनाएं सुनने को मिलती हैं। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा महिला सुरक्षा और शान्ति माहौल बनाएं रखने हेतु पहले से ही रणनीति बना ले। थाना क्षेत्र में पूर्व से ही स्थापित की जाने वाली ही मूर्तियां स्थापित की जाएगी। यदि किसी को नई मूर्ति स्थापित करनी है। तो वह पहले उप जिलाधिकारी तुलसीपुर से अनुमति प्राप्त कर ले। यदि बिना अनुमति के किसी के द्वारा मूर्ति स्थापित की गईं तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि अश्लील गाने बिल्कुल न बजे धार्मिक आयोजन है धार्मिक गाने ही बजे। पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी। यदि कहीं पर विवाद उत्पन्न होने की आशंका हो तो तत्काल डायल 112 व थाना के सीयूजी नम्बर पर सूचना दे। पंडाल के पास यदि किसी को शराब का सेवन करता पाया गया तो मशीन से जांच कर कार्रवाई भी की जायेगी। हमेशा की तरह इस बार भी सभी लोग शांति माहौल में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाएं। इस मौके पर ग्राम प्रधान जगदंबिका प्रसाद मिश्र, सूर्यलाल, प्रधान गणेश प्रसाद सोनी, कलाम, राजस्व निरीक्षक हकीकुल्लाह, लेखपाल अभिनव धनी राम सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## प्राथमिक विद्यालय टिकरा बना चैंपियन ऑफ द वीक विद्यालय

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय टिकरा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं जैसे,निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति, अधिकतम बच्चे निपुण, शारदा , डी बी टी, उच्च नामांकन, ऑपरेशन कायाकल्प आदि सभी योजनाओं को सफलता पूर्वक सभी मानकों पर उत्कृष्ट कार्य किया, जिसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या ने प्राथमिक विद्यालय टिकरा ब्लॉक मिल्कीपुर, अयोध्या को चैंपियन ऑफ द वीक विद्यालय 07 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2023 तक घोषित किया,विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश प्रताप सिंह की मेहनत,बच्चो के प्रति उनकी आत्मीयता रंग लाई। मुकेश प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय टिकरा ने बताया कि ये उपलब्धि मेरे अकेले की नही है इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा है, विदित हो की इसी विद्यालय से अब तक कई बच्चो का चयन, नवोदय विद्यालय, विद्याज्ञान और अन्य शैक्षिक संस्थाओं में हो चुका है। विद्यालय हर मानक पर उत्कृष्ट है। पूरे विद्यालय में बच्चों और स्टॉफ में खुशी का माहौल है।

# प्राचीन मठ-मंदिर, आश्रम व पौराणिक कुण्डों को भव्य बनाने में जुटी योगी सरकार

**रामनगरी के प्राचीन 37 मठ-मंदिरों, आश्रमों व पौराणिक कुण्डों का हो रहा कायाकल्प**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ राम नगरी के प्राचीन मठ-मंदिरों एवं आश्रमों व पौराणिक कुण्डों का योगी सरकार कायाकल्प करा रही है। अयोध्या धाम को विश्वस्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के साथ अयोध्या की प्राचीनता व भव्यता को फिर से निखारने एवं स्थापित करने के दृष्टिगत अयोध्या धाम का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या धाम में स्थित विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों आश्रमों, भवनों, कुंडों को उनकी प्राचीन वास्तुकला को संजोने-संवारने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या व उसके आसपास के विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासिक कुण्डों, मठ-मंदिरों, आश्रमों एवं पर्यटन स्थलों का विकास एवं निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के 37 धार्मिक स्थलों के फसाड ट्रीटमेंट एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास/निर्माण कार्य के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने 68.80 करोड़ रुपये का बजट उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम को उपलब्ध कराया है।

### मंदिरों के जीर्णोद्धार को लेकर क्या बोले डीएम

कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया है कि सभी 37 मंदिरों एवं कुण्डो व आश्रमों का जीर्णोद्धार दिसंबर माह तक पूरा कर लिया जाय। अयोध्या धाम के इन पौराणिक स्थलों के पुनरुद्धार का कार्य उनकी ऐतिहासिक वास्तुकला को संजोते हुए तत्कालीन समय में प्रयोग किये गये निर्माण सामाग्रियों चूना, सुर्खी आदि का प्रयोग करते हुए ही रेनोवेट किया जा रहा है। इसी के साथ ही इनके प्रवेश द्वारों पर चित्रकारी भी की जाएगी। वहां परआधुनिक फसाड लाइटिंग की जाएगी। जीर्णोद्धार किये जा रहे सभी पौराणिक स्थलों, मठ-मंदिरों एवं आश्रमों में साइनेज भी लगाये जायेंगे। जिस पर उनके पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्वों एवम् मूल्यों को उकेरा जायेगा। इसी प्रकार चरणबद्ध तरीके से अयोध्या धाम के अन्य ऐतिहासिक महत्व के पौराणिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जायेगा।

**-नितीश कुमार, डीएम अयोध्या**

### इन मंदिरों का होगा कायाकल्प

जानकी घाट, बड़ा स्थान, दशरथ भवन मंदिर, मंगल भवन, अक्षरी मंदिर, राम कचहरी मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखाड़ा, तुलसी चौराहा मंदिर, भारत किला मंदिर, हनुमान मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकाली मंदिर, मौर्य मंदिर, राम गुलेला मंदिर, करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, मणिराम दास छावनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, टेढ़ीयाती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड मंदिर, रत्न सिंहासन मंदिर सहित 37 पौराणिक मंदिरों/आश्रमों व पौराणिक कुंड शामिल हैं।

### इस प्रकार होगा जीर्णोद्धार

पौराणिक कुंड के बिल्डिंग एवं आर्ट संरक्षण कार्य के साथ ही पेंटिंग, लाइटिंग अरेस्ट्रो, फसाड ल्यूमिनेशन, विजिटर एमिनिटीज टॉयलेट, क्लाक रूम, ड्रिंकिंग वाटर एण्ड शू रेक, स्ट्रीट फर्नीचर ,स्ट्रीट लाइट, बेंचस, डस्टबिन, रेलिंग फुटपाथ, सीसीटीवी आदि कार्य कार्यदायी संस्था उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से कराया जा रहा है।

# रामपथ के किनारे निर्माण में टूटे भवनों की छतों पर प्राथमिकता से लगाई जाएगी सौर ऊर्जा लाइट

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। उसी के अनुरूप अयोध्या में यूपी नेडा की ओर से सरकारी भवनों, निजी भवनों, प्रतिष्ठानों, मठ मंदिरों को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किया जा रहा है। निर्माणाधीन रामपथ के किनारे जिन लोगों के आवास टूटे थे उन भवनों को प्राथमिकता के आधार पर सोलर की सुविधा प्रदान की जाएगी।

उनकी छतों पर सौर ऊर्जा लगाई जाएगी। इसके पीछे मकसद यह है कि रामपथ सौर ऊर्जा से जगमगाएगा साथ ही लोगों का बिजली पर होने वाला खर्च घटेगा।यह विचार विचार सांसद लल्लू सिंह ने व्यक्त किया सांसद बुधवार को यूपी नेडा की ओर से आयोजित हर घर सोलर अभियान का शुभारंभ कर रहे थे।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यूपी नेडा जो सौर ऊर्जा लगाई रही है उस पर 50 प्रतिशत अनुदान केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से दे रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग बचत करने के लिए सौर ऊर्जा अपनाएं।इस मौके पर यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया कि अयोध्या के रामपुर हलवारा गांव में शीघ्र ही 40 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट लगाया जाएगा जिसके लिए जिला प्रशासन ने भूमि उपलब्ध करा दी है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की मंशा के अनुरूप हमारा विभाग अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने में कामयाब रहेगा।नेडा की ओर से लगाए गए प्रथम कैमरा का शुभारंभ फीता काट कर किया।इस मौके पर नेडा के अधिकारियों ने सांसद को माला पहनाकर,बुक व शाल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेडा के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पूरा बाजार से तारापुर मार्ग गड्ढे में तब्दील, चलना दूभर

जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार- अयोध्या। स्थानीय बाजार के चौराहे से तारापुर जाने वाली पक्की सड़क पूरी तरह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गई है जिस पर चलना दूभर है इस मार्ग पर महाविद्यालय गैस एजेंसी मैरिज प्लान दुकानों के साथ-साथ कई प्रतिष्ठान भी हैं जिस पर आने जाने वालों का पता लगा रहता है गैस एजेंसी के संचालक संतोष सिंह ने बताया कि सड़क पर हुए गड्ढो में गिरकर कई राहगीर घायल हो चुके हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम सड़कों को गड्ढो से मुक्त किया जाए यहां पर वेअसर होता दिखाई दे रहा है संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के अभियान को सफल बनाने के लिए शीघ्र सड़क पर बने गड्ढो को समाप्त किया जाए जिससे राहगीर सड़क पर आसानी से आ जा सके उन्होंने कहा कि हल्की बरसात में भी सड़क तालाब का रूप धारण कर लेती है।

# डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर नगर पंचायत के हर मोहल्ले में हो रहा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

जन एक्सप्रेस। गोसाईंगंज/अयोध्या

नगर पंचायत गोसाईंगंज में डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल जागरूकता अभियान के साथ नगर पंचायत के 12 वार्डों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव नगर पंचायत सफाई कर्मियों द्वारा करवा रही हैं। वहीं नगर के गलियों कालोनियों में फागिंग के बाद कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव से मोहल्ले वासियों को मच्छरों से राहत मिल रही है, लेकिन डेंगू के बढ़ते मामले लोगों को अभी भी नगर वासियों बेहद डर लग रहा है। वहीं गोसाईंगंज सीएचसी में हर दिन दर्जनों मरीजों का उपचार डॉक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है। सीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ इंद्रजीत वर्मा का कहना है कि रोजाना ओपीडी में तकरीबन 250 से अधिक मरीज आ रहे हैं, लेकिन इसमें अधिकतर मरीज बुखार से ही पीड़ित आ रहे हैं। जिनकी जांच के बाद रोजाना 2 से 3 मरीज डेंगू संक्रमित मिल रहे हैं। उनका कहना है कि इन मरीजों में प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। वह केवल डॉक्टरों की निगरानी में दवाई से ही ठीक हो जा रहे हैं।

डॉ इंद्रजीत वर्मा का कहना है डेंगू का वायरस हल्का है, जिससे मरीजों को अधिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल व ईओ इंद्रभान के द्वारा वार्डों में फॉगिंग और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल का कहना है 5 दिनों से तकरीबन 5 वार्डों में कीटनाशक दवाओं छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने का भी काम किया गया है, जिससे कि मच्छरों का प्रकोप कम हो सके। दया की कूड़े वाली गाड़ी हर गली हर मोहल्ले में पहुंच रही है और हम भी सफाई पर विशेष ध्यान दिए हैं और जहां-जहां सफाई हो रहा है उसका निरीक्षण भी करवा रहे हैं अगर हमें कहीं से भी सूचना मिलती है वहां हम साफ सफाई करवाते हैं वैसे फिर हाल हमारी सफाई कर्मचारी हर गली हर मोहल्ले में लगे हुए हैं।

# नगर क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए: राठौर

जन एक्सप्रेस। बहराइच

राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उत्तर प्रदेश राकेश राठौर ''गुरू'' ने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गुल्लाबीर स्थित कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती शिवनगर दसईपुरवा का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायज़ा लिया तथा सरकार द्वारा संचालित नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के सम्बन्ध जनसंवाद कर योजनाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त किया। राठौर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में मार्गदर्शन में संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े ज़रूरतमन्त व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का सफल प्रयास किया जा रहा है।

जनसंवाद के दौरान श्री राठौर ने लोगों से खाद्य सुरक्षा मिशन अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती के निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद बहराइच के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई के माकूल बन्दोबस्त के साथ-साथ समय से कूड़ा उठान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। डीएम ने नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय। मंत्री श्री राठौर ने ईओ प्रमिता सिंह को यह भी निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्रों में जल निकासी के बेहतर प्रबन्ध हेतु नाली-नालों की समुचित साफ-सफाई करा दी जाय तथा आवश्यकतानुसार नालों की मरम्मत व निर्माण कार्य भी कराया जाय। राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद बहराइच के मोहल्ला सलारगंज में इंटीग्रेटेड हाउसिंग एण्ड स्लम डेवलपमेन्ट प्रोग्राम योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन 276 आवासीय भवनो का निरीक्षण करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी को निर्देश दिया कि आवासों को पूर्ण कराकर जनोपयोग में लाया जाये।

# महिला सशक्तिकरण का श्रेष्ठ उदाहरण है जनपद बहराइच: सुरेश्वर

जन एक्सप्रेस। बहराइच



अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम का विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर., पार्टी पदाधिकारी उर्मिला शुक्ला व अन्य के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। तदोपरान्त बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषय पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका, परिषदीय विद्यालयों की ओर से लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर बालिकाओं के मेधा की सराहना की। उल्लेखनीय है कि अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आयोजित की गई चित्र प्रदर्शनी में चयनित की गई श्रेष्ठ बालिकाओं द्वारा उकेरे गये चित्रों को सजाया गया था। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022-23 में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने वाली मेधावी छात्राओं को रुपए पांच-पांच हज़ार को डेमोचेक, मेडल प्रशस्ति-पत्र तथा गिफ्ट पैक, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कला प्रतियोगिता की श्रेष्ठ बालिकाओं को थर्मस, लंच बाक्स, मेडल व गिफ्ट पैक, खेल-कूद विभाग द्वारा चयनित श्रेष्ठ बालिका खिलाड़ियों व योगा में दक्ष परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं को ट्रैक-सूट, स्मृति चिन्ह, मेडल व गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान देव वन्दना एवं देशभक्ति गायन की मनमोहक प्रस्तुति पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को थर्मस, लंच बाक्स, मेडल व गिफ्ट पैक का वितरण किया गया तथा मुख्य अतिथि विधायक महसी व नगर पालिका अध्यक्ष ने बालिकाओं को नकद पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी ने सीडीओ राम्या आर. व पार्टी पदाधिकारी उर्मिला शुक्ला व अन्य अतिथियों के साथ 11 किलो का केक काट कर जिले के समस्त ब्लाकों से आयी हुई नन्हीं-मुन्नी बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर बच्चियों को हिमायल बेबी किट, बेबी सूट, मच्छरदानी व मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महिला सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रदेश में जहां एक ओर नारी सुरक्षा व सम्मान के लिए 181, 108, 102 व 112 जैसी हेल्पलाइन सेवाएं संचालित की जा रही हैं वहीं दूसरी ओर महिलाओं के स्वावलाम्बन हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सम्पूर्ण देश में नारी सशक्तिकरण की पहचान बन चुका है। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि भारत देश आदिकाल से नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है। श्री सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण अपना आकांक्षात्मक जनपद बहराइच है। जहां पर तीन महिला विधायक, 01 एलएमसी, जिला पंचायत व नगर पंचायत की मुखिया भी महिलाएं है। इसके अलावा जिले सर्वोच्च प्रशासनिक पदों डीएम, सीडीओ, नगर मजिस्ट्रेट व एसडीएम के पद भी महिलाएं ही सुशोभित कर रहीं हैं। श्री सिंह ने बेटियों का आहवान किया कि विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर आसीन महिलाओं से प्रेरणा लेते हुए अपने लिए बड़े से बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर अडिग विश्वास के साथ अपने कदम बढ़ाएं।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव

* मेधावी छात्राओं को चेक देकर किया सम्मानित
* जिलाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्राओं को चेक एवं शील्ड देकर किया गया सम्मानित





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

बुधवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में पीलीभीत में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर, नगर पालिका अध्यक्षा आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख महोदया, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पर्यवेक्षा अधिकारी बरेली मंडल व जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा दीप जलाकर कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके उपरांत पिपरिया प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। इसी क्रम में आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अवसर 11 अक्टूबर को जन्मी बालिकाओं का केक काटकर व उनको एजुकेशनल किट वितरित कर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को सेलिब्रेट किया गया। इसके उपरांत कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु पीसीपीएनडीटी की संक्षिप्त कार्यशाला पर चर्चा की गई, साथ ही पीलीभीत जनपद में हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट की मेधावी छात्रों को चेक व शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा वर्तमान समय में हो रहे साइबर क्राइम के प्रति बालिकाओं को जागरूक करने हेतु एवं उसकी रोकथाम हेतु राम साहनी महाविद्यालय द्वारा साइबर क्राइम पर नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष द्वारा बालिकाओं को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी गई व जिलाधिकारी द्वारा बालिकाओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी गई दी। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल जी द्वारा कहां गया की बेटियां देवी व शक्ति का प्रतीक होती है होती है।

उप मुख्य परीक्षा अधिकारी नीता अहिरवार द्वारा कहा गया कि यह कार्यक्रम बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच को विकसित करने एवं लिंग भेदभाव को दूर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महिला कल्याण विभाग द्वारा लगातार इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में आए हुए लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न विभागों से कैंप लगाकर मेगा कैंप का आयोजन किया गया अंत में प्रतिभा करने वाली सभी बालिकाओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी सुवर्णा पांडे, संरक्षण अधिकारी, जिला समन्वयक , वन स्टॉप सेंटर मैनेजर परामर्शदाता, समस्त डीसीपीयू स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## प्रशासनिक अधिकारी बने लिपिकों का सीएमओ ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रोन्नत हुए लिपिकों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सीएमओ डा. आलोक कुमार व एसीएमओ डा. हरिदत्त नेमी ने प्रोन्नत कर्मियों का फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही नई जिम्मेदारी मिलने पर अधिक कर्तव्यपरायणता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणपति आर ने बीते दिनों प्रोन्नत सूची जारी की जिसमें सीएमओ कार्यालय में तैनात



प्रधान सहायक पंकज शर्मा व अवधेश शर्मा को प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है। दोनों कार्मिकों ने निदेशक (प्रशासन) का भी आभार प्रकट किया। साथ ही चतुर्थ श्रेणी से कनिष्ठ सहायक पद पर प्रोन्नत हुए कार्मिकों की ओर से भी धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें, निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणपति आर ने कार्यभार संभालने के बाद से अब तक 230 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का विभागीय परीक्षा के बाद लिपिकीय संवर्ग में प्रमोशन किया है। साथ ही आगामी छह माह में 163 पदों पर प्रमोशन होगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में इससे खुशी की लहर है क्योंकि कर्मचारियों को पहले यह व्यवस्था नहीं मिल पा रही थी। स्वागत सम्मान समारोह के दौरान कार्यालय के समस्त अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहा।

## एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम हुआ संपन्न



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

पीलीभीत। दत्तोपंत ठेगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड बरेली श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कंजा हरैया ब्लाक मरौरी पीलीभीत में बीड़ी मजदूरों का कार्यक्रम किया गया। जिसमें ब्रह्म स्वरूप वर्मा जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ आयोजन समिति द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मजदूरों को प्रदान की। इस अवसर पर कार्यक्रम में सूरज अग्निहोत्री जिला उपाध्यक्ष ,बृजलाल राजपूत वरिष्ठ कार्यकर्ता ,दशरथ मजूमदार एवं गौरांग सरकार एवं सैकड़ो की संख्या में बीड़ी मजदूर उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डंफर से कुचलकर बाईक सवार पति पत्नी की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री पुल के पास मंगलवार की देर शाम डंपर से कुचलकर आजमगढ़ निवासी पति पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक के अनियंत्रित होने से दोनों गिर गए थे। दोनो आजमगढ़ के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय के शवदाह गृह में रखवा दिया। जनपद आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के पिछौरा निवासी विनोद(45) अपनी पत्नी ललिता(40) को साथ लेकर बाइक से जौनपुर आए हुए थे। दिनभर कुछ काम करने के बाद शाम को घर लौट रहे थे। शास्त्री पुल से पहले ही गिट्टी फैले होने के कारण बाइक का पहिया लड़खड़ा गया, इससे दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान पीछे से आ रहा डंफर उनके ऊपर चढ़ गया। दर्दनाक मौत के बाद चालक व डंफर को लोगों ने पकड़ लिया। शव हटाने के एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

### बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के गुलरा बजरडीहा गांव के एक निजी स्कूल के पास मंगलवार की देर शाम दो बाईकों की हुई आमने सामने टक्कर में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर टक्कर मारकर भागने वाले बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। इसी गांव निवासी जमुना निषाद का आरोप है कि वह अपनी 43 वर्षीय पत्नी शीला देवी को बाइक से गौसपुर बाजार किसी काम से लिवाकर जा रहा था। आरोप है कि स्कूल के पास सामने से बाइक से तेज गति से आ रहा शेखपुर सुतौली गांव निवासी जीतू पुत्र वीरेंद्र गौतम टक्कर मार दिया। जमुना मार्ग के बायें तथा शीला दाहिनी तरफ गिर गई। टक्कर मारने के बाद बाइक शीला के गले के ऊपर से पार हो गई। अंधेरे का फायदा उठाकर जीतू बाइक सहित भाग गया। दुर्घटना में शीला की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## सपा कार्यकर्ताओं ने जयप्रकाश नारायण की जयंती धूमधाम से मनाई

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के अध्ययता में लोकबंधु स्वं जयप्रकाश नारायण के जंयती के अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया।पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव ने उनके जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा जयप्रकाश नारायण का नाम एक मजबूत भारतीय राजनीतिक नेता, स्वत्रंत्रता सेनानी, विचारक समाजसेवी और आंदोलनकारी के रूप में रहें उनका सेवा भावना,त्याग, तपस्या से प्रभावित होकर जन मानस उन्हें लोक नायक भी कहते थें। कहा 19साल के तक पहुंचते-पहुंचते उनपर राष्ट्रीय आंदोलन पर प्रभाव पड़ने लगा। उन्होंने 5जून 1975 सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया था और कहा था इस देश से भर्ष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना शिक्षा में क्रांति लाना ऐसी चीजें हैं जो आज की व्यवस्था से पूरी नहीं हो सकता है इसलिए सम्पूर्ण व्यवस्था बदल दिया जाए और सम्पूर्ण व्यवस्था के परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण क्रांति की आवश्यकता है संपूर्ण क्रांति के आह्वान उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी के सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए किया था। अध्ययता करते हुए डां अवधनाथ पाल ने कहा स्वं जयप्रकाश नारायण जीवन भर देश सेवा के खातिर कितने बार जेल गयें यातनाएं सही लेकिन कभी अपने स्वभिमान से समझौता नहीं किया गांधी जी के विचारों से प्रभावित रहे जीवनभर सत्ता से दूर रहकर उनके आदर्श पर चलते रहें। गोष्ठी मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी, हिरालाल विश्कर्मा, श्रवण जयसवाल,राजेन्द्र टाइगर, इर्शाद मंसूरी, श्याम बहादुर पाल, दीपचंद राम, अनील दूबे, कमाल आजमी, अन्नपूर्णा देवांशी धर्मेंद्र सोनकर, हरिचंद प्रभाकर, लक्ष्मी शंकर यादव, संचालन नि0 महासचिव अखंड प्रताप यादव ने किया।




## दलितों की सच्ची हितैषी है कांग्रेस पार्टी: अनूप वर्मा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

कांग्रेस के राष्ट्रीय आवाहन पर आज जिला कॉंग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव ने प्रेस को सम्बोधित किया। प्रेस को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव अनूप वर्मा ने कहा कॉंग्रेस पार्टी दलित वर्ग के लिए दलित गौरव सम्वाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसके सम्बन्ध में दलित अधिकार मांग पत्र, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक, समाज सेवी, प्रधान, बीडीसी सदस्य, जिला पंचायत सदस्य से भरवाए जाएंगे। यह कर्यक्रम आज से प्रारम्भ कर दिया गया है। कर्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा में दलित चौपाल आयोजित की जाएंगी। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी प्रभारी रात्रि विश्राम करेंगे रात्रि चौपाल कार्यक्रम की समाप्ति के बाद लोकसभा की बैठक होगी। जिसमें कोर ग्रुप का गठन किया जाएगा। पन्द्रह मण्डलों में पदयात्रा निकाली जाएगी। जिसके सम्बन्ध में दलित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस सम्बंध के सभी कार्यक्रम जिला कॉंग्रेस, शहर कॉंग्रेस के निर्देशन में किये जायेंगे। इसके तहत आज प्रदेश सचिव अनूप वर्मा अनुसचित जनजाति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र गौतम, एआईसीसी सदस्य ईश्वर दयाल पासवान, अल्पसंख्यक कॉंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस प्रवक्ता हेमन्त मिश्र एडवोकेट, छात्र संघ अध्यक्ष राजेश वर्मा, यूथ के नीलम सिंह, सन्दीप कुमार, रामदेव के साथ दलित अधिवक्ताओं एवं समाजसेवी लोगों से मांग पत्र भरवाए गए। आज जिला कॉंग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, शोसल मीडिया प्रदेश महासचिव नीरज अवस्थी, अल्पसंख्यक कॉंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, शहर अध्यक्ष अभिनव गुप्ता, गोल्डी उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर युवक को मारी गोली हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर!

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिले के बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के ऊदपुर गेल्हवा गांव निवासी तथा उक्त गाँव के कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत अनुदेशक अनीश सिंह को मंगलवार की रात्रि करीबी पौनें 11 बजे एक ही बाइक पर सवार तीन लोगों ने गोली मारकर लहुलुहान कर दिया! अनुदेशक कहीं निमंत्रण से वापस घर लौट रहे थे कि बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के उसरा बाज़ार पावर हाउस के पास मोड़ पर घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशो ने अनुदेशक को गोली मारकर लहुलुहान कर दिया !वही गोली अनुदेशक के दाहिने हाथ में लगी जिससे वह रोड़ किनारे गड्ढे में गिर पड़े जिसे देख बदमाश वहां से फरार हो गए फिल-हाल सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बदलापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने घायल अनुदेशक अनीश सिंह को उपचार के लिए बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए,वही घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्राधिकार अशोक कुमार सिंह अस्पताल पहुचकर घायल से घटना की जानकारी लिए !इस दौरान



डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अनुदेशक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है! बताते चले कि घायल अनुदेशक अनीश सिंह का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके गाँव के ही तीन नामजद लोगों ने उनपर गोली चलाई है !इसके पूर्व में भी उक्त लोगों द्वारा जमीनी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट व फायरिंग की गई थी जिसका मुकदमा अभी चल रहा है उक्त लोगों द्वारा उस मुकदमे में सुलह समझौते का दबाव बनाया जा रहा था पीड़ित द्वारा नहीं मानने पर उसे बार-बार जान से मारने की धमकी दी जा रही थी उन्होंने जिसकी सूचना पूर्व में ही कोतवाली पुलिस दिए चुके थे!

## खेत में लगे करंट वाले तार की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के अंतर्गत खेत में शाम के समय कंबाइन से कटे धान की पराली काटने गये ग्रामीण की खेत में लगे करंट वाले तार की चपेट में आने से मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कामघाट निवासी अमरपाल भट्टे से मजदूरी कर शाम के समय अपने घर जा रहा था। रास्ते में बल्देवपुर के निकट लकड़ी टाल के सामने धान के खेत में कंबाइन से कटी हुई पराली खड़ी थी। अमरपाल ने सोचा कि गाय को खिलाने के लिए कुछ पराली काट लेते हैं। पराली काटते समय अमरपाल खेत के किनारे लगे करंट वाले तार की चपेट में आ गया और अपने आप को नहीं छुड़ा सका। अंधेरा होने की वजह से किसी का ध्यान उधर नहीं गया। देर रात तक



जब अमरपाल घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने सोचा कि शायद भट्टे पर रुक गया होगा। सुबह भट्टे पर जानकारी करने पर पता चला कि शाम को ही घर निकल गया था। तब जाकर अमरपाल की तलाश शुरू की गई। देखा कि बल्देवपुर के निकट लकड़ी टाल के सामने धान के खेत में करंट वाले तार के ऊपर पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने करंट वाले तार को प्लास से काट कर उसका शव हटाया और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक की पत्नी जमुना देवी का रो रो कर बुरा हाल है। तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। मृतक अमरपाल के तीन बच्चे संध्या 11वर्ष, आदर्श 4वर्ष, गौरी 1वर्ष हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मृदुल कांत शुक्ला पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला दौरे का प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक नशे में था फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। परिवार की तरफ से अभी तक किसी के विरुद्ध तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही उसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### नशे में धुत युवक को पड़ोसियों ने पेड़ से बांध कर पीटा, मौत के बाद शव को गोमती नदी में फेंका

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** नशे में धुत युवक की उसके पड़ोसियों ने पेड़ से बांध कर पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पिटाई करने वालों ने मृतक को पास में स्थित गोमती नदी में फेंक दिया। घटना सोमवार की रात का है। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस शव को ढूंढ रही है। बुधवार दोपहर तक शव नहीं मिला था। मामले में मृतक के मां की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के औवार गांव का है। जानकारी के अनुसार औवार गांव के वनवासी बस्ती के 22 वर्षीय सूरज वनवासी नशे का शौक़ीन था। सोमवार की रात वह नशे में घर पहुंचा और दरवाजे पर खड़े होकर उसने उल्टा पुल्टा बकना शुरू कर दिया। पड़ोसियों को उसकी हरकत नागवार लगी तो उन्होंने उसकी पिटाई कर दी और पेड़ से बांध दिया। देर रात तक सूरज की मौत हो गई। जिससे पिटाई करने वालों का खून सूख गया द्य घटना को छिपाने और सबूत मिटाने के लिए वे उसे बोरे में बांधकर पास में स्थित गोमती नदी में ले जाकर फेंक दिया। सबेरे घटना की सूचना पर थानागद्दी चौकी के प्रभारी विद्यासागर सिंह सहित सीओ गौरव शर्मा, कोतवाल रामजन्म यादव मौके पर पहुंच गए।

## 15 अक्टूबर को एक दिवसीय छठवें विशाल कबड्डी कप व खेल मेले का होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

विकास खंड पूरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ट्रांस शारदा क्षेत्र में ग्राम पंचायत कबीरगंज में मल्लपुरी गुरुद्वारा साहिब के निकट 15 अक्टूबर को एक दिवसीय छठवें विशाल कबड्डी कप तथा अन्य खेल मेले का आयोजन किया जा रहा है इस खेल मेले में उत्तर प्रदेश के आलावा पंजाब,हरियाणा व अन्य राज्यों से कबड्डी की टीमें खेल मेले में आकर अपना दमखम दिखायेंगी।इसके अलावा इस खेल मेले में ओपन कबड्डी के साथ साथ बच्चों की रेस,मटका फोड़,साठ वर्ष आयु के ऊपर वालों की 200 मीटर की रेस,रस्सा कस्सी,ट्रैक्टर- टोचन के मुकाबले के साथ साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।इस खेल मेले के आयोजन को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। इस खेल मेले के आयोजक समिति के अध्यक्ष व ग्राम प्रधान कबीरगंज इकबाल सिंह उर्फ पाले भाई ने हमें जानकारी देते हुए बताया कि 15 अक्टूबर को एक दिवसीय विशाल कबड्डी कप व अन्य खेलों को लेकर खेल मेले का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें ओपन कबड्डी में प्रथम स्थान के लिए 71000 हजार रुपये का पुरस्कार तथा दूसरे स्थान के लिए 51000 रुपये का पुरस्कार है और रस्सा - कस्सी में प्रथम स्थान के लिए 21000 रुपये का पुरस्कार तथा दूसरे स्थान के लिए 11000



रुपये का पुरस्कार है।इसी तरह ट्रैक्टर टोचन मुकाबले में प्रथम स्थान के लिए 15000 रुपये का पुरस्कार तथा दूसरे स्थान के लिए 10000 रुपये का पुरस्कार रखा गया है। इसके अलावा ग्राम प्रधान इकबाल सिंह ने हमें कहा कि कबड्डी सिक्ख धर्म की विरासत का अटूट अंग है और इस तरह के आयोजन युवा पीढ़ी को खेल से जोड़ कर तमाम तरह के नशों से दूर रखने में अहम भूमिका अदा करते हैं।इसके अलावा उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की है कि इच्छुक प्रतिभागी 15 अक्टूबर की सुबह नौ बजे से पहले अपनी इंट्री फीस प्रबंधक कमेटी के पास जमा करा दें।अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी मोबाइल नंबर 7355675508 तथा 96285 57655 से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस खेल मेले में आने वाले खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिए गुरूद्वारा मल्लपुरी में प्रबंधक कमेटी की ओर से लंगर की विशेष व्यवस्था की जायेगी।

## कमरे में खून से लथपत शव देखकर परिजनों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

* सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया
* परिजनों का कहना है कि युवक घर में अकेला रहता था

**बीसलपुर।** गांव रामनगर में युवक कमरे में सो रहा था। परिजनों को शव खून से लतपत मिला। जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी राजू पुत्र रामबहादुर 26 का देर रात्रि में शव कमरे में मिलने से पूरे परिवार में कोहराम गच गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों का कहना है कि युवक घर में अकेला रहता था। मंगलवार देर शाम उसके चाचा राजकुमार व भतीजे मोहित व गौरव, राजू को देखने घर पहुंचे तो खून से लतपत शव देखकर उनके होश उड़ गये। परिजनों ने हत्या किये जाने की आशंका जताई है।

## बदलापुर महोत्सव का उद्द्श्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करना: रमेश चंद्र मिश्र

* जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर महोत्सव सफल बनाने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विधानसभा बदलापुर के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं बदलापुर महोत्सव को सकुशल मनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुईं। विधायक ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पाइप लाइन के लिए सड़को को बीच में न खोदा जाए। पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए उपनिदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय को निर्देश दिया कि 15 दिन के भीतर शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अनावश्यक शट डाउन न दिया जाए। श्री मिश्र ने कहा कि विधानसभा बदलापुर में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर अधिक खराब होने की शिकायते प्राप्त हुई है जिस पर उन्होंने निर्देश दिया 72 घण्टे में ट्रांसफार्मर बदलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ट्रांसफार्मरो के क्षमता वृद्धि के लिए शासन को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिये। सामूहिक विवाह में लंबित भुगतान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी का शत-प्रतिशत भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सीएचसी बदलापुर में डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउंड मशीन जल्द से जल्द लगाए जाए। सीएचसी बदलापुर में पुरानी एक्सरे मशीन खराब है उसे भी ठीक कराने के भी निर्देश दिए। दिव्यांग आवास हेतु पात्र लोगो को सुविधा का लाभ दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि असरोपुर में बन रहे पशु अस्पताल के निर्माण में खराब गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग हो रही है जिस पर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि इस वर्ष 7, 8 व 9 नवम्बर को बदलापुर महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव में कुल 551 सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि एवं उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि उक्त तिथियों में कृषि गोष्ठी का भी आयोजन कराएं। सेवायोजन विभाग को निर्देश दिया कि रोजगार मेला का आयोजन कर युवाओं को रोजगार दिलाएं। श्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि कैम्प लगाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग स्टाल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर ही आनलाइन आवेदन कराएंगे। उन्होंने कहा कि बदलापुर महोत्सव मनाये जाने का उद्देश्य है सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार हो जिससे लोग जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बालिका दिवस पर बेटियों ने एक घंटे के लिए संभाली थानेदारों की कुर्सी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस जि़ले के थानों और कोतवालियों में बेटियों को एक घंटे के लिए थानेदार बनाया गया। थानेदार की कुर्सी पर बैठी बेटियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित भी किया।





पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के निर्देशन में ÷मिशन शक्ति÷ के तहत बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर जनपद के थानों की कमान बेटियों के हाथ में सौंपी गई। बेटियां थाना प्रभारी के तौर पर जन समस्याओं को सुनकर उनके तत्परता से निदान के लिए संबंधित को आदेशित किया। एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनी बेटियों ने बेटियों ने थानों के अभिलेखों के निरीक्षण सहित प्रभारी के सभी दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया। कार्यक्रम के तहत उम्मे आइमा ने सीओ पुरवा, तनु सिंह ने बीघापुर सीओ के पद का दायित्व निभाया। इसके साथ ही कोतवाली सदर एवं महिला थाना में आस्था श्रीवास्तव, मौरावां में कसक चौधरी, असोहा में मिथिलेश अग्निहोत्री, आसीवन में अंजली, अचलगंज में सौंदर्या मिश्रा, बीघापुर में प्रतीक्षा, अजगैन में मांसी चौधरी, गगाघाट में श्वेता चंद्रा, बांगरमऊ में श्रेया, सोहरामऊ में उमाकान्ती आदि ने एक घण्टे के लिए थाना प्रभारी की कुर्सी संभाली। इस अनूठी पहल से क्षेत्रीय बेटियाँ आत्मविश्वास से लबरेज दिख रही थी। वही महिलाओं में विधिक जागरूकता का प्रसार भी हो रहा है। कार्यक्रम में समन्वयन में प्रभारी परिवार परामर्श समिति डा. आशीष श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

# और जिंदगी की जंग हार गया होनहार

* शिक्षकों, ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने इलाज के लिए चंदा कर जुटाई थी रकम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर ब्लॉक के गांव घाटमपुर कलां में स्थित प्राइमरी स्कूल में 5 वीं में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र की बीमारी से ईलाज के दौरान कानपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक अपने स्कूल का होनहार छात्र था और वह गणित के कठिन गुणा भाग के सवालों को उंगलियों से गिनकर हल कर देता था। छात्र के निधन से परिजनों के साथ ही स्कूल का स्टॉफ भी शोकाकुल है।



दिवंगत छात्र का फाइल फोटो

बीघापुर के घाटमपुर कला गांव निवासी मजदूर जयकरन का 10 वर्षीय इकलौता पुत्र कन्हैया गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र था। लगभग 15 दिन पहले उसे बुखार आने पर परिवार ने मुड़कटी चौराहे पर एक झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। बच्चे के परिवार के नजदीकी लोगों की बात मानें तो ईलाज करने वाले चिकित्सक की सलाह पर अस्पतालों के दलालों के माध्यम से बच्चे को कानपुर के लखनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। जहां वह 12 दिन आईसीयू में जिंदगी मौत के बीच संघर्ष करता रहा मंगलवार को वह बीमारी जंग हार गया। विद्यालय के शिक्षक मनीष पांडेय बताते हैं कि कन्हैया बहुत ही मेधावी छात्र था। गणित में तो वह इतना निपुण था कि कक्षा 7 व 8 के सवाल उंगलियों के पोरों पर हल कर देता था। ग्राम प्रधान अमरेश दीक्षित कहते हैं कि बच्चे का ईलाज उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों, ग्रामीणों व उनके रिश्तेदारों ने चंदा एकत्र कर लगभग 4 लाख रुपए खर्च कर भरपूर प्रयास किया ।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए दम्पति को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। आसीवन थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव निवासी शिवपाल पुत्र सूधर उम्र 29 पत्नी ज्योति के साथ बाइक से रसूलाबाद जा रहा था अभी वह मुंसीगंज मार्ग पर औराई गांव के समीप अज्ञात स्कार्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गये सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें प्राइवेट अस्पताल मियॉगंज में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है जहां पर दम्पति की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### संदिग्ध हालात में गोली लगने से व्यापारी पुत्र की मौत

पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारने की रही चर्चा

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक व्यापारी पुत्र संदिग्ध हालातों में सिर में गोली लगने से घायल होकर बीती रात सीएचसी पहुंचाया गया। डाक्टर से हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। परिजन गोली लगने की बात छिपाते रहे लेकिन पोस्टमार्टम में पिस्टल की गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है की लखनऊ से पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगवा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला कटरा निवासी रमन गुप्ता (20) के सिर में रिवाल्वर रात करीब नौ बजे सिर में गहरा घाव हो गया था। पिता राजू गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी लाए थे। रक्तस्त्राव अधिक होने से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। वहां इलाज के दौरान रात में ही उसकी मौत हो गई थी। मोहल्ले में गोली लगने की चर्चा थी। लेकिन कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। बुधवार को शव का वहीं पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें सिर में रिवाल्वर से गोली लगने की पुष्टि हुई है। देर शाम शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। रमन माउंट आबू में रहकर सीए की पढ़ाई करता था। यह उसका तीसरा सेमेस्टर था। परिजनों के अनुसार वह चार माह से घर पर ही था। उसकी मौत से मां रीना, बड़ा भाई रजत समेत अन्य परिजन बेहाल हैं। नानामऊ घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगाकर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### गृह कलह से परेशान शिक्षक ने जहर खाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। पारिवारिक कलह से परेशान होकर शिक्षक ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत की खबर साथी शिक्षकों को मिलने पर वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। जहर से मौत की पुष्टि पर विसरा सुरक्षित किया गया है। कोड़वाली व कस्बा पुरवा के मोहल्ला जोतपुर निवासी दिलीपराज सिंह (53) उच्च प्राथमिक स्कूल पुरंदरपुर में इंचार्ज शिक्षक के रूप में तैनात थे। बुधवार को वह छुट्टी पर थे। दोपहर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उल्टियां शुरू हो गई। परिजन सीएचसी लाए। उपचार के दौरान दिलीपराज की मौत हो गई। डॉक्टर ने जहर खाने से मौत की बात पुलिस को बताई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शिक्षक की मौत से पत्नी पवनकुमारी, बेटा दीपांशु और बेटी दीपाली बेहाल हैं। पत्नी पवन कुमारी ने बताया कि बेटी की शादी की बात चल रही है। नवरात्र में वह फाइनल बातचीत होनी थी। मौत की सूचना पर शिक्षक नेता गजेंद्र वर्मा, रामजनम सिंह सहित अन्य शिक्षक पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि सीएचसी से शिक्षक के जहर खाने से मौत की खबर आई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### फोरलेन डिवाइडर पर लगे फ्लैक्स, होर्डिंग बैनर को किया ध्वस्त

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पालिका टीम के अलावा पुलिस फोर्स के साथ पालिका कार्यालय के सामने से फोरलेन डिवाइडर पर लगे फ्लैक्स, होर्डिंग, बैनर को ध्वस्त किया गया। अभियान को देख कुछ दुकानदारों ने अपने फ्लैक्स हटा लिये। वहीं कुछ लोग फ्लैक्स बचाने के लिये पालिका प्रशासन से गुहार लगाते रहे लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। इसी तरह पालिका कार्यालय तक दो घंटे तक अभियान चलाता रहा। जिसके बाद खत्म कर दिया गया। ईओ ने बताया कि आगे भी इसी तरह अभियान चलाया जायेगा। खास बात यह देखने को मिली, अभियान समाप्त होते ही लोग फिर अपने स्थानों पर काबिज हो गये।

### घंटे की कोतवाल ने निपटाए कई मामले

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मिश्रा कॉलोनी निवासी इंटर की छात्रा श्वेता चंद्रा को बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये एक घंटे का कोतवाली प्रभारी बनाया गया। इंस्पेक्टर राजकुमार ने श्वेता को एक घंटे के लिए थाने का प्रभार सौंपा। इस दौरान श्वेता चन्द्रा ने थाने में दर्ज मामलों के अभिलेखों को देखा और पुलिस द्वारा की गई कार्यवाई के बारे में जानकारी की। इस दौरान कोतवाली में आये फरियादियों की फरियाद सुनी। जिसके बाद उनका निस्तारण कराया। वहीं जिन मामलों का निस्तारण नहीं हो सका। उन्हें संबंधित दरोगाओं को निस्तारण के लिये सौंपा है।

### हेल्थ और हाइजीन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। ओमकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन जवाहर नगर में बुधवार को कन्याओं एवं महिलाओं के हेल्थ और हाइजीन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ अतिथियों एवं वक्ता विशेषज्ञों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष रो.डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने रोटरी तथा रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कन्या दिवस के उपलक्ष्य में आज यह कार्यक्रम रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रो.रिचा अग्रवाल ने रोटरी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर किये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.राशि मिश्रा ने बालिकाओं में होने वाले विभिन्न रोगों के विषय में चर्चा करते हुए इनसे बचाव के बारे में बताया। सामाजिक कार्यकर्ता अनुराधा सिंह द्वारा बालिकाओं के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। कार्यक्रम में ओमकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन के अध्यक्ष डॉ.अंगद सिंह, प्रबंध निदेशक पूजा अवस्थी, रो.बी.एन.आचार्य, रो.गोपाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।



# रामसहाय कॉलेज के समीप नगरपालिका का कूड़ाघर, दिनभर धुआंदार गंध से राहगीर परेशान

* शिवराजपुर नगर पंचायत कूड़ा घर बीमारियों को दावत दे रहा है

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर नगर पंचायत से उठाए गए कचड़े ,सील्ड को अधिकारियों के निर्देश पर सफाई कर्मचारी कस्बे के सटे इण्टर कॉलेज के पास ढेर के रूप में एकत्रित करने में जुटे है।जिस जगह कचड़ा सील्ड कूड़ा को एकत्रित किया गया है उसकी कुछ ही दूरी पर विद्यालय में हजारों की तादात में छात्र छात्राए पढ़ने के लिए जाते है।लेकिन नगर पंचायत के अधिकारी उनकी बिना परवाह करते हुए विद्यार्थियों की जान से खिलवाड़ करने में जुटे है। जबकि लाखो की लागत से बाउंड्री कराकर (मधई नेवादा) गांव समीप कई बीघे में कूड़ा एकत्रित करने के लिए कूड़ा दान बनाया गया है लेकिन सफाई कर्मचारी वहां तक कूड़ा ले जाने में मुनासिफ नही समझते है। यही कारण है की रोजाना हजारों लोगों के स्वासों में जहरीला धुंआ घुसकर बीमारी को दावत दे रहा है। कस्बे के सटे राम सहाय इंटर कॉलेज के पास नाले में कई महीनों से कस्बे से उठने वाला सील्ड कूड़ा करकट सफाई कर्मचारी वहा एकत्रित कर उस कूड़े के ढेर को जला दिया गया है।कूड़े से निकलने वाला जहरीला धुआं अब राहगीरों और विद्यार्थियों के लिए जान की जहमत बनकर सामने उभर रहा है।लेकिन अधिकारियों को इसकी बिना परवाह के धडल्ले से अभी भी गाड़ियों से कूड़ा उठाकर वही जमा करने में जुटे है।




# कल्याणपुर ब्लॉक के सदन में महिला आरक्षण को लेकर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

क्षेत्र पंचायत कल्याणपुर में महिला आरक्षण बिल पारित होने पर प्रधानमंत्री मोदी जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए कल्याणपुर ब्लाक प्रमुख श्री मती अनुराधा अवस्थी के साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित दिनेश अवस्थी ने सदन की बैठक में मौजूद सभी महिला शक्ति को धन्यवाद दिया है। सदन की बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति के उत्थान का कार्य कर रहे हैं। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद देश की महिलाओं को एक नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक के दौरान ए0डी0ओ0पी0पी0 एस ए पांडे, ए0डी0ओ0 सहकारिता पंकज सहाय, जेई आर पालीवाल, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पुनीत सहरा एवं सभी ग्राम प्रधान व सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य गण सभागार में उपस्थित रहे।

# चोरी करने वाले को ग्रामीणों ने माल समेत पकड़ कर पुलिस को सौंपा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आसीवन थाना क्षेत्र के कमलापुर पंचायत भवन का बीती रात ताला तोड़ कर चोरों ने लगभग एक लाख रुपये का सामान पार कर दिया। ग्रामीणों ने एक चोर को माल सहित पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया पुलिस पूछताछ कर रही है। ब्लाक मियागंज के ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर के प्रधान चंद्र प्रकाश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि कमलापुर पंचायत भवन से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दो बैटरा, इन्वर्टर और यूपीएस सहित लगभग एक लाख रुपये का सामान उठा ले गये। ग्रामीणों ने गांव के ही सचिन सिंह पुत्र महेंद्र सिंह उर्फ गोलू को चोरी हुए सामान सहित पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया तहरीर मिली है। एक युवक को पकड़ा गया है पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है।



# 12 फीट लंबा अजगर दिखने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पासाखेड़ा में बुधवार 12 फीट लम्बे व 40 किलो वजनी अजगर दिखने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित परिवेश में पहुंचाया। बुधवार की सुबह कोतवाली के गांव पासाखेड़ा के राकेश पाठक पुत्र भैरव प्रसाद ने अपने धान की फसल कम्बाईन मशीन से कटवाई थी।जिसकी पराली समेटने वह खेत पर गया था। जहाँ पर पराली को इकट्ठा करते समय उसके नीचे बैठे भारी भरकम अजगर को देखकर वह चिल्लाया।जिसकी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।मौके पर पहुंचे वन विभाग की वन रक्षक रेनू यादव व बीट इंचार्ज बलराम यादव आदि ने काफी मशक्कत बाद अजगर को पकड़ लिया। वन दरोगा अंतरसिंह ने बताया कि करीब 12 फीट लम्बा व 40 किलो वजनी अजगर को पकड़कर वन विभाग नवाबगंज भेजा गया है।




# शिवराजपुर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम राजकीय विद्यालय में संपन्न हुआ

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बा स्थित राम सहाय राजकीय महाविद्यालय बैरी मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ अपर्णा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सौरभ पोरवाल की दिशा निर्देशन में छात्र छात्राएं अपने घरों से मिट्टी या चावल लेकर आए जिसको लेकर पांच प्रण की प्रतिज्ञा ली गई गई उपरोक्त मिट्टी और चावल को अमृत कलश में रखा गया और अमृत कलश यात्रा निकल गई इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया प्राचार्य ने बच्चों को देश के बारे में और मेरी माटी मेरा देश का उद्देश्य क्या है इसके बारे में बच्चों को गहनता से समझाया उन्होंने बताया कि हमारे जिन घरों से फौजी शहीद हुए हैं उन क्षेत्र और उन गांव की मिट्टी हम एक जगह एकत्र कर रहे हैं जो बलिदानी के रूप में देश के लिए कभी भी अपने देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार रहे हैं हमें उनको याद करके यह कार्यक्रम किया गया है जिसको सफल बनाने के लिए सभी ने अपना-अपना अथक प्रयास किया है हमें अपने बुजुर्गों द्वारा किए गए त्याग को याद दिलाती है और उन्हीं के पद चिन्हों पर पर चलने को विवश करती है। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ अपर्णा सिंह, प्रोफेसर डॉ मोहम्मद अखलाक अखलाक, डॉ सुमन शुक्ला, डॉ नीलम सोनी राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# बिषधन, ककवन में चिलचिलाती धूप में सपाई इंतजार करते रहे, नहीं पहुंचे अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में आधा दर्जन जगह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पूर्व नियोजित कार्यक्रम अचानक बुधवार को दोपहर बाद कैंसिल हो जाने से समर्थक मायूस होते नजर आए लेकिन विषधन कस्बे में शाम 4ः00 बजे तक चिल्लाती धूप में समर्थक अपने नेता का दीदार करने के लिए तरसते रहे बाद में संशोधित प्रोटोकॉल का पत्र जब व्हाट्सएप पर आने लगा तो मायूस के बीच कुछ उम्मीद के साथ में समर्थक अपने-अपने घरों को चले गए कि आज नहीं तो कल जरूर आएंगे वहीं पर मौजूद विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने सभी समर्थकों को समझा बूझकर घर भिजवाया और कहा कल हमारे नेता जरूर आप लोगों के बीच में होंगे लखनऊ में किसी बात को लेकर झड़प हो गई और उसकी वजह से प्रोग्राम कैंसिल हो गया था । पुनः गुरुवार को नेता हम सबके बीच में होंगे। बिल्हौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने मौजूद जन मानस को समझाते हुए कहा कि हम सबके नेता हैं हम सबके साथ में किया हुआ वादा जरूर पूरा करेंगे अगर उन्होंने कहा है तो अवश्य आएंगे सभी लोग धैर्य रखें गुरुवार को हम सब के बीच होंगे। विधानसभा अध्यक्ष इंजिनियर विनय यादव के नेतृत्व में सैकड़ो समाजवादी साथी स्वागत में खड़े रहे साथ पूर्व प्रत्यशी रचना सिंह गौतम ज़ोनल अध्यक्ष बिषधन प्रदीप राजपूत, विनोद राजपूत, डां राम सिंह वर्मा, तेज पाल राठौर, विजय वीर प्रधान, चुन्नी लाल गौतम सेक्टर अध्यक्ष,राजेंद्र राजपूत, विमल कोरी, सुनील गौतम, मोती लाल वर्मा पूर्व प्रधान, मेवा लाल गौतम विधानसभा महासचिव आदि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# मोहान विधायक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रतिनिधियों को सौंपा किट के साथ प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज/उन्नाव

विकासखण्ड सभागार में एनजीओ द्वारा आयोजित जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य पंचायत सहायक सहित सरकारी व गैर सरकारी कार्मिकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रतिनिधियों को किट व प्रमाण पत्र दिए तथा लघु सिंचाई विभाग द्वारा 25 किसानों को पंपिंग सेट वितरित किये। विधायक ने कहाकि जीवन मे जल की बहुत महत्ता है हम सभी का दायित्व है कि अगली पीढ़ी के लिए हम जल का संचयन करें। बेवजह जल की बर्बादी न करें क्योंकि जल सिर्फ बचाया जा सकता है बनाया नही जा सकता है। कहा हमारी सरकार की मंशा है कि प्रत्येक घर को नल से शुद्ध पेय जल उपलब्ध हो। जिसके लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत बहुत तेजी से काम किया जा रहा है। वहीं किसानों की समृद्धि के लिए सरकार कदम से कदम मिला कर चल रही है। किसानों की लागत कम करके उपज बढ़ाने व फसल का सही दाम किसानों को मिले इसके लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने सरकार की हर घर नल से जल पहुचाने की योजना को जनमानस के लिए वरदान बताया कहा कि अधिकांश बीमारियां शुद्ध जल न पीने की वजह से फैलती हैं। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत जो जल घरों में पहुंचाया जाएगा वह बहुत ही शुद्ध होगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी से जल बचाने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस प्रभारी बीडीओ डॉ राममोहन मीणा, एडीओ आइएसबी मनोज कुमार सहित जल जीवन मिशन तथा लघु सिंचाई विभाग के कर्मचारी ग्राम प्रधान बीडीसी व पंचायत सहायक मौजूद रहे।



# मिशन शक्ति दीदी अभियान: छात्रा मानसी विमल बनीं एक घण्टे की कोतवाल



जन एक्सप्रेस/नवाबगंज/उन्नाव

* मानसी विमल को एक घण्टे के लिये अजगैन कोतवाली का थाना प्रभारी बनाया गया

अजगैन कोतवाली पर मिशन शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत छात्रा को एक घण्टे के लिये थाना प्रभारी बनाया गया। इस दौरान छात्र ने तीन जन समस्याओं का निस्तारण किया।

मिशन शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत बुधवार को अजगैन कस्बा स्थित सुरजा देवी बालिका इंटर कालेज की कक्षा 10 की छात्रा मानसी विमल को एक घण्टे के लिये अजगैन कोतवाली का थाना प्रभारी बनाया गया। इस दौरान छात्र ने मीरा पत्नी आनन्द द्वारा दहेज की मांग व मारपीट का लगाए गये आरोप पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया। वही सुशीला पत्नी राजू द्वारा पड़ोसी पर मार पीट के प्रार्थना पत्र पर जांच कर कार्यवाई के निर्देश दिये व जनसार निवासी बिहारी के पुत्र की गुमशुदी की जांच के मौखिक आदेश दिये। इस दौरान कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह, प्रधानाचार्य अंकित श्रीवास्तव, शिक्षिका शालू शर्मा सहित महिला आरक्षी कु विमल व गुड़िया मौजूद रही।

# हाफिज हसीन के घर प्रोग्राम कैंसिल होने से आए सदमे में कार्यकर्ताओं /अधिकारियों ने समझाया

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर




बिल्हौर नगर पालिका में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बुधवार को आगमन का प्रोटोकॉल था जिसके तहेज हाफिज हसीन ने अपने घर पर टेंट शामियाना और बैठने से लेकर कालीन आदि की व्यवस्थाएं कर सजावट कर रखी थी अचानक समय 3ः00 बजे का था समय पूरा होने से पहले ही व्हाट्सएप ग्रुपों पर प्रोग्राम कैंसिल के मैसेज चलने लगे वहां पर मौजूद भीड़ ने जब उनसे पूछा तो उनकी आंखें नम हो गई और वह कहने लगे मेरी शादी में भी इसी तरह से प्रोग्राम कैंसिल हो गया था। समर्थकों मे सरदार टेलर, विनय यादव, रचना सिंह, बबलू खां आदि ने समझाया और वहां पर मौजूद एलआईओ टीम एके सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी उनसे कहा कि प्रोग्राम आज नहीं तो कल का प्रोटोकॉल आ गया है । आप हौसला रखें मायूस ना हो और घर के कमरे में बिस्तर पर लेटी मां इशरत जहां के पास में जो आता सभी से यही पूछती की कब आएंगे जब उन्हें बताया गया कल जरूर आएंगे तो वह खुशी से उठकर बैठ गई। वही आंगन में एक बच्चा टोपी और झंडा लिए घूम रहा था जब उसके पिता ने कहा रख दो कल आएंगे तो वह रोने लगा और उसने अपनी टोपी और झंडा नहीं उतारा वहीं पर मौजूद बुजुर्ग समर्थक दोपहर से ही कुर्सियों पर बैठे थे जब घर वापस जाने लगे तो नया प्रोटोकॉल आया तो वह भी थोड़ी देर के लिए और बैठ गए सब की बातचीत और हाल-चाल लेने के बाद अपने-अपने घरों को चले गए।

# इजराइली हमलों के बाद पूरे गाजा की बिजली ठप

## अस्पतालों में 2 दिन का ही इमरजेंसी बैकअप, इजराइल पर फास्फोरस बम दागने का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इजराइल-हमास जंग का पांचवें दिन अलजजीरा के मुताबिक, इजराइली हमलों के बाद पूरे गाजा में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। फिलिस्तीन की एनर्जी अथॉरिटी के चेयरमैन थाफर मेल्हेम ने वॉयस ऑफ फिलिस्तीन रेडियो को बताया कि गाजा पट्टी के एकमात्र पावर प्लांट में ईंधन खत्म हो गया है। इससे पूरे इलाके की बिजली सप्लाई रुक गई है। अस्पतालों की इमरजेंसी लाइट सिर्फ 2 दिन चल सकेगी। 9 अक्टूबर को गाजा बॉर्डर पर कब्जे के बाद इजराइल ने गाजा तक होने वाली बिजली सप्लाई रोक दी थी। इसके पहले इजराइल पर फिलिस्तीन ने फास्फोरस बम दागने के आरोप लगाए हैं। फिलिस्तीन की न्यूज एजेंसी वाफा के मुताबिक, इजराइली सेना ने गाजा से लगे हुए अल-करामा शहर पर इजराइल ने प्रतिबंधित फास्फोरस बम का इस्तेमाल किया। ये बम जिस इलाके में गिरते हैं वहां ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। इसके कण इतने छोटे होते हैं कि मानव शरीर में घुस जाते हैं।



### बाइडेन ने इजराइल के लिए मदद दोगुना करने की घोषणा की

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से युद्ध के हालात की जानकारी ली। बाइडेन ने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस से अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका इजराइल के साथ है। इजराइल में एक हजार लोगों की अमानवीय तरह से हत्याएं की गई हैं। इनमें 14 अमेरिकी नागरिक मारे गए। इजराइल में नरसंहार हुआ है। इजराइल को इस हमले का जवाब देने का अधिकार है।

### गाजा में यूएन के 9 कर्मचारी मारे गए

इजराइल और हमास की जंग में अब तक 2,150 लोगों की मौत हुई है। इनमें से करीब 1,200 इजराइली हैं। वहीं अब तक करीब 950 फिलिस्तीनियों ने भी जान गंवाई है। गाजा पर इजराइल के हमले में ह के 9 कर्मचारी मारे गए हैं।

### गाजा के पावर प्लांट में 9 घंटे का फ्यूल बचा

फिलिस्तीन की एनर्जी अथॉरिटी के चेयरमैन थाफर मेल्हेम ने वॉयस ऑफ फिलिस्तीन रेडियो को बताया कि गाजा पट्टी के एकमात्र पावर प्लांट में 9 घंटे का ईंधन बचा है। इसके पूरे इलाके की बिजली सप्लाई रुक जाएगी। 9 अक्टूबर को गाजा बॉर्डर पर कब्जे के बाद इजराइल ने गाजा तक होने वाली बिजली सप्लाई रोक दी थी।

# पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड की पाक में हत्या

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पठानकोट हमले के मास्टमाइंड शाहिद लतीफ की पाकिस्तान के सियालकोट की मस्जिद में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शाहिद लतीफ एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लतीफ पर अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाईं। 2 जनवरी, 2016 को जैश के आतंकियों ने पठानकोट में एयरबेस पर हमला कर दिया था। इसमें 7 जवान शहीद हो गए थे। 36 घंटे एनकाउंटर और तीन दिन तक कॉम्बिंग ऑपरेशन चला था। शाहिद लतीफ आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एक प्रमुख सदस्य था। उसने ही चारों जैम आतंकवादियों को पठानकोट भेजा था। लतीफ पर उन आतंकियों में भी शामिल होने का आरोप है, जिन्होंने 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान को अगवा किया था। लतीफ को नवंबर 1994 में भारत में गिरफ्तार किया गया था, और मुकदमा चलाया गया था। भारत में सजा पूरी होने के बाद 2010 में उसे वाघा के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया गया था। एनआईए के मुताबिक लतीफ 2010 में अपनी रिहाई के बाद पाकिस्तान में जिहादी फैक्ट्री में वापस चला गया था। एयरबेस पर यह हमला 2 जनवरी 2016 को हुआ था। भारतीय सेना की वर्दी में आए हथियारबंद आतंकियों ने इसे अंजाम दिया था। वे सभी भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर रावी नदी के रास्ते आए थे।







### जन एक्सप्रेस समाचार नित्य खबर पहुंचाएं सभी के पास

न पक्ष में न विपक्ष में,
खरा-खरी कहता यह सच में,
रहता नित्य सभी के हाथ,
सत्य और प्रमाणिकता के साथ ।

सभी घटनाओं पर यह रखता
नजर, बना दबे कुचलो का आवाज
यह , सभी समस्याओं को यह
उठाता, सभी को है इस पर
विश्वास।

ज्ञान विज्ञान खेल या हो
समसामयिक, संपादकीय इसका
मुख्य आधार , सभी आयु वर्ग का
ध्यान यह रखता नित्य स्थापित
करता नव कृतिमान।

पंद्रह वर्ष का नव युवा है यह
सभी के दिल को छुआ है यह ,
अपनी श्रेष्ठता और प्रमाणिकता
रखेगा यह आगे भी बरकरार ।

सभी पाठकों का नमन और
वन्दन, सुचना देने वालों का
अभिनन्दन , हमारा शुभकामना
एवं बधाई है प्रकाशक मंडल और
सम्पादक संग।



नरेन्द्र कुमार
बचरी, अखगॉव, संदेश, बिहार




# बालासोर ट्रेन हादसा, 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार हुआ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे के 4 महीने बाद 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। भरतपुर शवागार में मंगलवार शाम से शुरू हुई प्रक्रिया बुधवार सुबह पूरी हो गई। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी भी मौजूद रहे। एम्स भुवनेश्वर ने नगर निगम को सभी डेड बॉडी डिस्पोज करने की जिम्मेदारी दी थी। पहले तीन शवों को तीन महिलाओं ने मुखाग्नि दी। मधुमिता प्रुस्टी (37), स्मिता मोहंती (53) और स्वागतिका राव (34) ने बताया- ये शव पुरुषों के थे या महिलाओं के, इनका धर्म या जाति क्या थी हम नहीं जानते। वे इंसान थे और इसी नाते हमने उन्हें सम्मान के साथ विदा किया। हो सकता है ये लोग पूर्वजन्म में हमारे संबंधी रहे हों। बीएमसी की मेयर सुलोचना दास ने बताया- ये शव पिछले चार महीने से डीप फ्रीजर में रखे-रखे बर्फ में तब्दील हो गए थे। पहचान करना मुश्किल था कि शव महिला का है या पुरुष का। शवों को मुखाग्नि देने और बाद में फूल चुनने के लिए एक एनजीओ की मदद ली गई। इसी साल 2 जून को बालासोर में 3 ट्रेनों की टक्कर में 297 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए। कई लोगों की पहचान डीएनए टेस्ट के आधार पर की गई। हालांकि, जून से 28 शव एम्स में ही रखे हुए थे। इन शवों को पारादीप पोर्ट ट्रस्ट से खरीदे गए 5 डीप फ्रीजर कंटेनरों में रखा गया था।

### ऐसे हुआ था हादसा

2 जून की शाम को चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस मेन लाइन की बजाय लूप लाइन में चली गई, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। कोरोमंडल और मालगाड़ी की कुछ बोगियां बगल के ट्रैक पर बिखर गईं। इसके थोड़ी देर बाद ही ट्रैक पर बिखरे डिब्बों से हावड़ा-बेंगलुरु एक्सप्रेस टकरा गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए। सीबीआई ने 7 जुलाई को सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार गिरफ्तार किया था। इन तीनों पर गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने का आरोप है। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। साथ ही एजेंसी ने 6 सितंबर को 7 रेलवे अफसरों को सस्पेंड कर दिया, जिनमें गिरफ्तार हुए 3 कर्मचारी भी शामिल हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)